★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक: 883 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, शनिवार, 23 अगस्त 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



अनियंत्रित बस ने भीड़ को रौंदा, पांच की मौत

# ऑर्केस्ट्रा देख रहे ग्रामीणों को बस ने रौंदा, पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया**। पश्चिमी चंपारण में एक बस बेकाबू होकर ऑर्केस्टा देख रहे लोगों की भीड़ में घुस गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना लौरिया थाना क्षेत्र की है। यहां देर रात भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आई। बेतिया-लौरिया मुख्य मार्ग पर पराउ टोला बनकटवा के समीप तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि बनकटवा निवासी शत्रुघ्न दुबे के घर बच्चे के छठियार का कार्यक्रम चल रहा था। इसी मौके पर सड़क किनारे आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान गोरखपुर की तरफ से बेतिया जा रही एक यात्री बस और सामने से आ रहे ट्रक के बीच टक्कर से बचने की कोशिश में बस अनियंत्रित हो गई और सीधे कार्यक्रम स्थल में जा घुसी। बस की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए।

**छह दिन के बच्चे से छिना पिता का साया**

मृतक के परिजनों के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों की पहचान बनकटवा निवासी बहादुर महतो, संजय कुमार, भोला दुबे, देवेंद्र दुबे और छांगुर राम के रूप में बताई जा रही है। हालांकि, स्थानीय पुलिस की ओर से अभी तक मृतकों की संख्या पांच होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस हादसे की सबसे दर्दनाक तस्वीर यह है कि मृतकों में देवेंद्र दुबे भी शामिल हैं, जिनके बच्चे का छठियार कार्यक्रम उसी वक्त चल रहा था। जिस घर में बच्चे के आने की खुशी मनाई जा रही थी, वहां देखते ही देखते मातम पसर गया। घटना की सूचना मिलते ही लौरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए बेतिया जीएमसीएच भेजा गया। घायलों में विनय कुमार यादव, श्याम बाबू, मोती चंद्र महतो और नरेश राम समेत अन्य लोग शामिल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी और मृतक के भाई जयप्रकाश महतो के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान अचानक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर आर्केस्ट्रा में घुस गई, जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और कई लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बस और ट्रक में तोड़फोड़ भी की। स्थिति को देखते हुए नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेजने की कार्रवाई की है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। एक तरफ बच्चे के छठियार की खुशियां थीं, दूसरी तरफ सड़क पर मौत का ऐसा मंजर आया कि पूरा गांव मातम में डूब गया। हादसे ने सड़क किनारे आयोजित कार्यक्रमों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सांसद-विधायकों के फोन पर तुरंत जवाब देंगे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना**। बिहार में जनप्रतिनिधियों की ओर से अधिकारियों द्वारा फोन कॉल अटेंड नहीं करने की शिकायतों के बीच सरकार ने प्रोटोकॉल सख्त कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नौकरशाहों को कार्यप्रणाली में सुधार करने का निर्देश दिया है। सरकार ने सांसदों और विधायकों के सम्मान और प्रोटोकॉल को लेकर



अधिकारियों के लिए नियम कड़े किए हैं। अब किसी सांसद या विधायक का फोन आने पर संबंधित अधिकारी को तुरंत जवाब देना होगा। फोन रिसीव नहीं कर पाने की स्थिति में जल्द से जल्द वापस संपर्क करना होगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर अधिकारियों को प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। सरकार का कहना है कि जनप्रतिनिधि जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर अधिकारियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में उनके फोन और संदेशों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। जनहित से जुड़े उचित मामलों में आवश्यक कार्रवाई करना और इसकी जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधि को देना भी जरूरी होगा। नए निर्देश में अधिकारियों को सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर समन्वय बनाए रखने को कहा गया है।




# तीन छात्राओं की तबीयत बिगड़ी, दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सीतामढ़ी**। बाजपट्टी थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में शुक्रवार को कोचिंग से घर लौटने के बाद तीन छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन तीनों को इलाज के लिए अलग-अलग निजी क्लीनिक और अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान दो किशोरियों की मौत हो गई, जबकि तीसरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, तीनों छात्राएं रोज की तरह कोचिंग पढ़ने गई थी। घर लौटने के बाद उन्हें अचानक कमजोरी और बेचैनी महसूस हुई। कुछ ही देर में तीनों बेहोश हो गई। इसके बाद परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। 15 वर्षीय किशोरी को एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, 16 वर्षीय दूसरी किशोरी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन शव को लेकर गांव लौट आए। तीसरी छात्रा का इलाज निजी क्लीनिक में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और चिकित्सक उसकी निगरानी कर रहे हैं। बाजपट्टी पीएचसी के चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने छात्राओं के लक्षणों को देखते हुए किसी जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई है। हालांकि, तबीयत बिगड़ने और मौत की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार कोचिंग से लौटने के बाद छात्राएं अचानक बीमार पड़ीं और कुछ ही देर में बेहोश हो गईं। उन्होंने जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जताई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली। पुलिस छात्राओं के अचानक बीमार पड़ने और दो की मौत के कारणों की जानकारी जुटा रही है। मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम और मेडिकल जांच से स्पष्ट हो सकती थी, लेकिन परिजनों ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों के लिखित आवेदन के बाद पुलिस ने शव उन्हें सौंप दिए। बाजपट्टी थानाध्यक्ष अमृत पाल ने बताया कि घटना की जानकारी परिजनों और ग्रामीणों से मिली है। सीतामढ़ी अस्पताल से भी घटना की जानकारी पुलिस को मिली। परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अभी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है।

# 25 अगस्त को विधानसभा घेराव का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना**। बिहार में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ी, लंबित नियुक्तियों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर पटना के गर्दनीबाग में चल रहा शिक्षा सत्याग्रह 2.0 तेज हो गया है। पिछले पांच दिनों से छात्र नेता अमन यादव आमरण अनशन पर बैठे हैं। शुक्रवार शाम बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव गर्दनीबाग धरना स्थल पहुंचे और अमन यादव से मुलाकात की। उन्होंने छात्र नेताओं की मांगों का समर्थन करते हुए 25 अगस्त को प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम का भी समर्थन किया। तेजस्वी ने सरकार पर युवाओं को गुमराह करने और रोजगार देने में विफल रहने का आरोप लगाया। अमन यादव ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही गड़बड़ियों से छात्रों में आक्रोश है। उन्होंने BPSC 70वीं परीक्षा में कथित धांधली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जिन अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका लगभग खाली रहने की बात सामने आई, वे भी टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रहे।

## एक नजर

### सीमेंट फैक्ट्री में टरबाइन ब्लास्ट, तीन इंजीनियरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़**। जिले के बरकाकाना स्थित मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात फैक्ट्री में बीती देर रात प्रोडक्शन के दौरान टरबाइन ब्लास्ट हो गया। इसके बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और अफरा-तफरी मच गई। हादसे में झुलसने से तीन इंजीनियरों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान रांची निवासी 50 वर्षीय संजीव कुमार केसरी, बोकारो के जगेश्वर बिहार निवासी 25 वर्षीय विनीत महतो और गढ़वा निवासी 24 वर्षीय अभिषेक पांडे के रूप में हुई है। घायल मजदूर हजारीबाग निवासी तरुण रजवार को रामगढ़ के स्थानीय होप अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्लास्ट और आग की सूचना मिलते ही चार-पांच दमकल गाड़ियों के साथ कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर मौजूद आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने फैक्ट्री प्रबंधन पर सुरक्षा मानकों में चूक का आरोप लगाया। दिलीप दांगी ने जिला प्रशासन से मांग की कि मृतकों के परिजनों को प्रति व्यक्ति एक करोड़ रुपये मुआवजा और नौकरी दी जाए।

### ट्रेन की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की मौत

**पटना**। लोहा पुल के पास ट्रेन की चपेट में आने से करीब 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पटना साहिब जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद काफी देर तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस पहचान कराने में जुटी थी। इसी दौरान सहायक सब इंस्पेक्टर बृज किशोर पांडे की नजर युवक के हाथ पर पड़ी। हाथ पर नाम और मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। जीआरपी ने मोबाइल नंबर के आधार पर परिजनों से संपर्क किया। सब इंस्पेक्टर मन्नू कुमार ने नंबर पर बात की। इसके बाद मृतक की पहचान सौरभ कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिव कुमार प्रसाद, निवासी नवी नगर गांव, थाना दीपनगर, जिला नालंदा के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सौरभ सुन और बोल नहीं सकता था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन पटना के लिए रवाना हुए। जीआरपी मामले की जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि सौरभ रेलवे ट्रैक के पास कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आया।

### अपहृत कारोबारी सकुशल बरामद, चार गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। बिहार और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुर्गी दाना कारोबारी चंदन कुमार को महज आठ घंटे के भीतर सकुशल मुक्त करा लिया गया। पुलिस ने इस मामले में चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर उनके पास से एक वाहन और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं। 19 अगस्त को मिठनपुरा थाना क्षेत्र निवासी श्वेता कुमारी ने पति चंदन कुमार के अपहरण और 10 लाख की फिरौती मांगे जाने की शिकायत दर्ज कराई। अपराधियों ने परिजनों को वीडियो कॉल पर व्यवसायी के साथ मारपीट का दृश्य दिखाकर रकम न मिलने पर हत्या की धमकी दी थी। परिजनों ने इस वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर पुलिस को सौंपा। तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कारोबारी की लोकेशन उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के हल्दी थाना क्षेत्र में ट्रेस की। इसके बाद दोनों राज्यों की पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर एक सुनसान खंडहरनुमा मकान में बंधक बनाए गए चंदन कुमार को छुड़ा लिया। पुलिस ने मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# स्मैक तस्करी के आरोप में भाई-बहन गिरफ्तार


## 58 हजार नकद और 11 मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार**। नशे के कारोबार के खिलाफ कटिहार पुलिस की कार्रवाई के दौरान मुफस्सिल थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी के आरोप में एक भाई-बहन को गिरफ्तार किया है। रामपुर गांव में छापेमारी के दौरान दोनों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामपुर गांव निवासी 28 वर्षीय विवेकानन्द यादव उर्फ विक्रम कुमार और 26 वर्षीय डौली कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के पास से 28 ग्राम स्मैक, 58,020 रुपये नकद और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, मुफस्सिल थानाध्यक्ष को रामपुर गांव में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही एक युवक और युवती भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन दोनों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से स्मैक, नकद और मोबाइल फोन बरामद हुए। एक साथ 11 मोबाइल मिलने के बाद पुलिस इनके इस्तेमाल और दोनों के संपर्कों की जांच कर रही है। सदर डीएसपी विशाल आनंद ने बताया कि रामपुर गांव में मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना पर छापेमारी की गई थी। कार्रवाई में एक युवक और युवती गिरफ्तार हुए हैं। दोनों की तलाशी में 28 ग्राम स्मैक, 11 मोबाइल फोन और करीब 58 हजार रुपये नकद बरामद हुए हैं।

# चीनी की बढ़ती कीमतों पर सरकार सख्त, जमाखोरी रोकने को देशभर में स्टॉक सीमा लागू

**नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। चीनी की बढ़ती कीमतों और त्योहारों के मौसम में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। 20 जुलाई 2026 को चीनी की कीमत 48.18 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो 20 अगस्त को बढ़कर 55.70 रुपये हो गई। सरकार ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के लिए एथेनॉल उत्पादन को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। सरकार के अनुसार एथेनॉल के लिए इस्तेमाल होने वाली चीनी का हिस्सा 2022-23 में करीब 12 प्रतिशत से घटकर 2025-26 में 9 प्रतिशत रह गया है। उत्पादित एथेनॉल का करीब तीन-चौथाई हिस्सा अब अनाज, विशेषकर मक्के से आता है। कीमतों में वृद्धि के प्रमुख कारण कम घरेलू उत्पादन, त्योहारों से पहले बढ़ी मांग, मौसम से गन्ने को नुकसान, वैश्विक आपूर्ति में कमी तथा सट्टेबाजी और जमाखोरी हैं। वर्तमान सत्र में चीनी उत्पादन करीब 306 लाख टन रहने का अनुमान है, जबकि शुरुआती अनुमान 343 लाख टन था। गन्ने में रेड रॉट, टॉप बोरर बीमारी और अधिक बारिश से जलभराव ने उत्पादन प्रभावित किया है। इसके बावजूद अक्टूबर में नए पेराई सत्र तक घरेलू मांग पूरी करने के लिए पर्याप्त भंडार है। वैश्विक स्तर पर 2026-27 में करीब 33 लाख टन चीनी की कमी का अनुमान है। अंतरराष्ट्रीय कीमत 30 जून के 474 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 20 अगस्त को 552 डॉलर हो गई। जमाखोरी रोकने के लिए 1 अगस्त से 30 नवंबर तक डीलरों पर 400 टन की भंडार सीमा लगाई गई है। 1 सितंबर से थोक उपभोक्ता 15 दिन की खपत से अधिक भंडार नहीं रख सकेंगे। सरकार ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति भी दी है। राज्यों और मिलों को 15 अक्टूबर से पेराई शुरू करने की सलाह दी गई है।



# मेगा जॉब फेयर : चार दिनों में 13,394 युवाओं को मिला रोजगार

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग और बिहार कौशल विकास मिशन की पहल रंग ला रही है। बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज, इंश्योरेंस, रिटेल एवं अन्य संबद्ध क्षेत्रों में आयोजित 'मेगा जॉब फेयर-2026' युवाओं के लिए रोजगार के बड़े मंच के रूप में सामने आया है। मेगा जॉब फेयर के चौथे दिन 9 हजार 500 से अधिक युवाओं ने इसमें भाग लिया जिनमें से विभिन्न कंपनियों के स्तर से 3 हजार 727 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वहीं, 19 अगस्त से शुरु मेले में अब तक 13 हजार 394 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। मेगा जॉब फेयर का नियुक्ति पत्र वितरण एवं समापन समारोह कल पटना के ज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। ऐसे में रोजगार की तलाश में जुटे युवाओं के लिए यह आयोजन न केवल चयन का मंच बना, बल्कि उनके करियर की नई शुरुआत का अवसर भी लेकर आया है। ज्ञान भवन में आयोजित मेगा जॉब फेयर में बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। देश के अलग-अलग हिस्सों से आई कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों की योग्यता और कौशल का आकलन किया। युवाओं ने आवेदन, साक्षात्कार और चयन की प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, बीमा, रिटेल समेत कई क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार अवसरों ने युवाओं को अपनी रुचि और योग्यता के अनुरूप करियर विकल्प तलाशने का अवसर दिया। खास बात यह रही कि युवाओं को रोजगार की तलाश में दूर-दराज के शहरों का रुख करने के बजाय एक ही मंच पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद और साक्षात्कार का अवसर मिला। मेगा जॉब फेयर का उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनके कौशल, योग्यता और उद्योग की जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना भी रहा। बदलते रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और करियर के अवसर उपलब्ध कराने पर विभाग का विशेष जोर है। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा कौशल विकास को रोजगार से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मेगा जॉब फ़ेयर इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां प्रशिक्षित एवं योग्य युवाओं को सीधे उद्योग और कंपनियों से जोड़ने का अवसर मिला।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने किया गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रुद्राभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने आज सावन शुक्ल पक्ष की पावन नवमी तिथि पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। मंत्री निशांत कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवलिंग पर जल, दुग्ध, गन्ना रस, डास, अनार, मौसमी सहित अन्य फलों के रस के अलावा बेलपत्र अर्पित कर रूद्राभिषेक किया और प्रदेश की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और जन-कल्याण के लिए प्रार्थना की। सावन मास में आयोजित इस रुद्राभिषेक में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हुए। इस अवसर पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणवीर नंदन भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सावन का महीना आस्था और आराधना का महीना है और स्वास्थ्य मंत्री का इस प्राचीन ठाकुरबाड़ी में आकर रुद्राभिषेक करना सनातन परंपरा के प्रति उनकी गहरी आस्था को दर्शाता है। पूजन के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर वहां अवस्थित विभिन्न देव विग्रह का भी दर्शन कर पूजा अर्चना की। साथ ही वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर मंदिर न्यास समिति के सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रुद्राभिषेक, भारतीय ज्ञान पद्धति का उत्कृष्ट उदाहरण : विजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार विद्यापीठ, कुर्जी, पटना में भारतीय संस्कृति एवं लोक शिक्षण परंपरा के अनुरूप श्रावणोत्सव रुद्राभिषेक अनुष्ठान का श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। अनुष्ठान का आयोजन पुरोहित पं. शम्भु झा के निर्देशन में वैदिक एवं पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं एवं बिहार विद्यापीठ परिवार के सदस्यों ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर लोकमंगल, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर का विशेष आकर्षण बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) द्वारा रचित महत्वपूर्ण पुस्तक 'भारतीय ज्ञान परम्परा और समग्र अधिगम' का लोकार्पण रहा। पुस्तक में रुद्राभिषेक को एक प्रकरण-अध्ययन के रूप में प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित ज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यावहारिक कौशल, संस्कार, मूल्य तथा समग्र अधिगम के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया गया है। पुस्तक यह दृष्टि प्रस्तुत करती है कि भारतीय पूजा, यज्ञ, व्रत एवं अनुष्ठान केवल धार्मिक आस्था के विषय नहीं हैं, बल्कि इनके माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी व्यवहारिक ज्ञान, सामाजिक अनुशासन, पर्यावरणीय चेतना, स्वास्थ्य-संबंधी परंपराएं, हस्तकौशल, सामुदायिक सहभागिता तथा नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का भी प्रसार होता रहा है।

# दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रही बिहार की नयी सरकार : सीता सिन्हा

## उद्योगों के लिए 50 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य तय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के विकास, राज्य की समृद्धि एवं जनता से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर बिहार सरकार लगातार केंद्रीय मंत्रियों से विमर्श कर व राज्य को विकास के नये पथ पर ले जाने के लिए अग्रसर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कुशल नेतृत्व में बिहार अपने बजट के विस्तार, पर्यटन विकास, जलाशयों का कुशल प्रबंधन, सड़क एवं सेतुओं के निर्माण, चीनी मिलों का जिर्णोद्धार एवं एक करोड़ लोगों को नौकरी एवं रोजगार के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के समन्वय के साथ आगे बढ़ने की दिशा में संकल्पित है। इस आशय का वक्तव्य देते हुए पूर्व मंत्री, बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री एवं रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज की प्राचार्या सीता सिन्हा ने



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अत्यंत कम समय में ही नये मुख्यमंत्री ने कमान संभालते ही पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार के विकास के विजन को न केवल त्वरित गति प्रदान की है, बल्कि युवा, महिला, किसान एवं रोजगार व उद्योग के लिए कई लोकहित के फैसले किये हैं जो कुछ ही समय में धरातल पर दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिहार के करीब दो लाख तीस हजार निर्धन वर्ग के लोगों को आवास मुहैया कराया है तथा जल्द ही लाखों अन्य लोगों को चिहिनत कर यह सुविधा जारी रखी जाएगी। उद्योगों के लिए 50 लाख करोड़ के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य तय कर कार्ययोजना पर काम शुरू हो चुका है और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यह साफ कर दिया है कि अब वे उद्योगों को ही बिहार की अर्थव्यवस्था का इंजन बनाना चाहते हैं। सीता सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार के चहुंमुखी विकास का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। रिवरफ्रंट डेवलपमेंट एवं अर्बन ग्रोथ कॉरिडोर के द्वारा गंगा पथ का विस्तार कोइलवर से लेकर मोकामा तक 142 किलोमीटर के हाईस्पीड कॉरिडोर के रूप में विकसित करना, पटना में एलिवेटेड बाईपास एवं अंडरग्राउंड रूट से मेट्रो का विकास, चीनी मिलों के पुनरुत्थान से बिहार को फिर से 'चीनी का कटोरा' बनाने का प्रयास एवं इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए चार्जिंग स्टेशनों से रोजगार सृजन आदि उनके दूरगामी सोच को दर्शाने वाले निर्णय हैं जो बिहार के विकास का मील का पत्थर साबित होगा। पूर्व मंत्री ने जोर देकर कहा कि कुछ राजनीतिक दल निहित स्वार्थ के लिए मुख्यमंत्री पर अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं, लेकिन हमलोगों को पूरा विश्वास है कि वे अपने अग्रिम कार्यों से ही उनको मुंहतोड़ जवाब देंगे।

# गन्ना मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** नए पेराई सत्र 2026-27 से पहले गन्ना का मूल्य 750 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग तेज हो गई है। बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री, गन्ना उद्योग विकास मंत्री, गन्ना सचिव और गन्ना आयुक्त को मेल भेजकर मामले में सीधे हस्तक्षेप की मांग की है। मोर्चा ने एक एकड़ गन्ना खेती की लागत का विस्तृत आंकड़ा भी सरकार के सामने रखा है। मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह और महासचिव प्रो. आनंद किशोर ने कहा कि सरकार चीनी मिलें शुरू कराने और गन्ना खेती को लेकर गंभीर है, लेकिन यही गंभीरता किसानों के हित में भी दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार खेती की समग्र लागत पर डेढ़ गुना मूल्य देने का वादा करती रही है जबकि किसानों को फिलहाल लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। मोर्चा ने किसानों के साथ विमर्श के बाद एक एकड़ गन्ना खेती का विस्तृत लागत आंकड़ा तैयार किया है. खेत की तैयारी, ईख बीज, बीज काटना-छीलना, कंपोस्ट, डीएपी, पोटाश, यूरिया, जिंक, कीटनाशक, नाला चिराई, रोपनी, निकौनी, जुताई, छिड़काव, मिट्टी चढ़ाना, बंधाई, रखवाली, कटाई, ढुलाई-लदाई और अन्य खर्चों को जोड़कर कुल लागत 1,23,130 रुपये बताई गई है। इस पर 4 प्रतिशत ब्याज जोड़ने के बाद लागत 1,28,055 रुपये होती है. वहीं जमीन की न्यूनतम कीमत 15 लाख रुपये प्रति एकड़ मानकर 4 प्रतिशत ब्याज के रूप में 60 हजार रुपये जोड़ने पर कुल लागत 1,88,055 रुपये पहुंचती है। मोर्चा के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में एक एकड़ में करीब 250 क्विंटल गन्ने के उत्पादन का अनुमान है. कुल लागत 1,88,055 रुपये को 250 क्विंटल उत्पादन से विभाजित करने पर लागत करीब 752 रुपये प्रति क्विंटल बैठती है।

# एनबीपीडीसीएल ने इंटर कंपनी टेबल टेनिस 2026 का खिताब जीता

## खेल कार्य करने की ऊर्जा को बढ़ाता है : ऊर्जा सचिव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** विद्युत भवन के इंडोर हॉल में आयोजित इंटर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2026 में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने विजेता टीम का खिताब जीता जबकि बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड उपविजेता रही। प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा दिखाई दी। टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2026 के प्रमुख परिणाम में मेन्स सिंगल का खिताब ओम प्रकाश ने जीता वहीं डबल्स के मेंस के विजेता के रूप में रंजीत कुमार और मनीष कुमार ने बाजी मारी। डबल्स के उपविजेता अजित प्रकाश और शक्ति सौरभ रहे। वहीं शानदार पारी खेलते हुए विमेन सिंगल की विजेता प्रीति रही एवं उपविजेता अनामिका रही। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनियों के बीच खेले गए मैच में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को हरा कर विजेता का खिताब जीता। इंटर कंपनी टेबल टेनिस टूर्नामेंट कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव और विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध निदेशक विशाल राज ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान किए। इस अवसर पर टेबल टेनिस की राज्य स्तर की दो प्रतिभावान खिलाड़ी कुमारी अनन्या और रियांशी गुप्ता को ऊर्जा सचिव ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

ऊर्जा सचिव ने कहा कि खेल से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ टीम भावना और अनुशासन का विकास होता है और ऐसे आयोजनों से कर्मचारियों में उत्साह व एकजुटता बढ़ती है वहीं कार्य करने की क्षमता बढ़ती है ।

# किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी के बीज एवं फसल सुरक्षा उत्पाद पेश




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के प्रभाग, श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने पटना में नए फसल सुरक्षा, हाइब्रिड सीड और वैजीटेबल सीड प्रोडक्ट्स लॉन्च किए। कंपनी ने फसल सुरक्षा पोर्टफोलियो में श्रीराम सेनकुशा और श्रीराम एडेलॉन पेश किए। श्रीराम सेनकुशा उच्च-मूल्य वाली कृषि एवं बागवानी फसलों को लेपिडोप्टेरन कीटों एवं थ्रिप्स से सुरक्षा प्रदान करता है जबकि श्रीराम एडेलॉन मक्का की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए पोस्ट-इमर्जेंस हर्बिसाइड है। हाइब्रिड सीड्स सेगमेंट में श्रीराम 9662 रबी मक्का हाइब्रिड लॉन्च किया गया, जो जल्दी बुवाई के समय शानदार परिणाम देता है। वहीं, वैजीटेबल सीड्स सेगमेंट में करेले का हाइब्रिड बीज श्रीराम साम्भा पेश किया गया जिसमें वायरल बीमारियों व डाउनी मिल्ड्यू के लिए बेहतर सहनशीलता है। संजय छाबड़ा, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और बिजनेस हेड, श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने कहा इन नए प्रोडक्ट्स का लॉन्च कृषि को नया आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# केवाइपी महाआंदोलन की तैयारी, पुराने केंद्रों के संचालन एवं तत्काल प्रशिक्षण की मांग : डॉ. आनन्द रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में कई महीनों से बंद पड़े कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों में प्रशिक्षण शुरू नहीं होने तथा पुराने केंद्रों के भविष्य को लेकर केंद्र संचालकों में भारी आक्रोश है। विभागीय अधिकारियों से लगातार संपर्क के बावजूद सकारात्मक निर्णय नहीं मिलने पर केंद्र संचालकों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। केंद्र संचालकों के अनुसार विभागीय मंत्री अरुण शंकर प्रसाद से जवाब मांगने के दौरान भी उन्हें स्पष्ट समाधान नहीं मिला। इसके बाद केंद्र संचालकों ने भाजपा कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। केंद्र संचालकों का कहना है कि उन्हें 24 घंटे में सकारात्मक निर्णय का

कुशल युवा कार्यक्रम

आश्वासन मिला था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ। वहीं विभाग की ओर से पुराने केंद्रों के स्थान पर नई टेंडर प्रक्रिया अपनाने की बात सामने आने से असंतोष और बढ़ गया है। केंद्र संचालकों ने कहा कि वर्षों से संचालित केंद्रों के पास आवश्यक आधारभूत संरचना, प्रशिक्षित मानव संसाधन और अनुभव मौजूद है। ऐसे में पुराने केंद्रों के नवीनीकरण के बजाय नई टेंडर प्रक्रिया अपनाना केंद्र संचालकों एवं कर्मचारियों के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। केंद्र संचालकों ने सरकार से मांग की कि केवाईपी केंद्रों में तत्काल प्रशिक्षण शुरू किया जाए, पुराने केंद्रों का नवीनीकरण किया जाए, लंबित भुगतान एवं प्रक्रियाओं का समाधान किया जाए तथा किसी भी नई टेंडर प्रक्रिया से पहले केंद्र संचालकों के साथ व्यापक संवाद किया जाए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 'केवाईपी बचाओ महाआंदोलन' के तहत विशाल धरना एवं प्रदर्शन की तैयारी की जा रही है। केंद्र संचालकों ने चेतावनी दी कि शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को राज्यव्यापी स्तर पर और व्यापक किया जाएगा।

# तेजी से बढ़ती आबादी को देख शहरों का विस्तार करना जरूरी : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पाटलिपुत्र ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के तत्वावधान में शनिवार को ऊर्जा ऑडिटोरियम में हितधारकों के साथ बैठक हुई। अध्यक्षता नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने की। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री मिश्रा ने कहा कि हमारे यहां शहर नहीं बढ़े जब आबादी बढ़ गई तो शहरों का विकास शुरू हुआ। तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए शहरों का विस्तार करना आवश्यक हो गया है। आज शहरों का फैलाव करने की जरूरत है। तभी आने वाली पीढ़ी को राज्य में रोजगार के अवसर मिलेंगे और उन्हें दूसरे राज्यों में जाने की नौबत नहीं आएगी। इसे देखते हुए राज्य में 12 नये ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बसाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की सहमति के बिना उसकी जमीन नहीं ली जाएगी। समय-समय पर लोगों के बीच जाकर हम अपनी इस योजना को बताएंगे। अगर कोई प्रयास किया जा रहा है तो उसमें सभी का सहयोग चाहिए। नगर विकास मंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के बारे में सभी को सोचना होगा।

# बी.डी. कॉलेज में 'नशामुक्त भारत अभियान' पर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बी.डी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी संयुक्त तत्वावधान में 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पटना के ब्रहमाकुमारी उमा बहन ने नशामुक्ति के लिए राजयोग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला जबकि ब्रहमाकुमारी साक्षी बहन ने उपस्थित लोगों को योग और ध्यान का अभ्यास कराया। भाई हरेन्द्र जी के द्वारा नशा की समस्या एवं नशामुक्ति पर विषय प्रवेश कराया



गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्र-छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और एक नशामुक्त, स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने अध्यक्षीय उद्बोधन में जोर देकर कहा कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार, शिक्षा, सामाजिक जीवन और राष्ट्र के विकास को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया कि ड्रग्स का एक बृहत लाखों करोड़ों का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार चल रहा है। उन्होंने कहा कि नशा मानव शरीर का नाश करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं, प्रतिभागियों से स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जागरूकता फैलाकर सकारात्मक बदलाव का वाहक बनने का आहवान किया। इस दौरान 'नशा छोड़ो - जीवन जोड़ो' और 'स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' जैसे नारे प्रमुखता से गूंजे। एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों को नशामुक्त जीवन को बढ़ावा देने की शपथ दिलाया गया। मंच का व्यवस्थित संचालन एनएसएस के प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ0 विजय शंकर विक्रम द्वारा किया गया। वही स्वागत भाषण एनएसएस की प्रोग्राम पदाधिकारी नीतू तिवारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन एक नशामुक्त भारत के निर्माण तथा समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

# भर्तृहरि स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का समापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के तत्वावधान में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 47 वां वाक्यपदीयकार महानीतिज्ञ भर्तृहरि स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य समापन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिविर में देश-विदेश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से जुड़े संस्कृत प्रेमियों ने अधिक संख्या में भाग लिया और सरल पद्धति से संस्कृत बोलने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के दौरान आयोजित भर्तृहरि स्मृति संस्कृत प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने महायोगी, वाक्यपदीयकार, महानीतिज्ञ भर्तृहरि के जीवन-दर्शन भारतीय संस्कृति में शतकत्रय (नीतिशतक, श्रृंगारशतक एवं वैराग्यशतक) तथा वाक्यपदीय पर संस्कृत में विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि नीतिशतक में नैतिकता सदाचार और लोक व्यवहार से संबंधित सौ श्लोक हैं, वहीं श्रृंगारशतक में प्रेम, सौन्दर्य तथा विलासता का सुंदर वर्णन है तथा वैराग्यशतक में संसार की नश्वरता और वैराग्य पर गहरा चिंतन है।

# कुलपति के नेतृत्व में शिक्षा, शोध और नवाचार का नया केंद्र बन रहा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने जनवरी 2024 से अब तक शिक्षा, शोध, नवाचार, कौशल विकास, डिजिटल गवर्नेंस और उद्योग-अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में नए स्कूलों, पाठ्यक्रमों और शोध केंद्रों की स्थापना के साथ विद्यार्थियों के लिए आधुनिक एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा का दायरा लगातार विस्तृत किया गया है। विश्वविद्यालय में सभी स्कूलों के शैक्षणिक मार्गदर्शन के लिए शैक्षणिक सलाहकार समिति का गठन किया गया। पत्रकारिता एवं जनसंचार, भूगोल, नदी अध्ययन, पाटलिपुत्र स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, खगोल विज्ञान और दर्शनशास्त्र जैसे केंद्रों को स्कूल के रूप में विकसित कर पठन-पाठन एवं शोध कार्य शुरू किए गए। वहीं कानून एवं विधि विज्ञान, प्रबंधन अध्ययन तथा शहरी नीति एवं सुशासन के लिए नए केंद्र स्थापित किए गए। शहरी नीति एवं सुशासन केंद्र बिहार में अपनी तरह की महत्वपूर्ण अकादमिक पहल के रूप में सामने आया है। उनके कार्यकाल में अकादमिक विस्तार के तहत नैनोसाइंस एवं नैनोटेक्नोलॉजी, नदी विज्ञान, जल संसाधन अभियांत्रिकी, जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग, अंतरिक्ष विज्ञान एवं खगोल विज्ञान, प्रबंधन, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, पत्रकारिता एवं संचार तथा भूगोल में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किए गए। फिल्म निर्माण, फोटोग्राफी, डिजिटल एवं ऑनलाइन पत्रकारिता, मीडिया लेखन तथा स्टेम सेल जीवविज्ञान एवं पुनर्योजी चिकित्सा जैसे रोजगार एवं शोध आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारंभ हुए। नैनोसाइंस के क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण पेटेंट प्रकाशन विश्विवद्यालय की शोध क्षमता को रेखांकित करते हैं।

# इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन नृत्यांजलि का भव्य आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता द्वारा इंटर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन नृत्यांजलि का भव्य आयोजन स्थानीय रविन्द्र भवन में किया गया। इस प्रतियोगिता में पटना के 13 स्कूलों के 300 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और अपनी अद्भुत नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पटना की महापौर सीता साहू, प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल शर्मिष्ठा बनर्जी, डॉ. पूनम चौधरी, सोम चक्रवर्ती, रामचंद्र गोल्डर, लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता की अध्यक्ष लायन सुनीता सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक बबिता सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में आयोजित किया गया जिसमें सेमि क्लासिकल, कंटेम्पररी एवं रीजनल डांस शामिल था। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और मनमोहक, प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।

# पीबीएल के राज्यस्तरीय कार्यशाला में सम्मानित हुए डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल टीम लीड केशव कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के विद्यालय स्तर पर प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के तत्वावधान में 20 एवं 21 अगस्त को पटना में दो दिवसीय राज्य स्तरीय आवासीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 6 से 8 के गणित एवं विज्ञान विषय में पीबीएल आधारित परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जिलों की उत्कृष्ट कार्य-पद्धतियों के आदान-प्रदान तथा तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन को मजबूत करना था। कार्यशाला में बिहार के 38 जिलों से प्रतिभागियों ने सहभागिता की। मुजफ्फरपुर से जिला शिक्षक शिक्षा समन्वयक मनोज कुमार, डिस्ट्रिक्ट टेक्निकल टीम लीड केशव कुमार एवं कुमार अभिषेक शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गार्गी कुमारी द्वारा दीप



प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना संजय कुमार, सहायक निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार चंदन द्विवेदी तथा राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना कौशल किशोर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पीबीएल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आपसी सीख-साझाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन मंत्रा फॉर चेंज की टीम द्वारा किया गया।

# अंतिम सोमवारी को गुप्ताधाम में होगी फूलों की वर्षा, डीएम ने किया निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता/विकाश शुक्ला**

**चेनारी (रोहतास)।** सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर ऐतिहासिक गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, दीपक कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज एवं वन पदाधिकारी पदाधिकारी, स्टालिन फिडल कुमार ने संयुक्त रूप से पनयारी घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम डॉ नेहा कुमारी, विशेष कार्य पदाधिकारी विनय प्रताप, यातायात उपाधीक्षक अमरकांत, प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव कुमार यादव एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के गुप्ताधाम पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन, सुगम आवागमन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने बताया कि पनयारी घाट से गुप्ताधाम जाने वाला मार्ग वन-वे रहेगा। श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए एक तरफ से श्रद्धालु गुप्ताधाम की ओर चढ़ाई करेंगे जबकि दूसरे मार्ग से नीचे लौटेंगे। इस दौरान अधिकारियों ने पनयारी घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और उनकी सुविधाओं एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मार्ग की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का भी जायजा लिया। जिला प्रशासन द्वारा सावन की अंतिम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम दर्शन उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

# मां तुतला भवानी चुनरी महोत्सव का भव्य आगाज, एकता और समाज सेवा का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** हलवाई समाज तिलौथू के तत्वावधान में शनिवार को मां तुतला भवानी चुनरी महोत्सव का भव्य शुभारंभ सिटी लाइव रिजॉर्ट, तुतला भवानी के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे और बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महोत्सव के दौरान बच्चों ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। विशेष रूप से रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में बच्चों की झांकी ने देशभक्ति का संदेश दिया। वहीं राम-सीता के रूप में सजे बच्चों ने मर्यादा, संस्कार और भारतीय संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश हलवाई महासभा के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने समाज की एकता, अखंडता और समाज सेवा



पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग और एकजुटता से ही संभव है। जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सभी को आगे आना चाहिए। इस अवसर पर तिलौथू हलवाई समाज के दिलीप राज, प्रेम कुमार, पंकज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, मनोज, रोहित गुप्ता, अमरदीप, राजेश गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमित कुमार, बबलू जी, हरि नारायण जी, मनोज जी खाना खजाना, पंकज साह, विन्तेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज के सदस्यों ने एकता और अखंडता का परिचय देते हुए संकल्प लिया कि हलवाई समाज सदैव जरूरतमंदों एवं समाज के लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेगा तथा आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी लोग मां तुतला भवानी के दरबार पहुंचे जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी को चुनरी अर्पित की गई। माता के जयकारों के साथ चुनरी महोत्सव का कार्यक्रम भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# डिहरी विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष ने नवपदस्थापित एसपी मि. राज का किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज से डिहरी विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता संजय तिवारी, मनोज पांडेय, महेंद्र पांडेय और अभय दुबे शामिल थे। इस दौरान पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। मुलाकात में जिले की कानून-व्यवस्था, पुलिस और आम लोगों के बीच बेहतर समन्वय तथा न्यायिक व्यवस्था पर सकारात्मक चर्चा हुई। संघ ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में रोहतास पुलिस और मजबूत होगी। एसपी ने भी बेहतर पुलिसिंग का आश्वासन दिया।

# नेक दिल और मधुर स्वभाव की महिला थीं प्रमिला देवी : सुशील सिंह

## श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद समेत कई गणमान्य लोगों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय बाबुगंज में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव एवं डिहरी विधानसभा के पूर्व एनडीए प्रत्याशी रहे जितेंद्र कुमार उर्फ रिंकू सोनी की माता स्व. प्रमिला देवी के श्रद्धाकर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शामिल होकर स्व. प्रमिला देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह ने स्व. प्रमिला देवी के



तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्व. प्रमिला देवी नेक दिल और मधुर स्वभाव की महिला थीं। उनका व्यवहार सभी के प्रति आत्मीय और सहज था। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद काराकाट महाबली सिंह, बिहार विधान परिषद के सदस्य संतोष सिंह एवं जीवन कुमार, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह एवं प्रदीप जोशी, अनुमंडलीय निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, डिहरी विधानसभा क्षेत्र से राजद से प्रत्याशी रहे गुड्डू चंद्रवंशी, प्रकाश गोस्वामी, प्रतिनिधि बिहार विधान परिषद सभापति, राघवेंद्र सिंह उर्फ बिसु तथा धर्मेंद्र कुमार उर्फ पप्पू सोनी सहित कई गणमान्य लोगों ने स्व. प्रमिला देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद के सदस्य, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रमुख, पैक्स अध्यक्ष, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे। सभी लोगों ने स्व. प्रमिला देवी के व्यक्तित्व एवं सरल स्वभाव को याद करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# एसडीएम ने किया पीएचसी दिनारा का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने शुक्रवार को दिनारा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में बिहार सरकार द्वारा दी जा रही सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लियाएसडीएम ने सबसे पहले ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, दवा भंडार, लैब, टीकाकरण कक्ष और मरीज वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थिति पंजी देखी और डॉक्टरों तथा स्वास्थ्यकर्मियों की मौजूदगी की जानकारी ली। दवा काउंटर पर कौन-कौन सी दवाएं उपलब्ध हैं और मरीजों को कैसे दी जा रही हैं, इसकी भी जांच की। एसडीएम के अचानक पहुंचने से अस्पताल में हड़कंप मच गया और सभी कर्मी सक्रिय नजर आए। इस दौरान एसडीएम ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से अस्पताल की पूरी व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से भी बात की और पूछा कि उन्हें इलाज में किसी तरह की परेशानी तो नहीं हो रही है। निरीक्षण के बाद एसडीएम ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले हर मरीज को समय पर सही इलाज मिलना चाहिए। किसी भी मरीज को दवा या जांच के लिए परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती रहें। एसडीएम दिलीप कुमार ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार लाने को कहा। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज देना सरकार की प्राथमिकता है। सभी डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं।

# आरा-मुंडेश्वरीधाम रेल परियोजना को फिर रफ्तार देने की पहल

## लोजपा के चंदन तिवारी की पहल पर मंत्री चिराग पासवान ने रेल मंत्री को लिखा पत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** लंबे समय से ठप पड़ी आरा से मुंडेश्वरीधाम रेल परियोजना को एक बार फिर गति देने की पहल शुरू हुई है। लोजपा के वरिष्ठ नेता चंदन तिवारी की पहल पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना को पुनर्जीवित करने की दिशा में आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है। वर्ष 2008 में इस रेल परियोजना का शिलान्यास हुआ था, लेकिन इसके बाद लंबे समय से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। आरा से मां मुंडेश्वरी धाम तक रेल संपर्क स्थापित होने से शाहाबाद क्षेत्र के साथ-साथ पूरे बिहार के लोगों को बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। चंदन तिवारी ने परियोजना को क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसके निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनके प्रयास के बाद केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान द्वारा रेल मंत्री को पत्र लिखे जाने से वर्षों से लंबित इस परियोजना को लेकर लोगों में एक बार फिर उम्मीद जगी है। आरा-मुंडेश्वरीधाम रेल संपर्क से धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ क्षेत्र में व्यापार और रोजगार के नए अवसर पैदा होने की संभावना है। मां मुंडेश्वरी धाम आने वाले श्रद्धालुओं को भी रेल सुविधा मिलने से आवागमन काफी आसान हो सकेगा। अब लोगों की निगाहें रेल मंत्रालय की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि मंत्रालय परियोजना को पुनर्जीवित करने की दिशा में ठोस कदम उठाता है तो वर्षों से प्रतीक्षित आरा-मुंडेश्वरीधाम रेल परियोजना शाहाबाद क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। चंदन तिवारी की पहल और चिराग पासवान का पत्र इस लंबित परियोजना के लिए नई शुरुआत की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है।

# कर्पूरी ठाकुर चौक के सौंदर्यीकरण के बाद सम्मान समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार को नील कोठी स्थित चंद्रराज वाटिका में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिमा निर्माण समिति के संयोजक विनय चंचल ने किया जबकि संचालन अवधेश ठाकुर ने की। समारोह में सौंदर्यीकरण कार्य में सहयोग के लिए नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी, सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों सहित वार्ड पार्षदों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर परिषद मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने कहा कि जब तक उन्हें लोगों का सहयोग और ताकत मिलता रहेगा, वे महापुरुषों को उचित सम्मान दिलाने के लिए कार्य करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान की तुलना में यह सम्मान छोटा जरूर है, लेकिन सार्थक प्रयास है। राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी ने अकोढ़ीगोला सहित अन्य स्थानों पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अनुमंडल परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर भी प्रयास चल रहा है जो शीघ्र ही मूर्त रूप लेगा।

## कर्पूरी ठाकुर चौक के सौंदर्यीकरण के बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण, मुख्य पार्षद ने जननायक को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भारत रत्न एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर चौक के पुनर्निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद सम्मान एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डिहरी नगर परिषद की मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उनके साथ उपस्थित अन्य लोगों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जननायक को नमन किया। इस मौके पर मुख्य पार्षद



शशि कुमारी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर केवल बिहार के ही नहीं, बल्कि पूरे देश के महान जननेता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, वंचितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उनका सादा जीवन, ईमानदारी, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने राजनीति में रहते हुए हमेशा आम लोगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने तथा शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए। उनकी नीतियों ने बिहार की राजनीति और सामाजिक व्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव डाला।

# पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने का आरोप

## बिजली चोरी के मामले में उद्योगपति पर 19.51 लाख की क्षति का दावा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरिहट (रोहतास)।** मेसर्स शिवपूजन इंडस्ट्रीज, चैनपुर के संचालक राजू पाण्डेय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर पांच लाख रुपये रिश्वत मांगने और राशि नहीं देने पर बिजली चोरी का झूठा मामला दर्ज कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक समेत अन्य वरीय अधिकारियों और दरिहट थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर विद्युत विभाग की ओर से राजू पाण्डेय के विरुद्ध विद्युत ऊर्जा चोरी के आरोप में दरिहट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है। सहायक विद्युत अभियंता रवि कुमार द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार 12 अगस्त को गठित छापेमारी दल ने मेसर्स शिवपूजन इंडस्ट्रीज के औद्योगिक परिसर की जांच की। विभागीय आवेदन में बताया गया है कि परिसर के बाहर पोल पर स्थापित एलटीसीटी मीटर और थ्री फेज सर्विस तार की जांच सही पाई गई। हालांकि आगे जांच के दौरान पास से गुजर रहे कृषि ट्रांसफार्मर की एलटी लाइन से दो फेज और एक न्यूट्रल चाइनीज वायर के जरिए कथित तौर पर सीधे टेपिंग कर औद्योगिक परिसर में बिजली ले जाने की बात सामने आई। विभाग ने इसे बिजली चोरी कर वास्तविक खपत को मीटर में दर्ज होने से रोकने का मामला बताया है। जांच के दौरान औद्योगिक एलटीसीटी मीटर में अधिकतम भार 79.3 केवीए पाए जाने का भी उल्लेख किया गया है जिसमें राजू पांडे का कहना है कि 1 स्क्वायर एमए चायनीज एलुमिनियम वायर पर 79.3 केवीए का लोड कैसे चल सकता है। वो तो एक मिनट में ही गल के गिर जाएगा। विभाग ने बिजली चोरी से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 19 लाख 51 हजार 884 रुपये की अनुमानित राजस्व क्षति होने का दावा किया है। विभाग के अनुसार चोरी में इस्तेमाल एलटीसीटी मीटर और सर्विस वायर और 1स्क्वायर एमए चायनीज एलुमिनियम वायर को जब्त कर जांच सह जब्ती प्रतिवेदन के साथ थाने में जमा कराया गया है। मामले में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। इधर, राजू पाण्डेय ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि 12 अगस्त को विद्युत विभाग के अधिकारियों की टीम उनके औद्योगिक परिसर में पहुंची और उनसे पांच लाख रुपये की मांग की गई। राशि नहीं देने पर उनके विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज कराने तथा उद्योग बंद कराने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने विभागीय कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा है कि उनका कनेक्शन स्वीकृत भार 56.7 किलोवाट की श्रेणी में है और वे नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान करते हैं। राजू पाण्डेय ने विद्युत विभाग के तीन अधिकारियों समेत पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिश्वत मांगने, धमकी देने और कथित रूप से झूठा प्राथमिकी दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मामले की जांच और न्याय दिलाने का अनुरोध किया है। दोनों पक्षों के आरोपों के बीच अब मामले की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मुखिया ने की बैठक, गरीबों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड के नोनहर पंचायत की मुखिया आभा देवी ने शुक्रवार की रात नोनहर स्थित अपने आवास पर ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जिसका मुख्य उद्देश्य पंचायत के पात्र और गरीब परिवारों का सत्यापन कर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। बैठक में ग्रामीण विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं विशेषकर व्यक्तिगत शौचालय अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा अथवा जमीन आवंटन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुखिया आभा देवी ने जानकारी दी कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत खुले में शौच से मुक्ति के लिए व्यक्तिगत शौचालय निर्माण कराने वाले पात्र परिवारों को सरकार द्वारा 12,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत बेघर और कच्चे मकान में रह रहे गरीब परिवारों को मैदानी क्षेत्रों में पक्का मकान बनाने के लिए 1.2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत में जिन गरीब और भूमिहीन परिवारों के पास रहने के लिए अपनी जमीन नहीं है, उन्हें वासगीत पर्चा देने और सरकारी जमीन आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है, ताकि उन्हें भी आवास योजना सहित अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि पंचायत के वैसे लोग जिन्हें अभी तक शौचालय अनुदान का लाभ नहीं मिला है, वे एक सप्ताह के भीतर अपना आवेदन पत्र जमा कर दें, आवेदन के साथ पति-पत्नी दोनों का आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति और शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। ताकि समय पर सत्यापन कर उन्हें अनुदान की राशि उपलब्ध कराई जा सके।


## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

**नीलाम्बर-पीताम्बर पार्क**

**बन्दोबस्ती/Auction हेतु आम सूचना संख्या 05/2026–27**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीलाम्बर–पीताम्बर पार्क, मेन रोड, गढ़वा का वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 तक की बंदोबस्ती के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 02.09.2026 को 12:00 बजे अपराहन् में नगर परिषद, गढ़वा के सभागार में आयोजित की जायेगी, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | बंदोबस्त का नाम | अवधी | बन्दोबस्ती की राशि (प्रति वर्ष) | जमानत की राशि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नीलाम्बर–पीताम्बर पार्क की निलामी | 2026–27 से 2028–29 | 1,00,000.00 (एक लाख रूपये) | 50,000.00 (पचास हजार रूपये) | 1000.00 (एक हजार रूपये) |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता सर्वप्रथम कार्यालय नगर परिषद गढ़वा से आवेदन पत्र प्राप्त करेंगे, जिसका शुल्क रू0 1000.00 (एक हजार रूपये) है। उक्त राशि बैंक ड्राफ्ट जो Executive Officer Nagar Parishad Garhwa के पद नाम से गढ़वा में भुगतेय होगा तथा यह राशि Non-Refundable है।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता के द्वारा आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो Executive Officer Nagar Parishad Garhwa के पद नाम से गढ़वा में भुगतेय होगा, जो दिनांक 01.09.2026 को 02 बजे अपराहन् तक जमा करना अनिवार्य होगा। जमानत की निर्धारित राशि जमा नहीं करने की स्थिति में डाक वक्ता के द्वारा समर्पित आवेदन को रद्द कर दिया जायेगा।
3. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने या डाक की तिथि या समय में बदलाव करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद, गढ़वा को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
4. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना नगर परिषद गढ़वा कार्यालय के सहमति के स्वीकृति डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बंदोबस्ती लेने से इनकार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरोध कड़ी कानूनी कार्रवाई एवं जमानत की राशि जब्त करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जाएगी।
5. डाक/Auction की शेष नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद गढ़वा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, गढ़वा

PR 388216 Urban Development (26-27)_D


# अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित, मौके पर निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी सुमित आनंद ने की। इस दौरान अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए किसानों और आम नागरिकों की भूमि संबंधी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई जो सभी बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग मौजों से संबंधित थे और मुख्य रूप से आपसी जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, मापी और सीमांकन से जुड़े हुए थे। अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों को सुनने और संबंधित कागजातों एवं साक्ष्यों के अवलोकन के बाद दो मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया जिससे संबंधित किसानों को बड़ी राहत मिली। उन्होंने बताया कि जनता दरबार लगाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि छोटे-छोटे भूमि विवादों के लिए किसानों और ग्रामीणों को बार-बार अंचल कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े और उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और न्यायपूर्ण समाधान उनके सामने ही हो सके। शेष तीन मामलों में कुछ तकनीकी दस्तावेजों और स्थलीय जांच की आवश्यकता होने के कारण उनकी सुनवाई अगले जनता दरबार में करने का निर्णय लिया गया है और संबंधित राजस्व कर्मचारियों को समयबद्ध जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी विजेंद्र तिवारी, नीरज कुमार, जितेंद्र कुमार, रविशंकर कुमार, संदीप कुमार, सुदामा राम के साथ प्रधान लिपिक रत्नेश्वर कुमार और नाजिर संदीप कुमार की सक्रिय भूमिका रही। मौके पर बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग उपस्थित थे जिन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। अंचलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अपने भूमि संबंधी अद्यतन कागजातों के साथ निर्धारित समय पर जनता दरबार में आएं ताकि मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जा सके।

# दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता संपन्न,

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** गुलनार निःशुल्क महिला सिलाई सेंटर में रक्षाबंधन के पावन पर्व के मद्देनजर 21 अगस्त से आयोजित दो दिवसीय राखी मेकिंग प्रतियोगिता का समापन शनिवार को बेहद उत्साहजनक माहौल में हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रतिभागियों का जोश चरम पर था और बड़ी संख्या में युवतियों व महिलाओं ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दो दिनों तक प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता और कौशल का परिचय दिया। रेशमी धागों, मोतियों, जरी, कुंदन, ऊन, गोटा-पत्ती और चमकीले सितारों जैसी विभिन्न सामग्रियों का उपयोग कर सभी ने बेहद कलात्मक और खूबसूरती के साथ अपने भाइयों के लिए आकर्षक राखियां तैयार कीं।

# तेजस कार्यक्रम के माध्यम से नवादा में स्टार्टअप एवं उद्यमिता इकोसिस्टम को मिला बढ़ावा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा के सभागार में स्टार्टअप इंडिया (डीपीआइआइटी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) के तहत 'तेजस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देना और युवाओं में उद्यमिता की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी डीएम-सह-डीडीसी नीलिमा साहू, सहायक समाहर्त्ता प्रिंस राज, प्राचार्य डॉ. रोशन कुमार और उद्योग विभाग की महाप्रबंधक सुजात ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीपीआइआइटी के निदेशक ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। अधिकारियों ने युवाओं को नौकरी तलाशने के बजाय रोजगार सृजक बनने और अपने इनोवेटिव आइडियाज को उद्यम में बदलने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रशासन ने उद्यमियों को भूमि, विधि-व्यवस्था और स्वच्छता सहित हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का भरोसा दिलाया। समारोह में स्थानीय स्टार्टअप्स और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित उद्यमियों ने प्रदर्शनी स्टॉल लगाए। इनमें पीएमइजीपी से जुड़े तसर उद्योग, पीएमएफएमइ व मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत मिलेट उत्पाद और 'स्टार्टअप बिहार' से लाभान्वित पुष्पांजुरी के उत्पाद मुख्य आकर्षण रहे। अधिकारियों ने स्टॉलों का निरीक्षण कर उद्यमियों की सराहना की। इस दौरान सफल उद्यमियों ने अपने संघर्ष और सफलता की कहानियां साझा कीं। साथ ही मेंटरशिप, कैपेसिटी बिल्डिंग और विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। यह आयोजन जिला प्रशासन, उद्योग विभाग और स्टार्टअप इंडिया को एक मंच पर लाकर नवादा के उद्यमिता इकोसिस्टम को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल साबित हुआ।

# बीइओ ने विद्यालय प्रधानों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पकरीबरावां**। शनिवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालयों के प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक दो शिफ्टों में की गई। पहले शिफ्ट में प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानों के साथ एवं दूसरे शिफ्ट में मध्य विद्यालय के प्रधानों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने साफ तौर पर कहा कि हाजिरी बनाकर गायब हो जाने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय के प्रधान को निर्धारित अवधि के अंदर कभी भी कॉल कर जीपीएस कैमरा से सभी उपस्थित शिक्षकों की फोटो भेजने को कहा जाएगा। बैठक में कहा गया कि सभी विद्यालय प्रधान विद्यालय के नाम के ऊपर विद्या ददाति विनयम लिखवाएं। निपुण का लोगो भी विद्यालय में होना चाहिए। निपुण की लगातार जांच की जाएगी। कहा कि विद्यालय में निरीक्षण पंजी होना जरूरी है। जब निरीक्षी पदाधिकारी विद्यालय जाएं तो उन्हें जरूर निरीक्षण पंजी देना है। विद्यांजली पर पकरीबरावां प्रखण्ड के शत प्रतिशत विद्यालय का रजिस्ट्रेशन होने पर बीइओ ने सभी प्रधानों को बधाई दी है। टेट उतीर्ण नहीं करने वाले शिक्षकों की सूची मांगी गई है। पाठ टीका का संधारण हर हाल में करने को कहा गया है। अपार आईडी बनाने पर जोर दिया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाने के लिए सभी विद्यालयों को लक्ष्य दिया गया। सभी प्रधानों को अपने शिक्षकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने को कहा गया। एमडीएम प्रभारी आलोक कुमार चंचल ने बरसात में भोजन बनवाते समय पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। हर हाल में निर्धारित समय के अंदर उपस्थित बच्चों की संख्या में एमडीएम से लाभान्वित बच्चों की संख्या दर्ज करनी है। चावल को ड्रम में ही रखने को कहा गया है। सभी प्रधानों को दो दिनों के अंदर रसोइया एवं वेंडर से जुड़े प्रपत्र को जमा करने को कहा गया है। एमआईसी प्रभारी विक्रम कुमार ने नामांकित बच्चों की इन्ट्री ई शिक्षाकोष पर करने को कहा है। इस अवसर पर सुबोध कुमार, प्रभात कुमार प्रभाकर, डॉ.गुलाम दस्तगीर खान, नागेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सुमन, राजेश कुमार पासवान, सुप्रिया बसंत, नवीन कुमार, संतोष कुमार, गणेश चौहान, मणिकांत मृत्युंजय, जयमिला कुमारी, विजय कुमार, विनय कुमार, सुलेखा कुमारी, मिलन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रतिभा खोज परीक्षा आज, तैयारी पूरी

**एक हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल**

**नवादा**। अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक सह शिक्षा मंच नवादा इकाई द्वारा आयोजित प्रतिभाखोज प्रतियोगिता परीक्षा-2026 आयोजन के लिए व्यापक तैयारी की जा रही है। इसके लिए समीक्षा बैठक मिर्ज़ापुर स्थित कार्यालय में हुई। परीक्षा में लगभग एक हजार से ऊपर प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए जिले भर में कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का आयोजन 23 अगस्त रविवार को किया जाएगा। हर परीक्षा केंद्र के लिए अलग अलग केंद्राधीक्षक के अलावा उड़नदस्ता टीम भी नियुक्त किया गया है। इस बात की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संरक्षक रामकिशुन प्रसाद एवं परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय के गुरुदेव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, एम्बीसनस कैरियर इंस्टीट्यूट, संत मेही स्कूल,रोह प्रखंड के रेड रोज पब्लिक स्कूल कुम्हरावां, अकबरपुर प्रखंड के नवादा पब्लिक स्कूल गोसाईं विगहा सहित कुल सात परीक्षा केंद्र बनाए गए है। शिक्षा मंच के जिलाध्यक्ष नगेन्द्र प्रसाद ने बताया की इस परीक्षा का उद्देश्य समाज में शैक्षणिक क्रांति लाना है। तथा हर प्रखंड से 20-20 सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### बैगलेस सुरक्षित के तहत सावन महोत्सव का आयोजन

**नारदीगंज, नवादा**। राजकीय बुनियादी विद्यालय, नारदीगंज में बैगलेस सुरक्षित शनिवार के तहत सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को लोक परंपरा, संस्कृति से जोड़ना और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना था। शून्य निवेश पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बीजों से आकर्षक इको-फ्रेंडली राखियां बनाई। इन्हें विद्यालय व घर के पौधों पर बांधकर वृक्ष रक्षा का संकल्प लिया। सांस्कृतिक गतिविधियों के तहत विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मेहंदी लगाई, ब्लैकबोर्ड पर शिवजी के चित्र उकेरे तथा फर्श पर रंगोली सजाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही रक्षाबंधन पर आधारित कविता व निबंध लेखन में भी भाग लिया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक पल्लवी लिसा, शिक्षक पूनम कुमारी, अनिता शर्मा, रूबी राज सहित अन्य मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**कौआकोल**। बाल विकास परियोजना कार्यालय में पदस्थ प्रखंड समन्वयक विकास कुमार एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर संजय कुमार शनिवार की सुबह नवादा से अपने कार्यालय कौआकोल आ रहे थे। इसी दौरान कौआकोल-रोह मुख्य पथ पर कोल्हुआर मोड़ के पास अचानक सड़क पर एक मवेशी आ जाने से उसे बचाने के क्रम में उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। हादसे में डाटा एंट्री ऑपरेटर संजय कुमार का पैर टूट गया है।दोनों का इलाज नवादा में चल रहा है। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद कार्यालय कर्मियों एवं परिचितों ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### जनता दरबार में दो मामलों का निष्पादन

**कौआकोल**। शनिवार को कौआकोल अंचल कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में दो मामले सुनवाई के लिए आए। सीओ चंदन चौधरी, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस अधिकारी की संयुक्त उपस्थिति में दोनों मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों की बात सुनने के बाद दोनों मामलों का मौके पर निष्पादन कर दिया। मौके पर कार्यालय लिपिक नीतीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारी मौजूद थे।

### शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**रजौली**। रजौली बाईपास पर फल दुकान की आड़ में शराब बेचने का धंधा करने वाले एक युवक को उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता ने शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे छापेमारी कर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा। साथ ही शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रजौली थाना क्षेत्र के महसई मोहल्ला निवासी लक्ष्मण माली के पुत्र शिवशंकर कुमार उर्फ शंकर मालाकार के रूप में हुई है।

# नवादा के लाल हवलदार दीपक कुमार को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के काशीचक प्रखंड अंतर्गत दौलाचक गांव निवासी हरे राम सिंह के पुत्र एवं भारतीय सेना के हवलदार दीपक कुमार को देश की रक्षा के लिए अदम्य साहस, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। उन्हें सेना मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके साहस और सैन्य सेवा की सराहना की गई। बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पुंछ-राजौरी सीमा के दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण इलाके में हवलदार दीपक कुमार ने अपनी बटालियन के साथ अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विषम परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने साहस, सूझबूझ और कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए अभियान को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान दिया।
देश की सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा के लिए उनके समर्पण तथा बहादुरी को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान प्रदान किया गया। राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त करना न केवल हवलदार दीपक कुमार के लिए, बल्कि उनके परिवार, दौलाचक गांव और पूरे नवादा जिले के लिए गौरव का विषय है। दीपक कुमार की इस उपलब्धि से उनके पैतृक गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी वीरता से नवादा का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है।

# राशन कार्ड एंट्री प्रगति की समीक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में राशन कार्ड एंट्री की प्रगति की समीक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं रजौली, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में जिले में राशन कार्ड से संबंधित एंट्री कार्य की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड से संबंधित एंट्री कार्य में गति एवं शुद्धता, दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। पात्र लाभुकों से संबंधित आवश्यक प्रविष्टियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने को कहा गया।

# निजी कंपनी की दवा लिखवाने के दबाव का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर अस्पताल, नवादा में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. निकेश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को पत्र भेजकर पार्टी के एक पदाधिकारी पर अपनी निजी कंपनी की दवा लिखवाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। चिकित्सक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पत्र के अनुसार डॉ. निकेश कुमार सदर अस्पताल में एसएमओ के पद पर कार्यरत हैं और ड्यूटी के बाद अपना निजी क्लिनिक भी संचालित करते हैं। चिकित्सक का आरोप है कि उनके क्लिनिक में कार्यरत स्टाफ उदय कुमार के माध्यम से राहुल कुमार सिन्हा द्वारा अपनी कंपनी की दवा लिखवाने के लिए दबाव बनाया गया। पत्र में राहुल कुमार सिन्हा को भाजपा का महामंत्री, बीस सूत्री सदस्य तथा सह नगर अध्यक्ष, नवादा बताया गया है। डॉ. निकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति ने अपने राजनीतिक प्रभाव का हवाला देते हुए स्टाफ तथा चिकित्सक पर दबाव बनाया। पत्र में यह भी उल्लेख है कि दवा नहीं लिखे जाने पर जिला पदाधिकारी एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों के समक्ष शिकायत करने की बात कही गई। चिकित्सक ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि उनके स्टाफ उदय कुमार के खिलाफ पद के दुरुपयोग और डॉक्टर तथा निजी नर्सिंग होम से अवैध वसूली से संबंधित एक आवेदन दिया गया, जिसे उन्होंने गलत बताया है। चिकित्सक ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया है कि राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि आरोप गलत पाए जाते हैं तो पार्टी की गरिमा और छवि को बनाए रखने के लिए उचित कार्रवाई की जाए। पत्र की प्रतिलिपि भाजपा के संगठन महामंत्री, नवादा जिलाध्यक्ष तथा नवादा सांसद को भी भेजे जाने की बात कही गई है। हालांकि, पत्र में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। संबंधित पक्ष का बयान सामने आने के बाद ही मामले की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नालंदा

# सिलाव में मंत्री श्रवण कुमार ने 54 भूमिहीनों को दिया जमीन का पर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। सिलाव प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने अंचल क्षेत्र के 54 भूमिहीन परिवारों को 3-3 डिसमिल जमीन का पर्चा प्रदान किया। साथ ही चंडी मौ गांव के 34 अग्नि पीड़ित किसानों के बीच फसल क्षति पूर्ति के तहत 1 लाख 90 हजार 524 रुपये की आपदा सहायता राशि का चेक भी वितरित किया। भूमिहीनों को पर्चा देते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि हर भूमिहीन परिवार को आवास योग्य जमीन उपलब्ध हो। इसी संकल्प के साथ सरकार निरंतर काम कर रही है। जमीन का पर्चा मिलने से अब ये परिवार अपना पक्का मकान बना सकेंगे और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने चिन्हित किया है कि कोई भी गरीब बिना छत के न रहे। जमीन के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी इन्हें प्राथमिकता से दिया जाएगा।इस अवसर पर चंडी मौ गांव के किसानों को अग्निकांड में हुई फसल क्षति के मुआवजे के चेक सौंपते हुए मंत्री ने कहा, प्राकृतिक आपदा में किसानों को होने वाले नुकसान में सरकार उनके साथ खड़ी है। समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है ताकि किसान अगली फसल की तैयारी कर सकें।मंत्री ने कहा कि सिलाव प्रखंड में विकास कार्यों को गति दी जा रही है और सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सांसद कौशेन्द्र कुमार ने बताया कि अंचल क्षेत्र में भूमिहीन परिवारों को चिन्हित कर उन्हें जमीन उपलब्ध कराने का कार्य लगातार चल रहा है। सर्वे के बाद पात्र लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से पर्चा दिया जा रहा है।

# सावन महोत्सव में संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और भाई-बहन के प्रेम का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। स्थानीय मंगलास्थान स्थित डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में सावन महोत्सव एवं रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण तथा भाई-बहन के पवित्र प्रेम को समर्पित विविध कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महोत्सव के दौरान सावन की हरियाली पर आधारित गीत-संगीत, मनमोहक नृत्य, इको-फ्रेंडली राखी मेकिंग और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। गीत-संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को उत्सवी माहौल से भर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया। इको-फ्रेंडली राखी मेकिंग प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रही। बच्चों ने कागज, ऊन, कपड़े, मोती, पत्तियों सहित अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों का उपयोग कर आकर्षक राखियां तैयार कीं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को प्लास्टिक और हानिकारक सामग्रियों से बचने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक डिजाइनों के जरिए अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया।विद्यालय सलाहकार समिति की अध्यक्ष रश्मि रानी ने विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के सांस्कृतिक एवं भावनात्मक महत्व की जानकारी दी। चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य डॉ. रवि चंद कुमार ने कहा कि त्योहार बच्चों को संस्कृति, परंपरा, पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का बेहतर माध्यम हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, संवेदनशीलता, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।कार्यक्रम की सफलता में प्रिया कुमारी, प्रीतम भास्कर, रेनू, सभ्यता चामलिंग, सुरवी राय, अनुषा रूपल, निशा भारती, श्यामा परवीन, फलक अमरीन, ज्योति कुमारी, शबाना तबस्सुम, प्रीति कुमारी, पूजा शर्मा, विद्या नंदन सिन्हा, अवधेश कुमार, सदफ नियाज, अनीशा राज, भावना कुमारी, पूनम, आसमां परवीन, प्रियदर्शिनी रानी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# बेटियों के सपनों को पंख देने के साथ गलत के खिलाफ आवाज उठाने की सीख

**बिहारशरीफ**। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका उच्च विद्यालय, सोहसराय की छात्राओं के साथ जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने संवाद कार्यक्रम किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने सपनों, सामाजिक चुनौतियों, विद्यालय की समस्याओं और जिले के विकास को लेकर खुलकर विचार रखे। छात्राओं ने पायलट, डॉक्टर, पुलिस अधिकारी, वकील, आईएएस, सेना, शिक्षक और जज बनने की इच्छा जताई। डीएम ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि लक्ष्य के प्रति आत्मविश्वास बनाए रखें और शिक्षा को अपने सपनों की मजबूत नींव बनाएं।संवाद के दौरान बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर भी चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि कहीं गलत होता दिखे तो चुप नहीं रहें। बाल विवाह की सूचना प्रशासन को दें। उन्होंने कहा, सहे नहीं, कहे। गलत को गलत कहने का साहस रखिए। छात्राओं को शिक्षिका, प्रधानाध्यापिका या भरोसेमंद व्यक्ति से समस्या साझा करने तथा विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से शिकायत प्रशासन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।छात्राओं ने विद्यालय में हिंदी, विज्ञान व आर्ट्स के शिक्षकों की कमी, पेयजल, अतिरिक्त कक्षाओं तथा सुरक्षा बलों के आवासन से पढ़ाई प्रभावित होने की समस्या बताई। अब्राह्मपुर गांव में पेयजल संकट की जानकारी भी दी। डीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।इसके बाद छात्राओं ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भ्रमण किया, जहां नोडल पदाधिकारी गुलरेज आलम ने 491 कैमरों, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इमरजेंसी कॉल बॉक्स की कार्यप्रणाली समझाई। वन स्टॉप सेंटर में छात्राओं को बाल विवाह, दहेज, घरेलू हिंसा और उपलब्ध कानूनी सहायता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संबंधित पदाधिकारी, शिक्षिकाएं और छात्राएं मौजूद रही।

# आपात स्थिति में जीवन बचाने के लिए सीपीआर प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। रोटरी क्लब ऑफ तथागत, बिहारशरीफ के तत्वावधान में शुक्रवार को सेंट जोसेफ एकेडमी में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने की प्राथमिक जानकारी देना और उन्हें सीपीआर जैसी महत्वपूर्ण जीवनरक्षक तकनीक के प्रति जागरूक करना था।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को हृदयाघात अथवा अचानक बेहोशी की स्थिति में तत्काल प्राथमिक सहायता देने, सीपीआर की आवश्यकता पहचानने तथा प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा सीपीआर की सही प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी गई। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने सीपीआर की प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया।प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन डॉ. इंद्रजीत कुमार, क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महेश लोहानी, सचिव डॉ. नीरज कुमार के अलावा रोटेरियन परमेश्वर महतो, जोसेफ टीटी, बिपिन भास्कर, अमित कुमार, संजीव दास, रश्मि दास एवं कुमार बलजीत उपस्थित रहे। एम.डब्ल्यू. टीम के सदस्यों और इंटरैक्ट क्लब ऑफ सेंट जोसेफ एकेडमी के सदस्यों ने भी सक्रिय सहभागिता की।क्लब सदस्यों ने कहा कि आपात स्थिति में सही समय पर दी गई प्राथमिक सहायता किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब भविष्य में भी जनहित और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम की सफलता में क्लब पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नियोजित शिक्षकों ने डीइओ कार्यालय का किया घेराव

**वेतन, एरियर, ईपीएफ और एचआरए में सुधार समेत सात सूत्री मांगों को लेकर जताया आक्रोश**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दो माह से वेतन का भुगतान नहीं होने से नाराज जिले के नियोजित शिक्षकों ने शनिवार को शिक्षा विभाग के कार्यालय का घेराव किया। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव इरफान मलिक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यालय पहुंचे और बकाया वेतन समेत अन्य समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।शिक्षकों ने कहा कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार चलाने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई, राशन, किराया और विद्यालय आने-जाने के खर्च पर भी असर पड़ा है। कई शिक्षकों ने बैंक से ऋण ले रखा है, जिसकी किस्त समय पर जमा नहीं होने से सिबिल स्कोर प्रभावित होने की चिंता भी जताई।संघ ने आरोप लगाया कि आवंटन और सीएफएमएस में समस्या का हवाला देकर वेतन भुगतान में देरी की जा रही है। शिक्षकों ने कहा कि पूर्वी चंपारण में जुलाई का वेतन छह अगस्त को भुगतान कर दिया गया, तो नालंदा में देरी का कारण स्पष्ट किया जाना चाहिए। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि एरियर, ईपीएफ और एचआरए सुधार को लेकर दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। जिला महासचिव ने बताया कि घेराव की सूचना 20 अगस्त को संबंधित अधिकारियों और लिपिक को दे दी गई थी। उन्होंने बकाया वेतन का तत्काल भुगतान और अन्य समस्याओं का एक सप्ताह के भीतर समाधान करने की मांग की।शिक्षकों की सात प्रमुख मांगेंएसएसए व जीओबी मद के दो माह के वेतन का भुगतान, लंबित एरियर का भुगतान, ईपीएफ खाते में सुधार, एचआरए संबंधी आवेदनों का निष्पादन, राजगीर के कक्षा एक से पांच के शिक्षकों के एरियर का भुगतान, कालबद्ध प्रोन्नति की लंबित प्रक्रिया पूरी करने तथा उर्दू विद्यालयों में गुरुवार को आधे दिन की पुरानी व्यवस्था लागू करने की मांग शामिल है।

# काछियावां में अधूरा नाला निर्माण छोड़ राशि निकासी का आरोप

**लोक शिकायत में मामला पहुंचने के बाद उठे सवाल, ग्रामीणों ने स्थल जांच की मांग की**



**नरनौसा**। प्रखंड के काछियावां गांव में सरकारी राशि से कराए जा रहे नाला निर्माण में कथित अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नाला निर्माण का कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया और निर्माण की गुणवत्ता भी मानक के अनुरूप नहीं है। इसके बावजूद पंचायत सचिव द्वारा योजना की राशि की निकासी कर ली गई। मामला लोक शिकायत में पहुंचने के बाद पूरे प्रकरण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों के अनुसार सरयुग प्रसाद के खड़ से रामप्रवेश बिंद के खड़ तक नाला निर्माण के साथ उस पर ढक्कन का निर्माण कराया जाना था। लेकिन कार्य पूरा होने से पहले ही निर्माण बंद कर दिया गया। अधूरे और कथित घटिया निर्माण के कारण नाला बदहाल स्थिति में है। बरसात में पानी की निकासी बाधित होने से आसपास जलजमाव हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी होती है।ग्रामीणों ने योजना पूरी किए बिना राशि निकासी पर सवाल उठाते हुए स्थल जांच, योजना की मापी, अभिलेखों की जांच और राशि का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में अमन पटेल, रौशन कुमार, शिवम कुमार, राहुल कुमार एवं देवशरण प्रसाद शामिल हैं। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराया जाना चाहिए।

# चोरसुआ पंचायत भवन में डाक संवाद, ग्रामीणों को सेवाओं से जोड़ने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**बिहारशरीफ**। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और आम लोगों को विभिन्न डाक योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से चोरसुआ पंचायत भवन में 'डाक संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिहार सर्किल, पटना की मुख्य डाक महाध्यक्ष श्रीमती शशि शालिनी कुजूर ने शाखा डाकघरों के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों तक डाक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि डाक संवाद का उद्देश्य शाखा डाकघरों के कार्यों की समीक्षा के साथ ग्रामीणों को विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी देना है। विभाग की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है।डाक अधीक्षक, नालंदा मंडल कुंदन कुमार ने कहा कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक डाक सेवा पहुंचाने के लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। उन्होंने शाखा डाककर्मियों को ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने और बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में नालंदा मंडल के 28 शाखा डाकघरों के करीब 66 डाककर्मी शामिल हुए। इस दौरान सेवाओं में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।रक्षाबंधन को लेकर नालंदा डाक मंडल ने रविवार को भी डाकघर खोलने का निर्णय लिया है। डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि राखी की बुकिंग के लिए विशेष व्यवस्था

# जनसुनवाई में 21 मामलों की सुनवाई

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने शनिवार को आयोजित जन-सुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान कुल 21 जन-शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन-सुनवाई में बाउंड्री वॉल हटाने, बीएड सत्र 2023-25 के परीक्षा परिणाम में कॉलेज की लापरवाही से अभ्यर्थी को अनुपस्थित (इमदज) दर्शाए जाने एवं उसमें सुधार, विद्युत करंट लगने की घटना के बाद मुआवजा राशि का भुगतान नहीं होने सहित कई मामलों पर सुनवाई हुई। इसके अलावा 20 से 27 दिसंबर तक लगातार पांचवें वर्ष आयोजित होने वाले 'नालंदा बैडमिंटन प्रीमियर लीग' के लिए नालंदा हेल्थ क्लब परिसर के उपयोग की अनुमति से जुड़े मामले पर भी चर्चा हुई। बाउंड्री वॉल से संबंधित मामलों में डीएम ने अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया। बीएड परीक्षा परिणाम में सुधार के मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा विद्युत करंट से संबंधित मुआवजा मामलों में आपदा शाखा प्रबंधक को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। वहीं, बैडमिंटन प्रीमियर लीग के आयोजन के लिए परिसर उपयोग की अनुमति के मामले में नगर आयुक्त, नगर निगम, बिहारशरीफ को कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

# विष्णुपद कॉरिडोर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने की दिशा में तेज होगी कार्रवाई : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर के परामर्शदाता, जिला पदाधिकारी, नगर आयुक्त एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ परियोजना की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रस्तावित मास्टर प्लान, निर्माण कार्य, यातायात व्यवस्था, तीर्थयात्रियों की सुविधाएं, फल्गु नदी के घाटों का विकास तथा आधारभूत संरचनाओं पर चर्चा हुई। परामर्शदाता के अनुसार कॉरिडोर का कुल प्रस्तावित निर्मित क्षेत्र 88,340.28 वर्गमीटर तथा अनुमानित लागत 1,531.29 करोड़ रुपये है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विष्णुपद मंदिर गया की पहचान के साथ देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इसलिए इसका विकास धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। परियोजना में तीर्थयात्री सुविधा केंद्र में 400 बेड, करीब 540 बेड की डॉर्मिटरी, पिंडदान सुविधा, जूता एवं सामान रखने की व्यवस्था, शौचालय और प्रतीक्षालय प्रस्तावित हैं। 630 कार, 14 बस और 20 मिनी बस की क्षमता वाली बहुस्तरीय कार पार्किंग, विद्युत उपकेंद्र, ऊपरी सड़क, वाहन संपर्क मार्ग, ड्रॉप-ऑफ प्लाजा तथा ई-कार्ट मार्ग भी विकसित किए जाएंगे। मुख्य विष्णुपद मंदिर परिसर का उन्नयन, आसपास के चिन्हित मंदिरों का स्थानांतरण एवं पुनर्वास, सूर्यकुंड का पुनर्विकास, ऐतिहासिक जल संरचना का संरक्षण तथा प्रवेश क्षेत्र का विकास प्रस्तावित है। करीब 2,000 वर्गमीटर में बैंक्वेट हॉल भी बनाया जाएगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं के साथ मंदिर की प्राचीनता और वास्तु विरासत अक्षुण्ण रहनी चाहिए। फल्गु नदी के पश्चिमी घाट को करीब 451 मीटर और पूर्वी घाट को 410 मीटर क्षेत्र में विकसित करने की योजना है। यहां छायादार प्रोमेनेड, पैदल पथ, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम और शेड जैसी सुविधाएं होंगी। 108 फीट ऊंची भगवान विष्णु की प्रतिमा को प्रमुख रिवरफ्रंट पहचान के रूप में विकसित किया जाएगा। पूर्वी तट पर पर्यटक सुविधा केंद्र तथा फल्गु घाट से सीता कुंड तक पैदल संपर्क भी प्रस्तावित है। प्रेम कुमार ने नाला, सीवरेज और सीवेज शोधन संयंत्र की व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नालों का पानी सीधे फल्गु नदी में नहीं जाना चाहिए। परियोजना में शवदाह सुविधा, विद्युत शवदाह शेड, प्रतीक्षालय, भंडारण शेड सहित अन्य जनसुविधाएं भी शामिल हैं।

# कृषि मंत्री ने प्रबुद्धजनों से किया संवाद, किसान समृद्धि और युवा रोजगार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** कृषि मंत्री, बिहार सरकार सह गया जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार शाम समाहरणालय सभागार में जिले के प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी वर्ग के साथ संवाद किया। उन्होंने गया के विकास और समृद्ध बिहार के निर्माण को लेकर लोगों के विचार, अनुभव एवं सुझाव सुने। संवाद में कृषि उद्यमिता, आधुनिक कृषि, किसानों की आय बढ़ाने, युवा रोजगार, महिला उद्यमिता और श्रमिक उत्थान पर विस्तृत चर्चा हुई। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि नीतियां और योजनाएं तभी अधिक प्रभावी बनती हैं जब उनमें समाज के अनुभवी एवं प्रबुद्ध लोगों के सुझावों को स्थान दिया जाए। बैठक में मिले व्यावहारिक सुझावों को 'किसान समृद्धि, महिला उद्यमी, युवा रोजगार, श्रमिक उत्थान-कृषि जन कल्याण संवाद' से जोड़कर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए डिजिटल फसल सर्वे कराया जा रहा है तथा फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसान पहचान पत्र बनाया जा रहा है। इसके आधार पर पात्र किसानों को विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ मिलेगा। खेतों की मिट्टी की जांच कर मृदा स्वास्थ्य कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। संवाद में बोधगया शंकराचार्य मठ के मठाधीश विवेकानंद गिरी, चैंबर ऑफ कॉमर्स, बार एसोसिएशन, विष्णुपद मंदिर प्रबंधनकारिणी समिति, मगध इंडस्ट्री एसोसिएशन, होटल एसोसिएशन, मानपुर वस्त्र उद्योग बुनकर, रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, जिला मत्स्य संघ, जिला कुम्हार प्रजापति संघ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, डालमिया समाजसेवी, बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य, जिला शांति समिति तथा 20 सूत्री के सदस्यों समेत अन्य प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए। प्रतिनिधियों ने कृषि, स्थानीय उद्योग-व्यवसाय, रोजगार, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े सुझाव रखे। विजय कुमार सिन्हा ने किसानों से कृषि संबंधी जानकारी या सुझाव के लिए टोल फ्री नंबर 18001801551 पर संपर्क करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

# श्रमिक -कृषि जन कल्याण संवाद में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष और कृषि मंत्री

## किसानों की समस्याओं का 24 घंटे में जांच कर प्रतिवेदन दें, गड़बड़ी पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शनिवार को 'किसान समृद्धि, महिला उद्यमी, युवा रोजगार, श्रमिक उत्थान–कृषि जन कल्याण संवाद' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की प्रमुख उपस्थिति रही। प्रभारी मंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं सुनीं। कार्यक्रम में विधायकगण, जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान, युवा और महिला उद्यमी उपस्थित रहे। किसानों ने खाद की उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर बिक्री और समय पर आपूर्ति समेत कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाए। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विजय कुमार सिन्हा ने जिलाधिकारी को 24 घंटे के भीतर टीम गठित कर जांच कराने और प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया गया। इनमें एग्रीस्टैक एवं किसान पहचान पत्र, खाद, प्राकृतिक खेती, मिट्टी जांच, डिजिटल कृषि, कृषि ऐप, ड्रोन तकनीक, पौधा संरक्षण, कृषि विपणन, निर्यात एवं बाजार संपर्क, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, फसल सहायता, उद्यानिकी, प्रसंस्करण, उन्नत बीज और जैविक प्रमाणीकरण शामिल थे। इस दौरान कृषि योजनाओं का लाभ कागजों तक सीमित न रहने और प्रत्येक किसान तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। प्रत्येक पंचायत और प्रखंड स्तर पर किसानों से संवाद कर योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी देने की बात कही गई। कृषि को तकनीक, गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और बाजार से जोड़कर उद्यमिता का माध्यम बनाने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में किसान समृद्धि, महिला उद्यमिता, युवा रोजगार और श्रमिक उत्थान के साथ 'सशक्त किसान, समृद्ध बिहार और विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

# रोजी-रोटी कमाने गया बेटा लापता, परिजन परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसावां निवासी 20 वर्षीय युवक चंदन कुमार पुत्र देवन सिंह पिछले एक सप्ताह से लापता है। वह हरियाणा के पानीपत में ऊर्जा रोड स्थित साई बाबा मंदिर के पास रहकर एक कंपनी में मजदूरी करता था। पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पप्पू कुमार ने बताया कि चंदन 13 अगस्त से कंपनी से लापता है। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद स्थानीय चांदनी थाना में 17 अगस्त को गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। पप्पू कुमार के अनुसार चंदन रोजी-रोटी के लिए पानीपत गया था और एक निजी कंपनी में काम कर रहा था।

# मगध विश्वविद्यालय की वार्षिक सीनेट बैठक संपन्न, 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय की वार्षिक सीनेट बैठक शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही संबंधित समितियों, अकादमिक परिषद और सिंडिकेट की बैठकों में लिए गए विभिन्न निर्णयों का भी अनुमोदन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने की। बैठक में अशोक कुमार, विधान पार्षद अनिल कुमार, सिंडिकेट सदस्य प्रो. नरेंद्र कुमार सिंह सहित विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, विभागाध्यक्ष और विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। सीनेट सदस्यों ने विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न मुद्दे और जिज्ञासाएं उठाईं जिन पर कुलपति ने नियमानुकूल त्वरित कार्रवाई और कार्यों के निष्पादन का आश्वासन दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति में शुचिता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का सत्र समयबद्ध किया जा चुका है। विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम और डिग्री समय पर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीरता और तत्परता से कार्य कर रहा है। बैठक के प्रारंभ में छात्रों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रशासन की उपस्थिति में कुलपति और कुलसचिव की अध्यक्षता में छात्र प्रतिनिधियों के साथ वार्ता हुई।

# सखी वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** शनिवार को महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर, शेरघाटी की ओर से 10+2 प्रोजेक्ट कन्या इंटर उच्च विद्यालय, इमामगंज के परिसर में किशोरियों एवं महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े कानूनों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं महिलाओं को संवैधानिक एवं कानूनी अधिकार, लैंगिक समानता, महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा से संरक्षण, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा की रोकथाम तथा साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही 24 घंटे उपलब्ध महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवाओं और सखी वन स्टॉप सेंटर की विभिन्न सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि हिंसा या उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अस्थायी आश्रय, चिकित्सकीय सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, पुलिस सहायता और कानूनी सहायता एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती है।

# रोपनी करने खेत गए किसान पर गिरी बिजली, मौके पर मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डुमरिया।** प्रखंड अंतर्गत बोधि बिगहा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत भंगिया के नोनीशोत गांव में शनिवार को तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान नोनीशोत गांव निवासी 58 वर्षीय भिखारी राम, पिता विशेश्वर राम के रूप में हुई है। बताया जाता है कि भिखारी राम धान की रोपनी के लिए खेत में गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम बिगड़ गया और तेज बारिश के बीच खेत के बधार में वज्रपात हो गया। इसकी चपेट में आने से भिखारी राम गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची बोधि बिगहा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। इधर भिखारी राम की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि भिखारी राम खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। धान रोपनी के लिए घर से निकले थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि वह दोबारा घर नहीं लौटेंगे। घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। इस संबंध में बोधि बिगहा थानाध्यक्ष प्रियनंदन आलोक ने बताया कि वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

# लालगढ़ में एक ही रात चार घरों में चोरी, रात्रि गश्ती पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के राजन पंचायत अंतर्गत लालगढ़ गांव में शुक्रवार की देर रात चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने नरेन्द्र कुमार, अवधबिहारी सिंह, अरुण प्रसाद और संजय साव के घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान नकदी, जेवरात, कपड़े, जरूरी कागजात समेत लाखों रुपये के सामान चोरी होने की बात सामने आई है। शनिवार की सुबह घरों में सामान बिखरा मिलने और बक्से व सूटकेस बाहर पाए जाने के बाद घटना का पता चला। एक ही रात में चार घरों में चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस की रात्रिकालीन गश्ती व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में रात के समय नियमित और प्रभावी गश्ती होती तो चोरों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती थी। एक साथ चार घरों में चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने, चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

# क्रांति जीविका महिला सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा में 51 लाख के लाभ का लेखा-जोखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के कोंच स्थित एक निजी होटल में शनिवार को क्रांति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के बैनर तले सामान्य निकाय की वार्षिक आय-व्यय को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने की जबकि संचालन सचिव पूजा कुमारी ने किया। बैठक में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समिति को कुल 51 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है। लाभ की राशि से समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण और नए रोजगारपरक कार्यों में लगाया जाएगा। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुखिया संघ अध्यक्ष सह गौहरपुर पंचायत के मुखिया शिव कुमार चौहान ने कहा कि जीविका ने ग्रामीण गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में क्रांतिकारी बदलाव किया है। आज जीविका दीदियां न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को आगे ले जाने का काम कर रही हैं। सरकार की सात निश्चय योजना को धरातल पर उतारने में इनकी अहम भूमिका है। बैठक में जीविका के महत्व, गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा, नशा मुक्त बिहार, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान और महिला विकास जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मंजू देवी, रंजीत कुमार, निशा कुमारी सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

# शहीद दिनेश गोस्वामी का शहादत दिवस मना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**काजीसराय (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिला के काजीसराय मदारपुर गांव में शहीद जवान दिनेश गोस्वामी की 24 वीं शहादत दिवस मनाया गया। इस मौके पर उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिनेश गौस्वामी अमर रहें, भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि के नारों से पूरे गांव का माहौल गुंजायमान हो गया। इस संबंध में शहीद के भाई जयनगर जीआरपी में सहायक सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापित राम प्रवेश गोस्वामी ने बताया कि शहीद दिनेश गोस्वामी हमारे सबसे बड़े भाई थे और मैं चौथा। वे 20 अगस्त 2020 को कश्मीर के कुकवाड़ा क्षेत्र में आतंकवादियों से लड़ते-लड़ते शहीद हो गये थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर शेरघाटी में बैठक, अधिकाधिक वादों के निष्पादन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया के निर्देशानुसार आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर शनिवार को अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम-सह-अध्यक्ष, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी, लवकुश कुमार ने की। बैठक में वन विभाग के रेंजर, माप-तौल पदाधिकारी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, बीएसएनएल पदाधिकारी, माइंस एंड मिनरल्स इंस्पेक्टर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों एवं बैंकों के पदाधिकारी शामिल हुए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, को-ऑपरेटिव बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक और यूको बैंक के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष लवकुश कुमार ने सभी संबंधित विभागों एवं बैंकों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने विभाग से जुड़े सुलह योग्य एवं लंबित मामलों को चिन्हित करें। साथ ही संबंधित पक्षकारों को समय पर नोटिस जारी कर लोक अदालत में उपस्थित कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम लोगों को सुलभ, त्वरित और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। इसमें पक्षकार आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर विवादों का समाधान करा सकते हैं। इससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ कम करने में भी मदद मिलती है। बैठक में सभी विभागों और बैंकों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर शनिवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक अनुमंडल कार्यालय टिकारी के संभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सह रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुंदन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रोगी कल्याण समिति के सदस्य नंदकिशोर ठाकुर, चंद्रशेखर सिंह एवं पुष्पा चौरसिया तथा अनुमंडलीय अस्पताल के सचिव सह उपाधीक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुष्मान कार्डधारियों को बेहतर सुविधा देने के लिए अस्पताल के कमरा संख्या 48 में डेंटिंग-पेंटिंग कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी सहमति बनी। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री को अस्पताल के कमरा संख्या 24 में क्रियाशील करने का निर्णय लिया गया। वहीं, आपातकालीन वार्ड के कमरा संख्या 11 तथा प्रसव वार्ड के कमरा संख्या 14, 15 और 16 में एल्युमिनियम विंडो लगाने की सहमति दी गई। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपीडी काउंटर पर बैठने के लिए 3-सीटर कुर्सियां खरीदने की अनुमति दी गई। इसके अलावा ओपीडी काउंटर पर डाटा ऑपरेटरों के लिए तीन कुर्सियां खरीदने पर भी सहमति बनी।

# शहीद राजकुमार सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गुरारू।** इस्माइलपुर रेलवे स्टेशन के पास स्थित शहीद राजकुमार सिंह यादव (पूर्व मुखिया) के स्मारक स्थल पर शनिवार को उनका 34वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद साथियों के सम्मान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद की धर्मपत्नी वेदमिया कुंवर द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। इसके बाद चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने सामूहिक शहीद गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी साथियों व नेताओं ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कामरेड चंद्रशेखर प्रसाद यादव ने की। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शहीद राजकुमार सिंह यादव के संघर्ष और बलिदान को याद किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव ने कहा कि शहीद कामरेड राजकुमार सिंह यादव ने गरीबों, मजदूरों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी।

# कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास वृद्धि में सहायक : ए.एन. सफीना

## ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में कला प्रदर्शनी 'कलाकृति' का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से भव्य कला प्रदर्शनी 'कलाकृति' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मगध प्रमंडल की आयुक्त ए.एन. सफीना और प्रसिद्ध लेखिका डॉ. तिश्या श्री ने संयुक्त रूप से किया। दोनों अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों की पेंटिंग्स और अन्य कलाकृतियों की सराहना की। इस अवसर पर ए.एन. सफीना ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और कल्पनाशीलता सामने लाने का अवसर देते हैं। बच्चों की रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। कला बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु प्रिया ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से कला प्रदर्शनी आयोजित की गई है। हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर या आईएएस बने, यह जरूरी नहीं है। यदि किसी बच्चे में कला की प्रतिभा है तो वह सफल कलाकार बनकर भी जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है। इसलिए बच्चों की रुचि और प्रतिभा को पहचानकर उन्हें उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। डॉ. तिश्या श्री ने कहा कि प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा देखकर उन्हें काफी खुशी हुई। विद्यार्थियों ने शानदार और रचनात्मक कलाकृतियां प्रस्तुत की हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह स्वयं डॉक्टर हैं, लेकिन कला के प्रति अपने शौक और रुचि को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने चिकित्सा पेशे से अलग अपने जुनून को भी महत्व दिया।

CMYK

संपादकीय

# गोर के बयान के मायने

जम्मू कश्मीर को लेकर अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के बयान और उनके श्रीनगर दौरे को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। इस दौरान गोर ने जम्मू कश्मीर की स्थिति को लेकर जो बयान दिया, वह भारत के लिए राहत भरा हो सकता है, लेकिन उसने पाकिस्तान को भड़का दिया है। कूटनीतिक विश्लेषक इस के कारणों की गहराई में जाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या जम्मू कश्मीर को लेकर ट्रंप सरकार की नीति में कोई बुनियादी परिवर्तन आया है या फिर यह केवल भारत को खुश करने की नई चाल है? ये सवाल इसलिए भी अहम है कि गोर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भरोसेमंद अधिकारी समझा जाता है। उल्लेखनीय है कि भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का दौरा किया। गोर साउथ और सेंट्रल एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत भी हैं। उनका यह दौरा तब हुआ है, जब अमेरिकी सरकार ने अपने देश के नागरिकों को कश्मीर न जाने की सलाह दी हुई है, क्योंकि वहां सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। श्रीनगर में उमर अब्दुल्ला से मुलाकात और भ्रमणके बाद र्जियो गोर ने पत्रकारों से बातचीत की में कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का 'अहम' हिस्सा है। मैं यहां पर पहली बार आया हूं। उन्होंने कहा कि 'यह बहुत ही खूबसूरत जगह है। इस जगह को देखकर बहुत खुश हूं। राज्य के मुख्यइमंत्री से हमारी अभी बहुत अच्छी मीटिंग हुई। हमारे कुछ फॉलो-अप्स हैं, इसलिए हम उम्मीद करते हैं कि हम उन्हें वॉशिंगटन, दिल्ली वापस ले जाएंगे। लेकिन यह बहुत गर्मजोशी भरा, बहुत अच्छा रहा और हम इस रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं।' गोर ने संकेत दिया कि अमेरिका जम्मू कश्मीर में अपने पर्यटकों को दी गई ट्रैवल एडवायजरी पर फिर से विचार कर सकता है। खास बात यह है कि गोर जब यह बयान दे रहे थे, तब राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी उनके साथ थे। अब्दुल्ला ने कहा कि गोर के दौरे से कश्मीर और वाशिंगटन के रिश्ते और मजबूत होंगे। गोर के बयान को आम तौर पर सकारात्मक संकेत के रूप में लिया गया है। फिर भी सोशल मीडिया में सवाल पूछे जा रहे हैं कि गोर ने जम्मू कश्मीर को भारत का 'अभिन्न अंग' कहने की जगह 'महत्वपूर्ण' ही क्यों कहा? हालांकि इस शब्द के साथ उन्होंने यह तो मान ही लिया कि जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है। इसे कूटनीतिक सावधानी भी माना जा रहा है। अलबत्ता गोर के इस बयान ने पाकिस्तान को भड़का दिया है। उसने तुरंत पाकिस्तान में अमेरिकी चार्ज डी' अफ़ेयर्स को तलब कर गोर के बयान पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक उसने भारत में अमेरिकी राजदूत द्वारा जम्मू और कश्मीर के दौरे के दौरान जम्मू-कश्मीर की स्थिति के बारे में दिए गए तथ्यात्मक रूप से ग़लत बयानों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर को 'भारत का हिस्सा' बताए जाने की कड़ी निंदा की और इसे स्पष्ट रूप से ख़ारिज कर दिया। इस बात पर ज़ोर दिया गया कि जम्मू-कश्मीर एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त विवादित क्षेत्र है, जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार अपने अंतिम समाधान का इंतज़ार कर रहा है। गौरतलब है कि भारत जम्मू-कश्मीर को अपना अभिन्न अंग मानता है। वहीं पाकिस्तान इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के दख़ल की वकालत करता है। 5 अगस्त 2019 को भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को ख़त्म कर दिया था। दूसरे, हाल में पाकिस्तान और अमेरिका की नजदीकियां काफी बढ़ी हैं। ऐसे में गोर का यह बयान पाकिस्तान के लिए तगड़ा झटका है।

# ईरान के चक्रव्यूह में फंसे ट्रंप

**उधर ईरान की तरफ़ से संभावित ख़तरे के संदेह में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंतिम समय में विमान बदलने से जुड़ी हुई एक हैरतअंगेज़ ख़बर सामने आई। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार पिछले महीने तुर्की में नेटो शिखर सम्मेलन से निकलते समय ट्रंप ने गुपचुप तरीक़े से अपना विमान बदल लिया था। ख़बरों के मुताबिक़ अमेरिकी राष्ट्रपति टेलीविज़न कैमरों की मौजूदगी में एयर फ़ोर्स वन में सवार हुए, फिर उन्हें चुपके से एक ऊंचे एयरपोर्ट कैटरिंग ट्रक में ले जाया गया और एक सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। हालांकि, अब वॉशिंगटन पोस्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने एक बार फिर विमान बदल दिया था। पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप को पुराने एयर फ़ोर्स वन विमान से एक कैटरिंग कंटेनर में बाहर निकाला गया। यह कंटेनर ट्रंप को एक छोटे सी-32ए विमान तक ले गया। इसी विमान से उन्होंने ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी।**

पूरे विश्व की निगाहें इस समय अमेरिका –ईरान के मध्य चल रहे तनावपूर्ण हालात पर लगी हुई है। इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने अपने छल से राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान से एक ऐसे युद्ध में उलझा दिया है जिससे ट्रंप के लिये बड़ी परेशानी खड़ी हो गयी है। विश्व इतिहास में यह पहला मौक़ा है जबकि ईरान जैसा देश प्रत्येक मोर्चों पर अमेरिका को बराबर की चुनौती दे रहा है। नतीजतन ट्रंप के ग़लत फ़ैसलों से अब अमेरिकी सेना के जवान भी ऊब चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिकी नौसेना के एक परमाणु ऊर्जा संचालित सुपर–कैरियर विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन CVN–72 को लेकर एक ऐसी ख़बर आई जिसने पूरी दुनिया को हैरानी में डाल दिया। यह युद्धपोत 21 नवंबर 2025 को सैन डिएगो, कैलिफ़ोर्निया से अपनी निर्धारित यात्रा पर निकला था। शुरुआत में इसे प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में तैनात किया जाना था, लेकिन जनवरी 2026 में इस्राईल –अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध छिड़ जाने के बाद इसे अचानक पश्चिम एशिया/अरब सागर की ओर मोड़ दिया गया।

इस युद्धपोत पर लगभग 5,000 नौसैनिक और मरीन तैनात हैं। इन नौसैनिकों ने समुद्र में लगातार 250 से अधिक दिन बिताए हैं, जिसमें से क़रीब 200 दिन बिना किसी 'पोर्ट कॉल' अर्थात बिना किसी बंदरगाह पर रुके हुये बीते हैं, जो आधुनिक अमेरिकी नौसेना के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। नौसैनिकों व मरीन की इस तैनाती को मूल रूप से मई 2026 में समाप्त होना था, लेकिन ईरान के साथ जारी जंग के कारण इसे बार–बार आगे बढ़ाया गया, जिससे सैनिकों की घर वापसी अनिश्चित हो गई। सैनिकों में पैदा हुये इसी अत्यधिक मानसिक दबाव के चलते कम से कम 6 नौसैनिकों ने युद्धपोत से समुद्र में कूदकर जान देने यानी आत्महत्या करने की कोशिश की, जिन्हें उन्हीं के सैनिक साथियों द्वारा समय रहते बचा लिया गया। इस घटना को लेकर पूरी दुनिया में बड़ी चर्चा छिड़ गई है।

माइक लेविन जैसे कई अमेरिकी सांसदों और मरीन सैनिकों के परिवारों ने भी यह खुलासा किया कि युद्धपोत पर जीवन नरक जैसा हो गया है। कई हफ़्तों तक जहाज़ पर गर्म पानी नहीं मिलता और टॉयलेट्स व शावर आदि ख़राब हो चुके हैं। लॉन्ड्री सुविधा बंद रहने से सैनिक गंदे कपड़े पहनने को मजबूर हैं। युद्धपोत पर भोजन और ज़रूरी सामानों की भारी कमी हो गई, यहाँ तक कि राशन कम होने पर सैनिकों को भोजन में बेहद कम व सीमित मात्रा दी जा रही है। और तो और युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से बहरीन जैसे अमेरिकी ठिकानों से जहाज तक रसद पहुँचाना भी मुश्किल हो गया है।

इस हादसे,अमेरिकी सांसदों के दबाव और परिवारों के आक्रोश के बाद अब अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने घोषणा की है कि युद्धपोत को अब रोटेशन प्लान के तहत वापस बुलाया जा रहा है। मिडिल ईस्ट में इसकी जगह लेने के लिए दूसरे विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन को भेजा जा रहा है ताकि थके हुए सैनिकों को राहत मिल सके। परन्तु इस ख़बर ने वर्तमान समय में अमेरिकी सैनिकों की उबावपूर्ण स्थिति तो उजागर कर ही दी है।

उधर ईरान की तरफ़ से संभावित ख़तरे के संदेह में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंतिम समय में विमान बदलने से जुड़ी हुई एक हैरतअंगेज़ ख़बर सामने आई। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार पिछले महीने तुर्की में नेटो शिखर सम्मेलन से निकलते समय ट्रंप ने गुपचुप तरीक़े से अपना विमान बदल लिया था। ख़बरों के मुताबिक़ अमेरिकी राष्ट्रपति टेलीविज़न कैमरों की मौजूदगी में एयर फ़ोर्स वन में सवार हुए, फिर उन्हें चुपके से एक ऊंचे एयरपोर्ट कैटरिंग ट्रक में ले जाया गया और एक सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। हालांकि, अब वॉशिंगटन पोस्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने एक बार फिर विमान बदल दिया था। पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप को पुराने एयर फ़ोर्स वन विमान से एक कैटरिंग कंटेनर में बाहर निकाला गया। यह कंटेनर ट्रंप को एक छोटे सी–32ए विमान तक ले गया। इसी विमान से उन्होंने ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी। इस दौरान विमान में सवार पत्रकारों और व्हाइट हाउस के कुछ कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। इससे पहले अंकारा में शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वो ईरान का 'नंबर वन निशाना' हैं।

ट्रंप के ईरान से भयभीत होने की एक सबसे बड़ी वजह यह भी है कि जुलाई 2026 में ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान ईरान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या से जुड़े बेहद आक्रामक पोस्टर, बैनर और नारे खुले आम लगाए गए थे। फ़रवरी 2026 में अमेरिका–इस्राईल के हवाई हमलों में अयातुल्ला ख़ामेनेई व उनके कई परिजन शहीद हो गए थे जिसके बाद हुए उनके विशाल अंतिम संस्कार में ईरानी लोगों में काफ़ी आक्रोश देखा गया। अंतिम संस्कार के दौरान राजधानी तेहरान और ख़ामेनेई के दफ़्न वाले शहर मशहद की सड़कों पर जगह जगह अंग्रेज़ी में 'KILL TRUMP' लिखे बड़े–बड़े बैनर और धमकी भरे पोस्टर देखे गये। काले कपड़ों में शामिल महिलाओं और प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में KILL TRUMP लिखे हुए लाल रंग के प्लेकार्ड उठा रखे थे। कई पोस्टर्स में डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और इस्राईली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों पर बंदूक की दूरबीन का निशाना क्रॉस हेयर बना हुआ था। उन पोस्टरों पर नीचे लिखा था– There will be blood यानी ख़ून बहेगा। इसी तरह तेहरान में एक पुल से ट्रंप का एक विशाल बिलबोर्ड (होर्डिंग) लटकाया गया था, जिस पर उनके सिर पर गोली का निशान बना था और लिखा था अमेरिका ने हमारे पिता को मारा है, हम तुम्हें छोड़ेंगे नहीं! और वहां से गुज़रती आक्रोशित भीड़ उस होर्डिंग पर पत्थर बरसा रही थी। ख़ामेनेई के अंतिम संस्कार के जुलूस में भी भीड़ ने सामूहिक रूप से क़सम खाते हुए नारे लगाए कि हम अपने सर्वोच्च नेता के ख़ून की क़सम खाते हैं, ट्रंप हम तुम्हें मार डालेंगे!

मुख्य मंच से कवियों और उद्घोषकों ने लाउडस्पीकर पर चिल्लाते हुए भीड़ से पूछा, दुनिया का सबसे कमीना आदमी (डोनाल्ड ट्रंप) अभी तक ज़िंदा क्यों है? जिसने हमारे इमाम को मारा, हम उसे क्यों न मारें? इसके बाद पूरी भीड़ ने डेथ टू डोनाल्ड के नारे लगाए। यहाँ तक कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा ख़ामेनेई ने भी लिखित बयान जारी कर कहा कि ईरान ने इन अपराधी हत्यारों की एक हिट–लिस्ट तैयार की है और उनसे बदला लेना अब ईरान का राष्ट्रीय संकल्प है। इसतरह के हालात ट्रंप व उनके सुरक्षा सलाहकारों में ईरान के प्रति भयभीत होने के लिए पर्याप्त हैं। यानी कहना ग़लत नहीं होगा कि अपने ही ग़लत फैसलों के चलते ट्रंप ईरान के चक्रव्यूह में बुरी तरह फंस चुके हैं।

अध्यात्म

## भगवान को बिना खिलाए मंदिर से लौटना नहीं

भोजन हो, वस्त्र हो या हर चीज पहले भगवान को समर्पित करता । एक दिन घर में लड्डू बने। ब्राम्हण ने लड्डू लिए और भोग लगाने चल दिया। पत्नी इससे नाराज हो गई । कहने लगी कोई पत्थर की मूर्ति जिंदा होकर तो खाएगी नहीं जो हर चीज लेकर मंदिर की तरफ दौड़ पड़ते हो। अबकी बार बिना खिलाए न लौटना, देखती हूँ कैसे भगवान खाने आते हैं। बस ब्राम्हण ने भी पत्नी के ताने सुनकर ठान ली कि बिना भगवान को खिलाए आज मंदिर से लौटना नहीं है। मंदिर में जाकर धूनि लगा ली। भगवान के सामने लड्डू रखकर विनती करने लगा। एक घड़ी बीती। आधा दिन बीता, न तो भगवान आए न ब्राम्हण हटा। आसपास देखने वालों की भीड़ लग गई। सभी कौतूहलवश देखने लगे कि आखिर होना क्या है। मक्खियाँ भिनभिनाने लगी ब्राम्हण उन्हें उड़ाता रहा। मीठे की गंध से चीटियां भी लाईन लगाकर चली आईं। ब्राम्हण ने उन्हें भी हटाया, फिर मंदिर के बाहर खड़े आवारा कुत्ते भी ललचाकर आने लगे । ब्राम्हण ने उनको भी खदेड़ा। लड्डू पड़े देख मंदिर के बाहर बैठे भिखारी भी आए गए। एक तो चला सीधे लड्डू उठाने तो ब्राम्हण ने जोर से थप्पड़ रसीद कर दिया। दिन ढल गया, शाम हो गई। न भगवान आए, न ब्राम्हण उठा। शाम से रात हो गई। लोगों ने सोचा, ब्राम्हण देवता पागल हो गए हैं, भगवान तो आने से रहे। धीरे-धीरे सब घर चले गए। ब्राम्हण को भी गुस्सा आ गया, लड्डू उठाकर बाहर फेंक दिए। भिखारी, कुत्ते, चीटी, मक्खी तो दिन भर से ही इस घड़ी का इंतजार कर रहे थे, सब टूट पड़े। उदास ब्राम्हण भगवान को कोसता हुआ घर लौटने लगा। इतने सालों की सेवा बेकार चली गई, कोई फल नहीं मिला। ब्राम्हण पत्नी के ताने सुनकर सो गया। रात को सपने में भगवान आए। बोले- तेरे लड्डू खाए थे मैंने। बहुत बढ़िया थे, लेकिन अगर सुबह ही खिला देता तो ज्यादा अच्छा होता। कितने रूप धरने पड़े तेरे लड्डू खाने के लिए, मक्खी, चीटी, कुत्ता, भिखारी। पर तूने हाथ नहीं धरने दिया। दिन भर इंतजार करना पड़ा। आखिर में लड्डू खाए लेकिन जमीन से उठाकर खाने में थोड़ी मिट्टी लग गई थी। अगली बार लाए तो अच्छे से खिलाना। भगवान चले गए। ब्राम्हण की नींद खुल गई। उसे एहसास हो गया। भगवान तो आए थे खाने लेकिन मैं ही उन्हें पहचान नहीं पाया। बस, ऐसे ही हम भी भगवान के संकेतों को समझ नहीं पाते हैं।

मुझमें राम, तुझमें राम सब में राम समाया, सबसे कर लो प्रेम जगत में, कोई नहीं पराया ।

# तीन नए प्रयोग और बदलती राजनीतिक जमीन

**वर्ष 2026 में भारतीय राजनीति में तीन ऐसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं, जो पारंपरिक राजनीति की स्थापित धारणाओं से कुछ अलग दिखाई देते हैं। तीनों घटनाओं की प्रकृति और राजनीतिक परिस्थितियाँ अलग-अलग हैं, लेकिन इनमें एक समानता स्पष्ट है–जनता के एक हिस्से में स्थापित राजनीतिक व्यवस्था के प्रति असंतोष और नए विकल्प की तलाश। अप्रैल 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में नवगठित टीवीके के नेता थलपथी जोसेफ विजय की पार्टी ने सबसे अधिक सीटें हासिल कर द्रमुक और अन्नाद्रमुक जैसी स्थापित पार्टियों के लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व को चुनौती दी। पहली बार चुनाव मैदान में उतरी किसी नई पार्टी की ऐसी सफलता स्वाभाविक रूप से कई सवाल खड़े करती है।**

विजय की विचारधारा का बड़ा हिस्सा तमिल राजनीति की उसी सामाजिक-राजनीतिक जमीन से जुड़ा दिखाई देता है, जिस पर द्रमुक और अन्य द्रविड़ दल लंबे समय से खड़े हैं। फिर उनकी सफलता का कारण क्या है?

तमिलनाडु और दक्षिण भारत के कुछ अन्य राज्यों में फिल्मी सितारों के प्रति जनता का आकर्षण राजनीति में पहले भी दिखाई देता रहा है। अन्नादुरई और करुणानिधि से लेकर एम.जी. रामचंद्रन और जयललिता तक, सिनेमा से राजनीति में आए नेताओं ने अपनी लोकप्रियता को राजनीतिक शक्ति में बदला है। आंध्र प्रदेश में एन.टी. रामाराव इसका बड़ा उदाहरण हैं। थलपथी विजय उसी परंपरा की नई कड़ी हैं।

लेकिन केवल फिल्मी लोकप्रियता से चुनावी सफलता की व्याख्या करना पर्याप्त नहीं होगा। संभवतः स्थापित राजनीतिक दलों से एकरूपता की थकान, युवा मतदाताओं में नए चेहरे की तलाश और विजय का स्वयं को उनकी आवाज के रूप में प्रस्तुत करना भी महत्वपूर्ण कारण रहे हैं।

हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि विजय का करिश्मा कितने समय तक कायम रहेगा। इसका बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि द्रमुक अपनी राजनीतिक और संगठनात्मक कमियों को कितनी जल्दी पहचानकर सुधारती है। तमिलनाडु में भाजपा की स्थिति अभी ऐसी नहीं है कि वह सत्ता की सीधी दावेदार दिखाई दे; उसे अभी अपने आधार को मजबूत करने की चुनौती से गुजरना है।

### प्रशांत किशोर : रणनीतिकार से राजनीतिक नेता तक

दूसरा महत्वपूर्ण नाम जनसुराज पार्टी के संयोजक प्रशांत किशोर का है। वे राजनीति में नए जरूर हैं, लेकिन राजनीतिक प्रक्रिया में नहीं। 2014 से चुनावी रणनीतिकार के रूप में उनकी पहचान किसी भी प्रादेशिक नेता से कम नहीं रही है।

जनसुराज के औपचारिक गठन से पहले ही उन्होंने बिहार को अपना राजनीतिक कार्यक्षेत्र बनाया और पिछले तीन वर्षों में लगभग 3500 किलोमीटर की पदयात्रा की। विधानसभा चुनाव में उन्होंने लगभग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे, लेकिन परिणाम बेहद निराशाजनक रहे और अधिकांश उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा सके।

इसके महज आठ महीने बाद बांकीपुर उपचुनाव में अपनी किस्मत आजमाने और भाजपा की प्रतिष्ठित सीट पर सफलता हासिल करने से निश्चित रूप से बिहार ही नहीं, राष्ट्रीय राजनीति में भी चर्चा तेज हुई। स्वाभाविक रूप से इस परिणाम के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं और इसे 2029 के संभावित राजनीतिक बदलाव का संकेत भी बताया जा रहा है।

लेकिन इतना बड़ा निष्कर्ष निकालना अभी जल्दबाजी होगी। बांकीपुर के चुनाव के समय भाजपा के लिए परिस्थितियाँ पूरी तरह अनुकूल नहीं थीं। छात्र आंदोलन के दबाव में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से सरकार की छवि प्रभावित हुई, भाजपा के भीतर की उठापटक के कारण उम्मीदवार बदलना पड़ा, सवर्ण मतदाताओं में असंतोष था और राजद की निष्क्रियता ने भी चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले के बजाय अलग दिशा दे दी। इन सभी परिस्थितियों का सम्मिलित प्रभाव परिणाम पर पड़ा।

इसलिए बांकीपुर की जीत को तत्काल किसी बड़े राजनीतिक परिवर्तन का निर्णायक संकेत मानना शायद जल्दबाजी होगी। लेकिन पीके को हल्के में लेना भी उतनी ही बड़ी भूल होगी।

2029 में उनकी असली परीक्षा यह होगी कि वे राजद की पिछड़ा-दलित राजनीति के सामने अपना अलग सामाजिक और राजनीतिक आधार कैसे तैयार करते हैं। फिलहाल उनके सामने पहला लक्ष्य राजद के प्रभाव को चुनौती देने योग्य संगठन खड़ा करना होना चाहिए।

बांकीपुर का संदेश फिलहाल इतना जरूर है कि बिहार का युवा मतदाता स्थापित राजनीतिक विकल्पों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है और भाजपा के लिए भी यह एक चेतावनी है।

### अभिजीत दीपके : आंदोलन से राजनीतिक विकल्प तक?

तीसरा नाम अभिजीत दीपके का है। एक छोटी-सी टिप्पणी को आधार बनाकर जिस तरह उन्होंने व्यापक आंदोलन खड़ा किया, वह भारतीय राजनीति में कम देखने को मिलता है। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उनकी राजनीतिक सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है।

हालांकि आंदोलन के शुरुआती लगभग 15 दिनों तक जंतर-मंतर पर मौजूद भीड़ का एक बड़ा हिस्सा राजनीतिक रूप से सक्रिय आंदोलनकारियों के बजाय तमाशबीनों जैसा दिखाई देता था। जब 15 दिन बाद केजरीवाल मंच पर आए, तब आंदोलन का चरित्र तेजी से राजनीतिक होता गया।

इसी दौरान सरकार द्वारा वांगचुक को जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती कराने की कार्रवाई भी राजनीतिक दृष्टि से बड़ी भूल साबित हुई। यदि उसी समय आंदोलनकारियों से बातचीत कर उनके प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक समिति बना दी जाती और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार शुरू कर दिया जाता, तो संभवतः आंदोलन को इतना विस्तार नहीं मिलता।

अब यदि सीजेआई की ओर से सीधे मोदी और शाह के इस्तीफे की मांग की जा रही है, तो इससे आंदोलन के राजनीतिक स्वरूप को लेकर संदेह की गुंजाइश काफी कम रह जाती है। यह भी स्पष्ट हो जाता है कि मामला केवल मूल मांगों तक सीमित नहीं रह गया है। अब भाजपा को किसी गैर-राजनीतिक आंदोलन से नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संगठन से मुकाबला करना होगा। इंडी गठबंधन में 28 के बजाय 29 दलों की संख्या बढ़ जाना अपने आप में कोई बहुत बड़ा राजनीतिक परिवर्तन नहीं है। असली प्रश्न यह है कि दीपके और उनकी पार्टी चुनावी राजनीति में अपने लिए कितनी स्वतंत्र जगह बना पाती है।

सीजेआई यदि जंतर-मंतर पार्ट-2 की तैयारी कर रही है तो सरकार को इस बार पिछली गलतियों से सीखना होगा। किसी भी गैर-राजनीतिक मंच से शुरू होने वाले आंदोलन को प्रारंभिक अवस्था में ही गंभीरता से समझना और उसकी वास्तविक मांगों पर बातचीत करना राजनीतिक रूप से अधिक समझदारी होगी।

### तीनों प्रयोगों का भविष्य

इन तीनों घटनाक्रमों को एक साथ देखने पर भारतीय राजनीति में एक दिलचस्प तस्वीर सामने आती है। थलपति विजय के सामने लोकप्रियता को स्थायी राजनीतिक संगठन में बदलने की चुनौती है। प्रशांत किशोर के सामने रणनीतिकार की पहचान से आगे निकलकर एक मजबूत सामाजिक-राजनीतिक आधार बनाने की चुनौती है। वहीं अभिजीत दीपके के सामने आंदोलन की ऊर्जा को स्थायी राजनीतिक विकल्प में बदलने की चुनौती है। मेरे आकलन में थलपति विजय और प्रशांत किशोर के पास भारतीय राजनीति में लंबे समय तक अपनी जगह बनाने की संभावनाएँ अधिक दिखाई देती हैं। दीपके और उनकी पार्टी के सामने अभी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे किसी एक मुद्दे या आंदोलन से आगे निकलकर अपना स्वतंत्र राजनीतिक आधार कैसे बनाते हैं।

आज जिन वामपंथी बुद्धिजीवियों और विचारकों का समर्थन उन्हें मिल रहा है, संभव है कि चुनावी राजनीति में उनका एक बड़ा हिस्सा अंततः कांग्रेस के साथ खड़ा दिखाई दे। तब असली परीक्षा होगी कि दीपके की राजनीति अपने दम पर कितनी दूर तक जाती है। अंततः 2026 के ये तीनों घटनाक्रम किसी अंतिम राजनीतिक परिवर्तन की घोषणा नहीं करते, लेकिन इतना जरूर बताते हैं कि भारतीय मतदाता–विशेषकर युवा मतदाता–स्थापित राजनीतिक विकल्पों से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है।

नए चेहरे, नए प्रयोग और नए राजनीतिक आख्यान के लिए जगह बन रही है।

2029 तक इनमें से कौन उस जगह को स्थायी राजनीतिक शक्ति में बदल पाता है, भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में यह सवाल महत्वपूर्ण हो सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज कार्यस्थल पर आपकी ऊर्जा और काम की गति की प्रशंसा होगी। आज साझेदारी के कारोबार में लाभ होगा, लेकिन जोखिमभरे निवेश से दूर रहें।

**वृषभ**
आज नौकरी–पेशा लोगों को पदोन्नति की खबर मिल सकती है। व्यापार में नए सौदे होंगे, प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ देंगे। पार्टनर के साथ किसी बात को लेकर गलतफहमी हो सकती है।

**मिथुन**
आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। शेयर/म्यूचुअल फंड में सोच–समझकर निवेश करें। लव लाइफ में नयापन और ताजगी महसूस

**कर्क**
आज काम का बोझ थोड़ा अधिक रह सकता है। कारोबारी हैं तो सोच–समझकर सौदे करें। घरेलू कलह से बचें। अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। मानसिक तनाव से बचें।

**सिंह**
आज नए प्रोजेक्ट की शुरुआत के लिए दिन शुभ है। कारोबार में यात्रा के योग हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**कन्या**
आज कार्य स्थल पर अपनी बौद्धिक क्षमता से कठिन समस्या का समाधान निकाल लेंगे। कारोबारी हैं तो पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है।

**तुला**
सहकर्मियों के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। कारोबारी हैं तो लेनदेन के मामलों में सावधानी बरतें। अविवाहितों को शादी का प्रस्ताव आ सकता है।

**वृश्चिक**
आज कार्यस्थल पर विरोधी शांत रहेंगे और कार्य में सफलता मिलेगी। कारोबार में किसी बड़े निवेश की योजना बन सकती है। पार्टनर के साथ यात्रा पर जाने का योग बन सकता है।

**धनु**
आज नौकरी बदलने का विचार मन में आ सकता है। व्यापारिक सौदे सफल रहेंगे। पार्टनर से किसी बात को लेकर बहस न करें। नए इनकम सोर्स बनेंगे। अनियमित खानपान से पाचन तंत्र प्रभावित होगा।

**मकर**
आज काम में सफलता और उच्च पद का लाभ मिल सकता है। कारोबारी हैं तो व्यापार में विस्तार होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। पैसों के मामले में सतर्क रहें।

**कुंभ**
आज कार्य स्थल पर रुका हुआ काम किस्मत के भरोसे पूरा हो जाएगा। कारोबारी हैं तो भरपूर लाभ की संभावना है। प्रेम जीवन में रोमांस की बढ़ोतरी होगी।

**मीन**
आज ऑफिस में आपके सुझावों का स्वागत किया जाएगा। कारोबार में योजनानों का लाभ मिलेगा। जीवनसाथी आपकी भावनाओं की कद्र करेगा।

संक्षिप्त समाचार

## रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में सावन महोत्सव आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में दिनांक 22 अगस्त 2026 को श्रावणी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।



प्राचार्या प्रो.(डॉ.) सीता सिन्हा ने कहा कि श्रावणी महोत्सव भारतीय सांस्कृतिक चेतना, लोक परंपराओं एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं नैतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय परंपराओं का सम्मान करें। प्रो. (डॉ.) शैलजा सिन्हा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा के विकास के साथ-साथ उनमें सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों का संवर्धन करते हैं। श्रावणी महोत्सव के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा भक्ति गीत, लोकगीत, नृत्य, समूहगान एवं अन्य विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने अत्यंत उत्साह के साथ सराहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकों में प्रो.(डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. अमर कुमार, डॉ. रंजन कुमार, डॉ.मुकेश कुमार राय, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. जया दीक्षित, डॉ. सुबोध चौधरी,श्रीमती भावना सिंह, श्रीमती स्मिता वैदेही, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. हरजीत कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. चित्रलेखा कुमारी, डॉ. शिल्पी शिवानी, डॉ. निशु कुमारी एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में संजय कुमार, रौंकी कुमार आदि उपस्थित रहें।

## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर श्यामा रॉय ने कहा कि सावन भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ कर रखता है। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता, राखी निर्माण प्रतियोगिता और सावन क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



मेहंदी प्रतियोगिता में क्रमशः अनुष्का कुमारी, रिमझिम कुमारी एवं साक्षी कुमारी ने प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी निर्माण प्रतियोगिता में क्रमशः शोभा कुमारी, ईशा कुमारी, एवं आयुषी रंजन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।सावन क्वीन प्रतियोगिता में हिंदी विभाग की सुरुचि दीक्षित ने सावन क्वीन की उपाधि जीती। अंग्रेजी विभाग की वैष्णवी एवं बॉटनी विभाग की कोमल कुमारी द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। प्रोफेसर रागिनी वर्मा ने कहा कि महाविद्यालय ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करता है ताकि छात्राओं में आत्म अभिव्यक्ति का विकास हो। प्रॉक्टर डॉ बिभुबाला ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देते हैं।

## अंतरविद्यालय वक्तृत्व प्रतियोगिता का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल, पटना के तत्वावधान में जोसेफ गल्स्टन सभागार में आज तृतीय वरुण सिंह हुडा अंतरविद्यालय वक्तृत्व प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वाक कौशल, आत्मविश्वास, तार्किक चिंतन और




मंचीय प्रस्तुति के गुणों का विकास करना था। प्रतियोगिता में शहर के 27 प्रतिष्ठित विद्यालयों के 50 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। छात्रों ने समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अधिकारी, सीबीएसई पटना गोपाल लाल यादव ने कहा कि प्रभावी वक्तृत्व केवल मंच पर बोलने की कला नहीं, बल्कि विचारों को सटीक और जिम्मेदार ढंग से समाज तक पहुंचाने का माध्यम है। सम्मानित अतिथि के रूप में नीना हुडा, विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल ओम निर्मल कुमार एवं सीमा कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता के ग्रुप-ए में प्रथम - आर्दश गोयनका (सेंट डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल), द्वितीय - उजमा सज्जाद (जोसफ कॉन्वेंट), तृतीय - मान्या सिंह (लोयोला हाई स्कूल) एवम ग्रुप-बी में प्रथम - न्यासा (दिल्ली पब्लिक स्कूल), द्वितीय - माही कौशिक (सेंट डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल), तृतीय - रेमियल अरिस्टोकल (सेंट माइकल हाई स्कूल) विजेता रहे।

## बदमाशों ने मारपीट कर अधमरा किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसनचक बहरामा गांव में घर के पास बैठे एक व्यक्ति को गांव के चौकीदार के पुत्र और दो अन्य लोगों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया दर्द से कार रहे व्यक्ति ने बताया कि गांव के ही चौकीदार के पुत्र ने घर के पास आकर अचानक बेवजह गाली गलौज करने लगा और विरोध करने पर मारपीट कर जख्मी कर दिया हमें डर है कि थाना में मारपीट करने वाले के पिता चौकीदार हैं न्याय मिलेगी या नहीं।

## चंद्रवंशी महासभा का अभिनंदन समारोह आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अकबरपुर गांव में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार अखिल भारतीय क्षत्रिय चंद्रवंशी महासभा के जिलाध्यक्ष अमलेश कुमार चंद्रवंशी भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ,इंद्रभूषण सिंह सहित समाज के अनेक सम्मानित लोगों एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।चंद्रवंशी समाज के भाइयों, बुजुर्गों, युवाओं एवं मातृशक्ति के बीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर गणमान्य व्यक्ति ने अपने-अपने उदगार व्यक्त किये इस मौके पर अतिथियों को सम्मानित किया गया मौके पर अपने उद्बोधन में प्रेम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि समाज की एकता और भाईचारा ही एक स्वस्थ समाज की पहचान है वहीं भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट होकर सही दिशा में निर्णय लेने की बात कही।

## विवाहिता लापता, अपहरण की आशंका

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के मुरादचक गांव निवासी मुलायम कुमार की पत्नी रीमा कुमारी 11 अगस्त से लापता हैं। इस संबंध में पति ने धनरुआ थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी / अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 10 अगस्त को रीमा कुमारी ने मायके जाने की बात कही थी। 11 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे वह घर से मायके के लिए निकली, लेकिन मायके पहुंची ही नहीं। पति ने जब उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की तो फोन स्विच ऑफ मिला। मायके और रिश्तेदारों से संपर्क करने पर भी कोई जानकारी नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल सका,पीड़ित पति ने एक इंस्टाग्राम आईडी के आधार पर सौरभ कुमार नामक एक युवक पर शत-प्रतिशत संलिप्तता की आशंका जताई है।मुलायम कुमार ने पुलिस से पत्नी के मोबाइल की लोकेशन जांच कर शीघ्र बरामदगी और दोषी पर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## मसौढ़ी के कर्पूरी चौक पर सजी बालू मंडी

**बिना चालान के हो रही बिक्री से राजस्व को नुकसान**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कपूरी चौक पर इन दिनों बालू की अवैध मंडी सजी हुई है। यहां सड़क किनारे दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर बालू लदा खड़ा है, जिसमें अधिकांश वाहनों के पास वैध चालान नहीं है। बावजूद इसके धड़ल्ले से बालू की खरीद-बिक्री की जा रही है स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से शाम तक यहां बालू माफियाओं का जमावड़ा लगा रहता है। बिना चालान के बालू बेचे जाने से सरकार



को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। जबकि खनन विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा समय-समय पर अवैध खनन और बिना चालान वाले बालू लदे वाहनों पर कार्रवाई भी की जाती है, फिर भी बालू व्यवसायी बाज नहीं आ रहे हैं। बताया जाता है कि अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से लाकर यहां डंप किया जाता है और दिन में ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। कपूरी चौक जैसे व्यस्त इलाके में खुलेआम बालू मंडी सजने से प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी हुई है। लोगों ने जिला प्रशासन और खनन विभाग से इस अवैध बालू मंडी पर रोक लगाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकार के राजस्व की हानि को रोका जा सके और वैध रूप से कारोबार करने वालों को परेशानी न हो।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी, अधिवक्ताओं की समस्याओं से हुईं रूबरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं की समस्याओं का जायजा लेने शनिवार को पटना की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनामिका टी मसौढ़ी पहुंचीं। सबसे पहले उन्होंने मसौढ़ी सिविल कोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। इसके बाद अवर न्यायाधीश शशांक चंद्रा के चैंबर में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना। इस मौके पर एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी शामिल रहे, बैठक में अधिवक्ताओं ने बताया कि जब मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय की नई बिल्डिंग बनी थी, तब आश्वस्त किया गया था कि यहां पांच कोर्ट की स्थापना की जाएगी, लेकिन आज तक वह पूरा नहीं हो सका है। अधिवक्ताओं ने मध निषेध कोर्ट, एसीजेएम कोर्ट की स्थापना, कोर्ट परिसर में कैंटीन की व्यवस्था और बुजुर्ग अधिवक्ताओं की परेशानी को देखते हुए कोर्ट भवन में लिफ्ट लगाने की मांग की। साथ ही निमार्णाधीन अधिवक्ता भवन का काम लंबे समय से अधूरा पड़ा होने की शिकायत की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद प्रधान जिला एवं



सत्र न्यायाधीश अनामिका टी ने कहा कि बहुत जल्द मसौढ़ी में मय निषेध कोर्ट सहित अन्य कोर्ट की स्थापना की जाएगी। निमार्णाधीन अधिवक्ता भवन को लेकर उन्होंने मौजूद इंजीनियर को फटकार लगाते हुए टाइम बाउंड निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अधूरे भवन का निर्माण पूरा किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रशासन और अधिवक्ता आपसी तालमेल और सामंजस्य बनाकर न्यायिक कार्यों का क्रियान्वयन करें। इसके बाद वे अधिवक्ता भवन पहुंची और वहां काफी देर तक बैठकर अधिवक्ताओं की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, महासचिव राकेश कुमार, अजीत कुमार, लोकेश कुमार, अनिल शर्मा, लल्लू यादव, विमल कुमार, उपेंद्र कुमार, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम के औचक निरीक्षण में विद्यालय और हॉस्टल की व्यवस्था की खुली पोल

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामशरण स्मारक रेलवे एडेड उच्च विद्यालय सह सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल) में शनिवार को बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी



गरिमा लोहिया ने औचक निरीक्षण किया।एसडीएम के अचानक पहुंचने से विद्यालय परिसर में हलचल मच गई। इस दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अंजनी कुमार सिंह भी मौजूद रहे।विद्यालय पहुंचते ही एसडीएम ने शिक्षकों से मुलाकात कर शिक्षक अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की। इसके बाद उन्होंने कक्षाओं, बाथरूम, पेयजल व्यवस्था समेत पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। जांच के दौरान साफ-सफाई, पेयजल तथा बोर्ड-मार्कर सहित कई आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पाई गई। इस पर एसडीएम ने विद्यालय प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई और प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया।इसके बाद एसडीएम ने कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हॉस्टल टाइप-4 का निरीक्षण किया। यहां छात्राओं ने भोजन, साफ-सफाई और व्यवहार को लेकर कई शिकायतें कीं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि उनसे शिफ्ट के हिसाब से खाना बनवाया जाता है। शिकायत करने पर मारपीट और अभद्र व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया गया।छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने हॉस्टल में मौजूद निजी रसोइया कुमारी रिंकी के खिलाफ जांच कराई। बच्चों से खाना बनवाने और मारपीट के आरोपों के आधार पर निजी रसोइया को बर्खास्त कर दिया गया। वहीं, हॉस्टल की वार्डन कुमारी हिना सिंह से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।हॉस्टल के बाद विद्यालय में तैनात गार्ड अनिल सिंह को लेकर भी छात्रों ने एसडीएम से शिकायत की।

## भेड़िया इंग्लिश में 410 लीटर महुआ शराब बरामद, 5000 लीटर कच्चा जावा नष्ट





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के भेड़िया इंग्लिश गांव के समीप सोन नदी तट से पुलिस ने छापेमारी कर करीब 410 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की।

वहीं, शराब निर्माण के लिए तैयार करीब 5000 लीटर कच्चा जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के अनुसार, सोन नदी के तटवर्ती इलाके में अवैध रूप से महुआ शराब बनाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम के पहुंचते ही शराब निर्माण में जुटे लोग मौके से फरार हो गए। मामले में पालीगंज थाने में कांड दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार कारोबारियों की पहचान करने में जुटी है। शराब निर्माण एवं बिक्री में शामिल लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## गैस कनेक्शन के नाम पर किसी को नकद राशि का भुगतान न करें

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गेल (इंडिया) लिमिटेड के पटना सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र के अंतर्गत पटना एवं आसपास के क्षेत्रों में गैस पाइपलाइन बिछाने, गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा अन्य संबंधित कार्य गेल द्वारा अधिकृत संविदाकारों एवं उनके कर्मियों के माध्यम से किए जा रहे हैं। गेल ने आम जनता से अपील की है कि गैस कनेक्शन प्रदान करने, पाइपलाइन बिछाने अथवा अन्य संबंधित कार्यों के लिए किसी भी संविदाकार, कर्मचारी, फील्ड कर्मी या अन्य व्यक्ति को किसी भी प्रकार की नकद राशि का भुगतान न करें। गेल ने कहा है कि यदि कोई व्यक्ति गेल से संबंधित होने का दावा करते हुए गैस कनेक्शन, पाइपलाइन कार्य अथवा किसी अन्य सेवा के नाम पर नकद राशि, कमीशन या किसी प्रकार की अनधिकृत राशि की मांग करता है, तो उसे कोई भुगतान न किया जाए। ऐसी किसी भी मांग अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल गेल के संबंधित कार्यालय या अधिकृत माध्यम को दी जाए।

## बी.डी. कॉलेज में 'नशामुक्त भारत अभियान' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.डी. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद के अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी संयुक्त तत्वाधान में 'नशामुक्त भारत अभियान' के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. विनोद कुमार, नीतू तिवारी, डॉ. विजय शंकर विक्रम, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन उमा, बहन साक्षी, भाई हरेंद्र, डॉ. शत्रुधन प्रसाद सिंह, लेफ्टिनेंट राहुल कुमार सिंह एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारी उमा बहन ने नशामुक्ति के लिए राजयोग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि ब्रह्माकुमारी साक्षी बहन ने उपस्थित लोगों को योग और ध्यान का अभ्यास कराया। भाई हरेन्द्र जी के द्वारा नशा की समस्या एवं नशामुक्ति पर विषय प्रवेश कराया गया। प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने अध्यक्षीय उद्बोधन में जोर देकर कहा कि मादक पदार्थों का



सेवन न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार, शिक्षा, सामाजिक जीवन और राष्ट्र के विकास को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने बताया की ड्रग्स का एक बृहत लाखों करोड़ों का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार चल रहा है। उन्होंने छात्र एवं छात्राओं, प्रतिभागियों से स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और जागरूकता फैलाकर सकारात्मक बदलाव का वाहक बनने का आह्वान किया। इस दौरान 'नशा छोड़ो - जीवन जोड़ो' और 'स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' जैसे नारे प्रमुखता से गूंजे। एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों को नशामुक्त जीवन को बढ़ावा देने की शपथ दिलाया गया। मंच का संचालन NSS के प्रोग्राम पदाधिकारी डॉ. विजय शंकर विक्रम द्वारा किया गया। वही स्वागत भाषण ठरर की प्रोग्राम पदाधिकारी नीतू तिवारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का समापन एक नशामुक्त भारत के निर्माण तथा समाज में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक मूल्यों को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ। इस कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया।

## पुनपुन पुलिस ने स्कूली बच्चों के बीच नशा मुक्ति को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवाओं और स्कूली छात्रों में बढ़ते नशे के दुष्प्रभाव को देखते हुए पुनपुन पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शनिवार को थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में नशा के खिलाफ विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने नवम एवं दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कम उम्र में नशे की लत लगने से पढ़ने वाले बच्चों की मानसिक स्थिति बिगड़ जाती है, उनका व्यवहार बदल जाता है, पढ़ाई से ध्यान हट जाता है और भविष्य अंधकारमय हो जाता है। नशा न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि परिवार और समाज





को भी बर्बाद कर देता है।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने छात्रों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहें और अपने करियर और जीवन को बचाएं। उन्होंने कहा कि अगर आसपास कोई नशा बेचता है या किसी साथी को नशा करते देखते हैं, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस या शिक्षकों को दें।उन्होंने छात्रों को शपथ भी दिलाई कि वे खुद नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी पुलिस के इस अभियान की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में जागरूकता बढ़ती है।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## मोकामा में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

**हाई फ्लड लेवल से महज 1.32 मीटर नीचे**

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी का जलस्तर शनिवार को खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया। जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण मोकामा के लगभग सभी गंगा घाटों पर पानी काफी फैल गया है। तपस्वी जी गंगा घाट पर नदी का पानी बढ़कर सीढ़ियों के करीब पहुंच गया है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ने लगी है।हाथीदह में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से करीब 0.43 मीटर ऊपर बह रहा है। जलस्तर में प्रतिदिन लगभग एक से सवा फीट की वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान में हाथीदह और मोकामा क्षेत्र में गंगा का जलस्तर हाई फ्लड लेवल से महज 1.32 मीटर नीचे है।जलस्तर में इसी रफ्तार से वृद्धि जारी रही तो अगले तीन से चार दिनों में गंगा हाई फ्लड लेवल को पार कर सकती है। इससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा और बढ़ सकता है।इधर, मोकामा प्रखंड के औंटा गांव में भी बाढ़ का पानी तेजी से





फैल रहा है। शीला उच्च विद्यालय और पंचायत सरकार भवन के समीप तक पानी पहुंच गया है। लगातार बढ़ते जलस्तर को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ने लगी है। स्थानीय लोग गंगा के जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## योजनाओं में गड़बड़ी की जांच करने गए पदाधिकारी वापस लौटे



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के धनावां मुबारकपुर पंचायत के विकास योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर गांव के ही विवेका सिंह ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी बाढ़ और जिला पदाधिकारी पटना से लिखित शिकायत की थी जिसके आलोक में अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बाढ़ अजीत कुमार सिंह शुक्रवार के दिन मामले की जांच करने धनावां मुबारकपुर गांव पहुंचे इस दौरान जांच स्थल पर मीडिया को देखते ही भड़क गए और जांच का वीडियो नहीं बनाने का नसीहत देते हुए वीडियो बनाने पर प्राथमिक की दर्ज करने की धमकी दे डालें। उधर जांच टीम के सामने ही सूचक विवेका सिंह और पंचायत के कथित मुखिया प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह में तीखी बहस होने लगी जिसको लेकर जांच पदाधिकारी बैरंग वापस लौट गए। मामले पर सूचक विवेका सिंह का कहना है कि जांच पदाधिकारी को धरातल पर जांच करनी चाहिए थी लेकिन मीडिया को देखकर भड़क गए और बिना जांच किए वापस लौट गए। इसकी शिकायत जिला अधिकारी पटना से की जाएगी और मामले को मुख्यमंत्री जनता दरबार में भी ले जाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर घोटाले को लेकर विजिलेंस से भी गुहार लगाई जाएगी। उन्होंने पंचायत में बिना काम किया कई योजना से अवैध निकासी का आरोप लगाया है। जिसको लेकर प्रखंड कार्यालय से अनुमंडल कार्यालय तक हड़कंप मचा हुआ है। विवेका का कहना है कि यदि पंचायत के योजनाओं की सही तरीके से जांच की जाए तो मुखिया गोपाल कुमार बर्खास्त तक हो सकते हैं अभी सम्राट सरकार हाल ही में बिहार के 2000 मुखिया के कार्यशाली पर जांच कर रही है पूरा विश्वास है कि हमारे पंचायत से भी भ्रष्टाचार दूर होगा वहीं मामले पर जब जांच पदाधिकारी से पूछने का प्रयास किया गया तो वह मीडिया से मुखातिब हुए बिना सीधा अनुमंडल मुख्यालय वापस लौट गए।

## घर से निकालने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चक्रमसी गांव की एक महिला ने अपने पति पर बिना तलाक लिए दूसरी शादी करने और मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए धनरूआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। आवेदिका मनती देवी (39 वर्ष), पति सुंदर भूषण उर्फ गौतम कुमार, ग्राम-चक्रमसी ने बताया कि उनकी 12 वर्ष की बेटी अनुष्का कुमारी है।

## बिजली चोरी में 6 लोगों पर 85,587 का जुर्माना

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विद्युत विभाग ने धनरुआ थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग छापेमारी दल का गठन कर मोरियाँवा और साण्डा गांव में छापेमारी की गई, जिसमें 6 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता पीयूष कुमार और आशीष कुमार ने धनरुआ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पहली छापेमारी मोरियाँवा मेन रोड टेम्पू स्टैंड के पास की गई। जांच में पाया गया कि ग्राम मोरियाँवा निवासी विपिन पासवान (38 वर्ष) और हरेन्द्र महतो (37 वर्ष) के पास कोई वैध कनेक्शन नहीं था।

## संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट, एसडीएम ने किया तटबंधों का निरीक्षण





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन, करुआ समेत कई नदियों में लगातार हो रही बारिश के कारण जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही मसौढ़ी अनुमंडल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित बाढ़ के खतरे को देखते हुए एसडीएम धनराज कुमार ने शनिवार को दल-बल के साथ धनरूआ प्रखंड के कई बाढ़ संभावित और संवेदनशील इलाकों का दौरा कर तटबंधों का निरीक्षण किया, एसडीएम ने धनरुआ प्रखंड के धमौल, छोटकी धमौल, रेडीबीघा छाती, विजयपुरा, नसरतपुर, पुनपुन तटबंध सहित अन्य निचले इलाकों में बने बांधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटावरोधी कार्य, बालू भरे बैग की उपलब्धता और पिचिंग कार्य की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कटाव वाले स्थानों को चिन्हित कर तुरंत मरम्मत कार्य पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल कार्यपालक पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, अनुमंडल शासी पदाधिकारी प्रभु सिंह, बाढ़ नियंत्रण एसडीओ धर्मेंद्र कुमार अस्सिटेंट इंजीनियर ,अंचलाधिकारी किशोरी चौधरी, राजस्व अधिकारी अनिरुद्ध यादव, थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित प्रखंड के कई अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम धनराज कुमार ने बताया कि संभावित बाढ़ को लेकर एक महीना पहले से ही तैयारी पूरी कर ली गई थी। सभी संवेदनशील तटबंधों पर बालू से भरे हजारों बैग, बांस-बल्ला और पिचिंग सामग्री का भंडारण कराया गया है। तटबंधों की मरम्मत और मजबूतीकरण का कार्य भी लगभग पूरा कर लिया गया है। उन्होंने अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि सभी तटबंधों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। जहां भी रिसाव, कटाव या दबाव की स्थिति दिखे, वहां बिना देर किए बालू भरे बैग और पिचिंग से बचाव कार्य शुरू किया जाए। साथ ही निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और आपात स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए पहले से सूचित करने को कहा गया है।एसडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन की नजर सभी नदियों के जलस्तर पर है। बाढ़ से निपटने के लिए नाव, राहत सामग्री और अन्य संसाधन तैयार रखे गए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया जा सके।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जनता के दरबार में 51 आवेदकों की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 51 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से कारवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। भूमि विवाद,



अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम विभागीय जांच के साथ वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार एवं सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण सीकरिया शिक्षण संस्थान बीएड कॉलेज में सावन महोत्सव का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राधा कृष्ण सीकरिया शिक्षण संस्थान B.Ed कॉलेज राधा नगर मोतीहारी में श्रावण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. शंभूनाथ सीकरिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त



रूप से किया गया। जिसके अंतर्गत मेहंदी, राखी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें सफल छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में नजन परवीन को प्रथम पुरस्कार को दिया गया एवं अंजलि कुमारी को द्वितीय एवं खुशबू कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। राखी प्रतियोगिता में प्रीति आनंद को प्रथम पुरस्कार एवं पूजा शर्मा को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। संध्या कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया और डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रीति आनंद ,रागिनी कुमारी को द्वितीय और तृतीय मुस्कान जायसवाल को दिया गया। संगीत कार्यक्रम में रूपवंती कुमारी को पुरस्कृत किया गया। बड़े हर्षोल्लास के साथ सावन महोत्सव का समापन वर्षा रानी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में दीपा गुप्ता आदित्य कुमार, कमलेश कुमार, रीना रानी, निरुपमा, गुड़िया, खुशी ,सुनील कुमार ,केशव और अनु ने सहभागिता की और कार्यक्रम को सफल बनाया इसमें सैकड़ो की संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

### जनता दरबार में पांच मामलों का हुआ निष्पादन

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी रवि शेखर ने विभिन्न मामलों को लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान भूमि एवं राजस्व से जुड़े विभिन्न मामलों के कुल पांच नए आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, पूर्व से लंबित पांच मामलों की सुनवाई करते हुए उनका निष्पादन किया गया। अधिकारियों ने फरियादियों की



समस्याओं को गंभीरता से सुना और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान राजस्व अधिकारी रामप्रवेश साहू, कार्यालय कर्मी लाल जी, संजीत कुमार, एकमा थाना से एसआई जावेद आलम सहित काफी संख्या में राजस्व मामलों से संबंधित फरियादी मौजूद रहे। अंचलाधिकारी रवि शेखर ने संबंधित कर्मियों को लंबित मामलों का समयबद्ध तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से रेल सुरक्षा जागरूकता अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन में BNR स्टेशन के समीप समपार फाटक संख्या 31अ पर रेल सुरक्षा जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आमजन, दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों तथा राहगीरों को संदेश दिया गया



कि बंद समपार फाटक को किसी भी परिस्थिति में पार न करें, क्योंकि ऐसा करना जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकता है। लोगों को जल्दबाजी से बचते हुए फाटक खुलने तक धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया।नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह भी जागरूक किया गया कि चलती ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर यात्रा करना तथा रेलवे लाइन पर ट्रेन के निकट सेल्फी लेना अत्यंत खतरनाक है और इससे गंभीर दुर्घटनाएँ हो सकती हैं।

### मोटरसाइकिल की चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बेढना फोरलेन के पास गांव के ही वशिष्ठ कुमार पिता विनोद पासवान सड़क किनारे अपना स्प्लेंडर लगाकर खेत का पटवन कर रहा था तभी घात लगाए चोर ने मोटरसाइकिल का लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल को स्टार्ट करते हुए ले भागा। जब किसान की नजर मोटरसाइकिल चोर पर पड़ा तो तब तक लेट हो चुकी थी मोटरसाइकिल को लेकर चोर बख्तियारपुर की ओर फरार हो गया। चोर की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है पीड़ित के द्वारा हाल के दिनों में खुले फोन लाइन पुलिस चौकी पर घटना की सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस मोटरसाइकिल चोर की तलाश करने में जुट गई है पीड़ित के द्वारा इसकी लिखित शिकायत भी की गई है।

### महिला को चाकू मार कर जख्मी किया

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना से सेट स्लम बस्ती में शनिवार की दोपहर शहजादी खातून नामक महिला को बगल के ही गोलू नाम का युवक ने चाकू से मुंह पर ऊपर प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पिड़ित महिला ने बताया कि उसकी बेटी की शादी हो चुकी है और तीन बच्चे की मां भी है इसके बावजूद मोहम्मद गोलू नाम का युवक मोबाइल से हमारी बेटी को अक्सर परेशान किया करता है जिसको लेकर मैंने उसे समझाने के लिए प्रयास किया तो वह हमारे साथ मारपीट करने के साथ-साथ चाकू से हमारे मुंह पर हमला कर दिया जिससे मैं बुरी तरह से जख्मी हो गई । पुलिस के पास गई तो उन्होंने पहले इलाज करवाने की बात कहीं इसके बाद में अस्पताल आई हूं शहजादी खातून के चेहरे पर कई टांके लगे हैं । पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गई है और गोलू को हिरासत में भी ले लिया है वहीं घटना को लेकर दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी हुई है घायल महिला के परिजन भी काफी आक्रोश में है।

### खेत से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

परिजनों का आरोप करंट लगाकर की गई हत्या

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय के मणिचक और हरिजन स्कूल के बीच स्थित खेत में शनिवार की शाम एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाने की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान मणिचक निवासी भोला कुमार, पिता स्व. बैजनाथ प्रसाद के रूप में हुई है। जो वार्ड पार्षद आशा देवी के देवर है, परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर किसी ने करंट लगाकर उसकी हत्या कर दी है। वहीं थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है, वहीं परिजनों का जो आरोप है उसके पहलुओं की भी जांच की जाएगी, बहरहाल बाकी मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। घटना के बाद मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी हैं। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी है।

# मंडल कारा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं मछली पालन का प्रशिक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली, वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में मंडल कारा, हाजीपुर में बंदियों के सुधार, कौशल विकास एवं सामाजिक पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था, हाजीपुर द्वारा मंडल कारा परिसर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से बंदियों को नशे के दुष्प्रभावों, नशे से होने वाली सामाजिक एवं पारिवारिक क्षति तथा नशामुक्त जीवन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। बंदियों को यह संदेश दिया गया कि नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन अपनाकर वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं तथा अपने परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदार भूमिका निभा सकते हैं।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशानुसार बंदियों को कारा अवधि के दौरान कौशल विकास एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से RUDSET संस्थान, हाजीपुर द्वारा मंडल कारा, हाजीपुर में 35 बंदियों को मछली पालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के



माध्यम से बंदियों को मछली पालन की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक तकनीकों, तालाब प्रबंधन, मत्स्य पालन की आवश्यक प्रक्रियाओं तथा इससे स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य बंदियों में उपयोगी कौशल विकसित कर उन्हें भविष्य में सम्मानजनक आजीविका से जोड़ना है। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने कहा कि कारा व्यवस्था का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि सुधार, कौशल विकास और पुनर्वास के माध्यम से बंदियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाना भी है। नशामुक्ति जागरूकता तथा रोजगारपरक प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम बंदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जिला प्रशासन द्वारा मंडल कारा में बंदियों के मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास के लिए विभिन्न जागरूकता एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि वे कारा से बाहर निकलने के बाद आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## मिलावटी खाद्यान्न पर रोक को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में सघन छापेमारी, 5 प्रतिष्ठानों से 9 खाद्य नमूने संग्रहित

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम तथा आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी, हाजीपुर श्री रामबाबू बैठा के नेतृत्व में जदुआ सब्जी मंडी, जदुआ मार्केट एवं जदुआ बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष छापेमारी एवं जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 05 प्रतिष्ठानों की जांच की गई तथा विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 09 नमूने संग्रहित किए गए(संग्रहित खाद्य नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट अथवा गुणवत्ता संबंधी अनियमितता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानकों



एवं प्रचलित नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट करने, निर्धारित गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने अथवा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि आदि की जांच अवश्य करें तथा किसी प्रकार की मिलावट या अनियमितता की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम में पूरे बिहार में पूर्वी चम्पारण अव्वल

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय समीक्षा-सह-क्षमता संवर्धन कार्यशाला में पूर्वी चम्पारण जिले ने पूरे राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। पटना में आयोजित उक्त कार्यशाला में राज्य के सभी 38 जिलों में शिक्षा





विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम की प्रगति, क्रियान्वयन की गुणवत्ता एवं शैक्षणिक नवाचारों की गहन समीक्षोपरांत पूर्वी चम्पारण जिले द्वारा कक्षा 6 से 8 के गणित एवं विज्ञान विषयों में 'कर के सीखना' पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन, दीक्षा पोर्टल पर Micro Improvement Projects के शत-प्रतिशत पूर्णता, नियमित विद्यालय भ्रमण एवं प्रखंड स्तरीय PBL मेलों के सफल आयोजन को सर्वोत्तम पाया गया। इसके उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र मिला। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्री राजन कुमार गिरि ने बताया कि यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों, जिला तकनीकी दल, जिला अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन दल के सदस्य श्री नागेन्द्र प्रसाद एवं कमलेश कुमार सिंह, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों एवं प्रखंड तकनीकी दल के सदस्यों के अथक परिश्रम का परिणाम है। यह हमारे सरकारी विद्यालयों में आ रहे शैक्षणिक बदलाव का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का प्रत्येक बच्चा रटने की बजाय समझ कर और करके सीखे। वहीं पढ़िये, समझिये, करिये और सीखिये पर जोर देते हुए इसे बरकरार रखने पर जोर देते हुए,उन्होंने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी गुणवत्ता को बनाए रखने का निर्देश दिया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान श्री ब्रजेश कुमार ने कहा कि पी बी एल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गणित और विज्ञान के कमजोर बच्चों को भी आसान तरीके से मॉडल के सहारे, स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं संभाग प्रभारी रामदेव महतो ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी पूरी उर्जा से टीम को उपयोगी कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।

## सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रत्येक दिन करें विद्यालयों का औचक निरीक्षण

औचक निरीक्षण मध्याह्न भोजन की अवधि के दौरान करें एवं बच्चों के पंगत में बैठकर खुद भी खाना खाएं

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक कार्य दिवस में विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें। औचक निरीक्षण मध्यान भोजन के लिए निर्धारित समय पर करें और खुद भी बच्चों के पंगत में बैठकर मध्यान भोजन ग्रहण करें। मध्यान भोजन की क्वांटिटी, क्वालिटी और हाइजीन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। विद्यालय भ्रमण के दौरान पदाधिकारी विद्यालय परिसर की साफ सफाई सहित रसोई घर की व्यवस्था जरूर देखें। रसोई घर की साफ सफाई मुकम्मल हो और उसमें कोई भी अनावश्यक सामग्री नहीं रहे से सुनिश्चित कराएं। रसोई घर की खिड़की में यथाशीघ्र जाली (नेट) लगवा दें। निर्देश दिया गया कि सभी पदाधिकारी मध्यान भोजन ग्रहण करते हुए अपना फोटो संबंधित ग्रुप में व्हाट्सएप के माध्यम से भेजेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मैं स्वयं भी देखूंगा और उप विकास



आयुक्त के द्वारा भी समय-समय पर विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा और इन चीजों को अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार भी उपस्थित थे। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान नामांकन की स्थिति, नामांकन के विरुद्ध बच्चों की भौतिक उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्धता, विद्यालय की अगर कोई समस्या है तो इससे संबंधित एक नोट बनाएं और इसका प्रतिवेदन जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बैठक के दौरान बताया गया कि जिला की कुल सात प्रखंडों में एजेंसी के माध्यम से मध्यान भोजन कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि खाना की गुणवत्ता और सर्विस से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसमें कहीं से शिकायत मिलेगी तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिन विद्यालयों में सिविल वर्क चल रहे हैं अथवा जिन विद्यालयों में होना है और कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उन सभी विद्यालयों की कनीय अभियंता के साथ जांच करें। विद्यालयों में चल रहे सिविल वर्क को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि इससे संबंधित गूगल शीट बनाएं और स्कूल वार किये जा रहे कार्यों और उसके प्रगति को गूगल शीट में प्रतिदिन दर्शाएं। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत सभी 33 सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल)में लाइव क्लासेस संचालित की जा रही है। साथ ही बीएसईबी पटना द्वारा विकसित मोबाइल एप 'विद्या साथी' के माध्यम से 247 विद्यार्थी शिक्षकों से अध्ययन कर सकते हैं एवं अपनी समस्या / प्रश्नों का हल प्राप्त कर सकते हैं।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंडों के कनीय अभियंता उपस्थित थे।

शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा दिया गया आदेश

## ब्रह्मकुमारीज के तत्वाधान में श्रीचंद उदासीन कॉलेज में नशा-मुक्त अभियान, बी.के. पूजा ने बांधे रक्षा सूत्र



**हिलसा /दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय एस.यू. कॉलेज, हिलसा में शनिवार 22 अगस्त को एनएसएस एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त युवा अभियान का आयोजन हुआ। यह 10 करोड़ों लोगों की नशा-मुक्ति की शपथ का महा-अभियान के तहत पूज्य दादी प्रकाशमणि जी की पावन स्मृति में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. शिवचंद्र सिंह ने कहा जीवन तभी सफल होगा जब हम जीवन में सकारात्मक रहें, नशा मुक्त जीवन जीने का निर्णय हर व्यक्ति को लेना चाहिए। मेरी माँ को दांत में दर्द हुआ तो एक वैद्य ने खैनी-तंबाकू दांत में रखने की सलाह दी, जिसके चलते मेरे अन्य भाई खैनी के एडिक्ट हो गए। शौक से शुरू होकर नशा धीरे-धीरे आदत बन जाता है। इसके लगातार एडिक्ट होने से मानव में कई तरह के मानसिक व शारीरिक दोष उत्पन्न हो जाते हैं। नशा आदमी को नाश की तरफ ले जाकर पटक्षत करता है। इस अवसर पर प्राध्यापक संदीपा इंद्रा, डॉ. सम्राट सरकार, डॉ. अश्विनी झा, डॉ. पीसी चौरसिया, प्रो. अरविंद कुमार, बीसीए के अध्यापक राजमणि कुमार, मीडिया प्रभारी डॉ. राजीव नयन, डॉ. शिवप्रसाद ठाकुर, मुनिल पटेल, एकाउंटेंट रोनित रॉय, गुड्डू, मधुसूदन कुमार, सियापति देवी व 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य आकर्षण - ब्रह्मकुमारी बहन बी.के. पूजा ने सभी स्टाफ्स को चंदन तिलक कर रक्षा सूत्र बांधे और सुक्लिके और नारियल बर्फी का प्रसाद दिया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. पिंकी कुमारी ने ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ मिलकर छात्र-छात्राओं को नशा के विरुद्ध शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजक - प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिलसा के तरफ से कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति हुई।

### सड़क हादसे में युवक जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कोंदी गांव में हाई स्कूल के पास पैदल जा रहे किशोर सूरज कुमार को एक पिकअप वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किशोर सड़क किनारे गिरकर जख्मी हो गया। बाद में स्थानीय लोगों के द्वारा किशोर को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां किशोर का इलाज चल रहा है। परिजनों ने बताया कि भागने वाले वाहन को सीसीटीवी फुटेज में खोजा जा रहा है वहीं पुलिस भी मामले की छानबीन कर रही है।

## चाणक्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्रों का हंगामा, रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप

बीएससी नर्सिंग के 90 फीसदी विद्यार्थियों को फेल करने का दावा, जांच की मांग पर अड़े छात्र, एसएच-2 पर एक घंटे तक जाम

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के रकसिया गांव स्थित चाणक्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सैकड़ों विद्यार्थियों ने शनिवार दोपहर बीएससी नर्सिंग के परीक्षा परिणाम को लेकर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के बाहर प्रदर्शन करते हुए संस्थान प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।



इसके बाद छात्रों ने विक्रम-पालीगंज SH-2 मुख्य मार्ग को रकसिया गांव के समीप करीब एक घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों का आरोप है कि बीएससी नर्सिंग के परीक्षा परिणाम में कॉलेज के करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थियों को फेल कर दिया गया है। छात्रों का कहना है कि कई मेधावी और टॉपर विद्यार्थियों को भी उम्मीद से काफी कम अंक मिले हैं। इससे विद्यार्थियों में कॉलेज प्रबंधन के प्रति आक्रोश है। छात्रा अंजली कुमारी ने आरोप लगाया कि संस्थान प्रबंधन की ओर से सेंटर मैनेजमेंट और फॉर्म भरने के नाम पर प्रत्येक विद्यार्थी से 10,800 रुपये लिए गए थे। विद्यार्थियों का आरोप है कि राशि लिए जाने के बावजूद संस्थान की कथित लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा में असफल हो गए। छात्रों ने कहा कि रिजल्ट में कथित गड़बड़ी के कारण उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में यदि कॉलेज के किसी प्रोफेसर या प्रबंधन की लापरवाही अथवा संलिप्तता सामने आती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। साथ ही परीक्षा परिणाम की दोबारा जांच कराकर प्रभावित विद्यार्थियों को न्याय दिलाने की मांग की गई। इधर, संस्थान का पक्ष जानने के लिए प्रबंधक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया । छात्रों के प्रदर्शन के चलते रूट-2 पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगने से वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी हुई।

# बच्चों को शिक्षा के साथ संवेदनशीलता, सुरक्षा और सम्मान देना शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी : डीएम

- विशाखापत्तनम की हालिया घटना से सीख लेते हुए जिला पदाधिकारी ने निजी विद्यालयों के शिक्षकों को किया बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार के प्रति जागरूक

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित, सहज, भयमुक्त एवं संवेदनशील वातावरण देना भी हम सबों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह ने समाहरणालय, हाजीपुर स्थित पुष्करणी में जिले के निजी विद्यालयों के शिक्षकों के साथ 'शिक्षक वार्ता' आयोजित कर बच्चों के प्रति शिक्षकों के व्यवहार, उनकी भावनात्मक जरूरतों तथा विद्यालयों में सकारात्मक वातावरण को लेकर विस्तार से संवाद किया।हाल के दिनों में विशाखापत्तनम के एक निजी विद्यालय में हुई घटना के संदर्भ में जिला पदाधिकारी ने कहा कि ऐसी घटनाएं हम सभी के लिए गंभीर आत्ममंथन का विषय हैं। विद्यालय बच्चों के लिए सीखने, विकसित होने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का स्थान है। यहां भय, अपमान या शारीरिक दंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए।उन्होंने निजी विद्यालयों के शिक्षकों से से कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा दायित्व है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों के साथ हमारा व्यवहार कैसा है। हमें बच्चों को समझना होगा, उनकी भावनाओं को समझना होगा और उनके साथ मित्रता एवं विश्वास का संबंध विकसित करना होगा। डीएम ने कहा कि कई बार बच्चे अपनी बात स्पष्ट रूप से व्यक्त नहीं कर पाते। ऐसी स्थिति में शिक्षक का दायित्व और बढ़ जाता है। बच्चे का मन आहत न हो, उसमें भय या हीनभावना उत्पन्न न हो तथा वह अपनी समस्या शिक्षक के सामने सहजता से रख सके-इसके लिए शिक्षकों को धैर्य, करुणा और



संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन के नाम पर बच्चों के साथ कठोर अथवा अपमानजनक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। किसी बच्चे की गलती को सुधारने के लिए समझाना, संवाद करना और सकारात्मक तरीके अपनाना अधिक प्रभावी है। शिक्षक बच्चों के लिए केवल विषय पढ़ाने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि उनके मार्गदर्शक एवं रोल मॉडल भी होते हैं। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कराना नहीं है, बल्कि बच्चों के बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं नैतिक विकास के साथ उनके आत्मविश्वास का निर्माण करना भी है। इसके लिए विद्यालयों में ऐसा वातावरण आवश्यक है, जहां बच्चे स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करें। 'शिक्षक वार्ता' के दौरान जिला पदाधिकारी ने निजी विद्यालयों के शिक्षकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, चुनौतियों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना। शिक्षकों ने विद्यालय संचालन एवं शिक्षा व्यवस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। जिला पदाधिकारी ने शिक्षकों द्वारा उठाए गए विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा देते हुए कहा कि प्रशासन और शिक्षकों के बीच नियमित एवं सीधा संवाद शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन निजी विद्यालयों के साथ समन्वय के माध्यम से ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें बच्चों की सुरक्षा, गरिमा, मानसिक सहजता और सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की वार्ता का उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान करना नहीं, बल्कि शिक्षकों और प्रशासन के बीच विश्वास एवं सहयोग का मजबूत संबंध स्थापित करना भी है। शिक्षक विद्यालय स्तर पर बच्चों की समस्याओं और व्यवहार को सबसे करीब से समझते हैं। उनके अनुभव एवं सुझाव प्रशासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे प्रत्येक बच्चे को सम्मान दें, उसकी बात सुनें, उसकी भावनाओं को समझें और आवश्यकता पड़ने पर अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित करें। हर बच्चे को सुरक्षित, सम्मानजनक और प्रेमपूर्ण वातावरण में शिक्षा मिले-इसी सोच के साथ सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के शिक्षक एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएच के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले चिकित्सक

## एक्सरे मशीन दुरुस्त करने का निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एसडीओ अमित राजन ने शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया। एक चिकित्सक अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। इस संबंध में उन्होंने जानकारी दी कि डॉ. नम्रता प्रिया, डॉ. रश्मि कुमारी, डॉ. इरफानुजोहा एवं डॉ. शान्ता कुमारी की ड्यूटी ओपीडी में थी, जिसमें डॉ.जोहा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। साथ ही रोस्टर के अनुसार उनकी ड्यूटी 18, 20 एवं 21 अगस्त को भी थी, लेकिन उनके द्वारा उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज नहीं की गई है।

बताया गया कि एक्स रे मशीन खराब पाई गई। निर्देश दिया कि इसे मरम्मत करा लिया जाए। प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी द्वारा बताया गया कि अपोलो फाउंडेशन के माध्यम से पीपीपी मोड में अभी तक कुल 140 डायलिसिस किया गया है। एसडीओ ने निर्देश दिया कि डायलिसिस यूनिट का प्रचार-प्रसार वृहद रूप से कराया जाय। मॉड्यूलर ओटी के निरीक्षण के दौरान प्रभारी डीएस द्वारा बताया गया कि बीआरबीसीसीएल द्वारा सीएसआर फंड से संपोषित कार्य पूर्ण हो चुका है। एसडीओ ने निर्देश दिया कि प्रभारी उपाधीक्षक इसे यथाशीघ्र कार्यशील कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

बताया गया कि ओपीडी में कुल-212 दवाओं में से 195 उपलब्ध है। बताया गया कि अगस्त में कुल 48 व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। शनिवार को आठ मरीजों का अल्ट्रासाउंड कराया गया। अस्पताल की साफ-सफाई जीविका के माध्यम से होती है। यहां 20 जीविका कर्मियों को नियुक्त किया गया है। छह बीसीजी, छह हेपाटाइटिस एवं सात रेबीज का टीकाकरण किया गया है। अगस्त में अब तक कुल 83 महिलाओं का प्रसव अस्पताल में कराया गया है। सात व्यक्तियों को निःशुल्क काउन्सलिंग की गई। कुल आठ मरीजों का फिजियो किया गया है। 10 मरीजों का ईसीजी किया गया।

# दान दी गई जमीन पर अब तक नहीं बना स्कूल

## भूमि दाताओं ने पुनः उठाई मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** जमीन और उसके हक की बात होती है, तो अक्सर आपने लड़ाइयों का जिक्र ही सुना होगा। भाई-भाई की टकराहट से लेकर सत्ता के संघर्षों के केंद्र में भी जमीनें ही रही हैं, लेकिन, 37 साल पहले औरंगाबाद के राजा बिगहा में लोगों ने साक्षरता का सपना देखा तो, इसे पूरा करने के लिए अपनी जमीनें दान कर दीं। ये कहानी जिले के मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत राजा बिगहा के स्व. बाजीत यादव की त्याग गाथा तो है ही, साथ ही शासन की लेटलतीफी और शिक्षा के प्रति उदाशीनता का एक स्पष्ट उदाहरण है। गांव में स्कूल बनाने का सपना लिए स्व. बाजीत यादव ने अपने हक की जमीन सरकार को दान कर दी। लेकिन इन 37 सालों में इस जमीन पर शिक्षा के मंदिर की नींव तक नहीं रखी जा सकी है। राजा बिगहा के बच्चों के लिए विद्यालय नहीं था। बच्चों को गांव में ही शिक्षा मिल सके। इस कवायद के लिए 1989 में ग्रामीणों के आपसी बातचीत के बाद स्व. बाजीत यादव ने 37 डिसमिल जमीन बिहार सरकार को दान दी थी। विडंबना ये है कि स्व. बाजीत यादव और अन्य ग्रामीण स्कूल बनने की आस लिए स्वर्ग सिधार गए, लेकिन मजाल क्या कि सरकार और शिक्षा विभाग को जो एक बार भी याद आई हो कि किसी राजा बिगहा में बच्चों के लिए स्कूल भी बनाना है। स्व. बाजीत यादव के वंशजों का कहना है कि स्कूल खोलने के लिये जमीन तो दान में दी, लेकिन उनके जीते स्कूल नही खुलने का मलाल भी रहा। जानकार बताते हैं कि राजा बिगहा एक सुदूर ग्रामीण इलाका है। यहां स्कूल नहीं होने से बच्चों का शिक्षा प्रभावित होता है। निराश होकर एक बार फिर स्व. बाजीत यादव के वंशजों ने सांसद अभय कुशवाहा और विधायक प्रमोद कुमार सिंह से स्कूल निर्माण करवाने की मांग की है। इस संबंध में भूमि दाता के परपोता संजीत कुमार यादव ने बताया कि राजा बिगहा काफी सुदूर इलाका है। यहां के बच्चों को चार किलोमीटर दूर विद्यालय जाना पड़ता है। लड़के तो चले जाते है, लेकिन लड़कियों के लिए था समस्या होती है। वर्षों पहले हमारे परदादा ने बिहार सरकार को 37 डिसमिल जमीन दान दी थी। लेकिन अब तक जमीन पर स्कूल न बनना निराशाजनक है। इस संबंध में उन्होंने स्थानीय जन प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से संपर्क भी किया है, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अब वे इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलने का प्रयास करेंगे।

## रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोप पर नर्सिंग छात्रों का हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** गौतम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स संस्थान में शनिवार को लगातार चैथे दिन छात्र-छात्राओं का आक्रोश देखने को मिला। मैनेजमेंट के नाम पर राशि लिए जाने और रिजल्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए वर्ष 2024-28 बैच के बीएससी नर्सिंग सेमेस्टर-1 के छात्र-छात्राओं ने कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा किया।आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज परिसर में तोड़फोड़ करते हुए टीवी, कुर्सियां, खिड़कियों के शीशे, गमले समेत कई सामान क्षतिग्रस्त कर दिए। इसके बाद छात्रों ने शांतिदूत अस्पताल के बाहर भी रोड़ेबाजी की, जिससे अस्पताल के बड़े दरवाजे क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई है।छात्रों का आरोप है कि सेमेस्टर-1 की परीक्षा में करीब 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का परिणाम खराब हुआ है। उनका कहना है कि रिजल्ट में गड़बड़ी के साथ-साथ मैनेजमेंट के नाम पर राशि भी ली गई है। इसी को लेकर छात्र लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी धर्मराज कुमार, अंचलाधिकारी राजकमल, थानाध्यक्ष राज कुमार चैधरी सहित ललित विजय और दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने उग्र छात्र-छात्राओं को समझाकर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। फिलहाल कॉलेज परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है।वहीं, कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों को पूरी तरह गलत और बेबुनियाद बताया है। प्रबंधन का कहना है कि जिन छात्रों ने पढ़ाई और मेहनत की, वे परीक्षा में सफल हुए, जबकि पढ़ाई में लापरवाही बरतने वाले छात्र असफल हुए हैं। प्रबंधन ने मैनेजमेंट के नाम पर राशि लेने और रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों को भी सिरे से खारिज किया है। मामले में प्रशासनिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी।

## उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम

**बिहारशरीफ।** बिंद प्रखंड क्षेत्र के उतरथू पंचायत में शनिवार को किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं उचित उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसलों में आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि मिट्टी की जांच के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। संतुलित मात्रा में उर्वरकों के इस्तेमाल से फसल की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बनाए रखा जा सकता है। कार्यक्रम में किसानों से अनावश्यक एवं अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से बचने तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने की अपील की गई। मौके पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनता दरबार में फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**बिहारशरीफ।** बिंद अंचल कार्यालय में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों एवं फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इस दौरान भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, जमीन की रसीद, सीमांकन सहित अन्य राजस्व संबंधी मामलों को लेकर लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।जनता दरबार में अंचलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना और संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं एक मामले का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जिससे संबंधित फरियादी को तत्काल राहत मिली। जनता दरबार में अंचलाधिकारी रामायण कुमार ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से समाधान के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत उनकी समस्याओं की सुनवाई की जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनता दरबार में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मामलों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।

## रजौली व्यवसायिक संघ का कार्यकाल पूर्ण, बैठक 31 को



**रजौली ।** रजौली व्यवसायिक संघ के तीन वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यसमिति बैठक का आयोजन सुखदेव कैरियर सेंटर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार ने की। बैठक के दौरान संगठन के पिछले तीन वर्षों के कार्यों की समीक्षा की गई और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 31 तारीख को रजौली स्थित ठाकुरबारी में एक व्यापक आम साधारण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रजौली के सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को एक मंच पर एकजुट करना, संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रखरता से उठाकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना है। अध्यक्ष संदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात नियमानुसार संघ के पुनर्गठन और चुनाव की प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसकी रूपरेखा और आगे की तिथि इसी 31 तारीख की बैठक में सभी व्यवसायियों की सहमति से तय होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ के संरक्षक दिलीप कुमार, नवशीश कुमार, आनंद कुमार नटरु के मार्गदर्शन में सचिव चंदन कुमार सेठ, मनोज कुमार, हेमंत कुमार, राजू कुमार, ऋतिक कुमार, अरविंद विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, संतोष लाल, पवन साह, सुबोध साह, अजय सेठ सहित कार्यकारिणी समिति के तमाम पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में व्यापारी हितों की रक्षा और संगठन के विस्तार का संकल्प दोहराया।

# मानस महामंडल ने मनाई तुलसीदास जयंती




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुटुम्बा।** मानस महामंडल के तत्वावधान में शनिवार को उच्च कोटि के रामभक्त एवं महाकवि तुलसीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से हुआ। तुलसीदास के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा हुई। स्कूली बच्चों एवं बच्चियों के कई समूहों ने रामचरित मानस की पंक्तियों का पाठ किया। गोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक राजेश्वर सिंह और संचालन प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहु ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि ऐसे समय में जब कुछ लोग अपनी संस्कृति का विध्वंस कर रहे हैं, मानस महामंडल द्वारा प्रतिवर्ष तुलसी जयंती मनाना प्रशंसनीय है। बच्चों में रामकथा के प्रति अनुराग पैदा कर उन्हें तुलसी साहित्य से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुलसीदास समकालीन हिंदी कवियों में सर्वाधिक लोकप्रिय रहे और संस्कृत के विद्वान होने के बावजूद रामचरित मानस की रचना अवधी में की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि नास्तिकता की अंतधार्रा के बीच तुलसी जयंती मनाना स्वागतयोग्य है। रामचरित मानस कालजयी रचना और भारतीय आचारशास्त्र है, जो जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रो. रामाधार सिंह ने मानस के सात कांडों के प्रतीकों की चर्चा करते हुए कहा कि तुलसीदास ने सामाजिक दायित्व निभाया और मानस ने सामाजिक संस्कार को ऊंचा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विनय कुमार गुप्ता ने तुलसीदास को श्रद्धा और भक्ति का कवि बताया। प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने मानस की पंक्तियां पढ़ने और राम के चरित्र को अपनाने की अपील की।

धनंजय जयपुरी ने तुलसीदास के विलक्षण व्यक्तित्व और सनातन परंपरा में उनकी रचनाओं की प्रासंगिकता बताई। डॉ. ओम प्रकाश ने बच्चों से नियमित मानस पाठ करने को कहा। अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने मानस को भक्ति, धर्म और कर्म की त्रिवेणी बताया। सुरेश विद्यार्थी ने मानस की पंक्तियों का सस्वर गायन किया। अरुण सिंह ने तुलसीदास को संत कवि बताते हुए मानस को उत्तम हिंदी महाकाव्य कहा। यदु मौआर और स्कूली बच्चियों ने भजन तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सत्येंद्र दुबे, गोपाल दुबे, देव नंदन राम, रामगति राम, उमेश सिंह, उपेंद्र सिंह, महेंद्र मेहता, रामनाथ साव, ब्रजेश तिवारी, धनंजय पांडेय, सोमनाथ प्रसाद और गोपाल चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 6.5 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर पुलिस ने एक व्यक्ति को साढ़े छह किलो गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने घटनाक्रम के बारे में प्रेस को जानकारी दी। बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से अकबरपुर से प्रभात सुमन उर्फ टेनी उम्र 32 वर्ष के घर से कुल छह किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बताया कि प्लास्टिक के बोरा में यह गांजा रखा हुआ था। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुअनि प्रदीप कुमार, शैलेश कुमार सिंह, सुदीश कुमार एवं परमानंद कुमार यादव, पुसअनि भूपेन्द्र सिंह एवं सत्येन्द्र तिवारी, सिपाही नितिश कुमार, सकिना खातुन व प्रशान्त कुमार शामिल थे।

# एसपी ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा द्वारा आयोजित 'जनता दरबार' में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की शिकायतें और समस्याएं सुनी गईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना तथा मामलों के त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित मामलों की जानकारी लेने के बाद पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मामले में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, क्योंकि पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय देना और बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना है. एसपी के समक्ष सीधे अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलने पर फरियादियों ने संतोष व्यक्त किया।

## फिजियोथेरेपी क्लिनिक का उद्घाटन 23 को

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** शहर में अत्याधुनिक फिजियोथेरेपी सुविधाओं से लैस आयुष्मान फिजियोथेरेपी क्लिनिक का भव्य उद्घाटन 23 अगस्त, रविवार को शाम पांच बजे एमजी रोड स्थित महेश एकेडमी मार्केट कॉम्प्लेक्स में होगा। उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों के अनुसार, यह मगध और शाहाबाद क्षेत्र में आधुनिक फिजियोथेरेपी उपकरणों से सुसज्जित प्रमुख क्लिनिकों में से एक होगा।

क्लिनिक का उद्घाटन मगध रेंज, गया के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव, आईपीएस करेंगे। समारोह में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह तथा औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

क्लिनिक के संस्थापक डॉ. शशिकांत हैं, जबकि कार्यक्रम में प्रो. डॉ. रीना सिंह, रीडर एवं वैज्ञानिक, डीबीटी, मिनिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार की भी विशेष उपस्थिति रहेगी। डॉ. शशिकांत ने एमपीटी तथा एमएचएसएम की विशेषज्ञता हासिल की है।

# विद्या निकेतन में मनी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद) ।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता और सीईओ आनंद प्रकाश ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के उपस्थिति में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर पुष्प वर्षा,दीप प्रज्वलन और उनका पूजन कार्य किया। अकाउंटेंट रामानुज दुबे ने मंत्र-उच्चारण करके तुलसीदास के जीवन के दिखाये मार्गों को प्रशस्त किया। सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत थे, जिन्होंने जीवन के उद्देश्यों को लोगों को बताया। बताया कि मानव सेवा, गरीबों की सेवा और भगवान राम के बताए गए मार्गों पर चलकर ही अपने जीवन की सार्थकता को साबित कर सकते हैं। सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि भगवान राम के बताए गए आदर्शों का पालन गोस्वामी तुलसीदास जी ने किया और वे हम सभी को जीवन के सच्चाई और जीवन की सार्थकता की प्रेरणा हमेशा से देते रहे हैं। सावन मास के शुक्ल पक्ष के सप्तमी तिथि को उन्हें याद कर उनके आदर्शों की पुनरावृत्ति कर रहे हैं। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी भारतवर्ष के लिए एक आदर्श हैं। उनके बताएं मार्गों पर आज पूरा विश्व बंधुत्व भावना के साथ जुड़ा हुआ है। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस को लिखा और सुविचारों से युक्त पाठ प्रदर्शक के रूप में पूरे मानव जाति के बीच अपने आप को स्थापित किया। अर्चित पाण्डेय, शुभम कुमार, आकृति दुबे, राहुल कुमार, अंशिका कुमारी, आयुष रंजन, साक्षी कुमारी, सिद्धि पाठक, पीयूष रंजन, अनमोल कुमार, वैष्णवी पांडेय, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। प्रशासक संदीप कुमार, शिक्षक राजेश पांडे, गिरिजा ठाकुर, सुमित कुमार सोनी,अखिलेश कुमार सिंह, अमितेश नन्दन,सत्येंद्र कुमार, शिवम कुमार,रामारानी जैन,सुमन कुमारी,रिया कुमारी, मनीषा कुमारी, सुहानी सिंह,फिरदौश नाज, अकाउंटेंट अनिल कुमार, कंप्यूटर ओपरेटर रौशन कुमार,प्रवीण कुमार उपस्थित रहे।

## ड्राइवर महासंघ ने निभाया फर्ज

# हादसे में मृत चालक की पत्नी को दिए 2.06 लाख और सिलाई मशीन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** मानवता और एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए बिहार ड्राइवर महासंघ ट्रेड यूनियन ने सड़क दुर्घटना में मृत चालक के परिजनों को आर्थिक मदद का हाथ बढ़ाया है।

संघ ने नगद राशि के साथ सिलाई मशीन देकर दिवंगत चालक की पत्नी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। यह पहल संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार राय और जिलाध्यक्ष साहेब यादव के निर्देशन में रजौली प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में की गई। कार्यक्रम में अकबरपुर प्रखंड अध्यक्ष दयानंद यादव, नारदीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुदामा यादव सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दिवंगत चालक के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**2.06 लाख की मदद और स्वरोजगार का सहारा :-** बीते 22 जुलाई को बिहारशरीफ के समीप सड़क हादसे में दिवंगत विपिन कुमार अपने पीछे पत्नी पिंकी कुमारी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं, जिसमें बड़ी बेटी सलोनी नौवीं की, छोटी बेटी संजना तीसरी की और बेटा साहिल सम्राट पांचवीं का विद्यार्थी है। संघ के सदस्यों ने पत्नी पिंकी कुमारी को 1.51 लाख रुपये नगद और एक सिलाई मशीन भेंट की। इससे एक सप्ताह पहले भी संघ की ओर से 55 हजार रुपये की मदद की जा चुकी है। इस तरह अब तक पीड़ित परिवार को संघ द्वारा कुल 2.06 लाख रुपये की सहायता दी जा चुकी है।

**बेटियों की शादी में भी करेंगे मदद :-** प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने परिवार को भरोसा दिलाया कि संघ इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज के मतलबी दौर में कोई किसी का साथ नहीं देता, लेकिन ड्राइवर महासंघ अपने सदस्यों के परिवार को कभी अकेला नहीं छोड़ता। उन्होंने यह भी घोषणा की कि दिवंगत की दोनों बेटियों की शादी में संघ बढ़-चढ़कर मदद करेगा। साथ ही विपिन कुमार द्वारा कराए गए इंश्योरेंस का लगभग 22 लाख रुपये का क्लेम निकलवाने में भी हर संभव सहयोग किया जाएगा।

**सरकार से मुआवजे की मांग, चालकों से जुड़ने की अपील :-** संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि चालक देश और राज्य की अर्थव्यवस्था को चलाने में दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन सड़क दुर्घटना में मौत या अपंगता पर सरकार की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिलता।

महासंघ इस लड़ाई को सरकार तक ले जाएगा। इस मौके पर संघ ने क्षेत्र के सभी चालकों से बिहार ड्राइवर महासंघ से जुड़ने की अपील की, ताकि किसी भी विपत्ति में संगठन एकजुट होकर मदद कर सके।

# जिला स्तर तक होगा उर्दू भाषा का प्रचार-प्रसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नगर भवन में बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के उर्दू निदेशालय और जिला प्रशासन के उर्दू कोषांग के संयुक्त तत्वावधान में आज उर्दू भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने तथा उर्दू लेखन प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उर्दू प्रोत्साहन राज्य योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के मैट्रिक , इंटर, स्नातक और समकक्ष स्तर के अध्यनरत प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न समसामयिक और सामाजिक विषयों पर अपने प्रभावी विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने के साथ उर्दू भाषा और साहित्य के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से उर्दू के प्रति विद्यार्थियों की रुचि जगाने और अभिव्यक्ति कौशल को निखारने में सहायता मिलती है। सर्व प्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता विशेष सैदुल हसन खा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उपस्थित उर्दू भाषी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उर्दू भाषा मुल्क की तहजीब, अदब और मोहब्बत की जुबान है। उन्होंने विद्यार्थियों से उर्दू भाषा के अध्ययन को बढ़ावा देने तथा इसकी समृद्ध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए पंचायत स्तर से जिला स्तर तक उर्दू में आवेदन करने, उर्दू दैनिक समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं का क्रय करने सहित अन्य माध्यमों से भाषा को प्रोत्साहित करने की अपील की। इसके उपरांत मैट्रिक, इंटर एवं स्नातक/समकक्ष स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए वाद-विवाद (तकरीरी) प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# ई-निबंधन और पेपरलेस पंजीकरण से घर बैठे रजिस्ट्री और बुकिंग की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा जिले में लागू ई-निबंधन एवं पेपरलेस भूमि एवं संपत्ति पंजीकरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नई व्यवस्था के क्रियान्वयन, नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं, सेवा प्रदाताओं की भूमिका तथा आमजनों के बीच इसके व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। औरंगाबाद जिला निबंधन कार्यालय में पेपरलेस निबंधन व्यवस्था 3 अगस्त से तथा अवर निबंधन कार्यालय, दाउदनगर में 17 अगस्त से प्रारंभ की गई है। ई-निबंधन व्यवस्था का उद्देश्य निबंधन प्रक्रिया को हैसल-फ्री, पारदर्शी, सुरक्षित एवं नागरिक-केंद्रित बनाना है। नई व्यवस्था में नागरिक द्वारा नागरिक पहचान पत्र बनाकर आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड किए जा सकते हैं तथा निबंधन के लिए ऑनलाइन स्लॉट/अपॉइंटमेंट बुक किया जा सकता है। निर्धारित तिथि पर निबंधन कार्यालय में आवश्यक बायोमेट्रिक, फोटो एवं केवाईसी सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद डिजिटल दस्तावेज मोबाइल/व्हाट्सऐप पर लिंक के माध्यम से उपलब्ध होगा तथा कार्यालय द्वारा रंगीन हार्ड कॉपी भी प्रदान की जाएगी। ई-निबंधन के प्रमुख लाभ - स्टाम्प की कमी की समस्या से मुक्ति, ई-निबंधन व्यवस्था के तहत ई-स्टाम्प की सुविधा उपलब्ध होने से भविष्य में स्टाम्प की उपलब्धता अथवा स्टाम्प की कमी से संबंधित समस्या नहीं रहेगी। डिजिटल साइन की सुविधा - नई व्यवस्था में दस्तावेजों पर डिजिटल साइन की सुविधा रहेगी। इससे हस्ताक्षर की प्रामाणिकता सुनिश्चित होगी तथा हस्ताक्षर की अनधिकृत नकल अथवा दुरुपयोग की संभावना कम होगी।

**घर बैठे रजिस्ट्री की बुकिंग**

नागरिक घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निबंधन के लिए आवेदन एवं स्लॉट एवं अपॉइंटमेंट बुक कर सकेंगे। इससे वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं अन्य जरूरतमंद नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी और उन्हें छोटी-छोटी प्रक्रियाओं के लिए बार-बार निबंधन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

डिजिटल रिकॉर्ड से अधिक सुरक्षा निबंधन से संबंधित रिकॉर्ड डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेंगे। इससे रिकॉर्ड में अनधिकृत छेड़छाड़ अथवा बदलाव की संभावना कम होगी और रिकॉर्ड सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप में उपलब्ध रहेंगे। हार्ड कॉपी के साथ डिजिटल दस्तावेज भी उपलब्ध - निबंधन की तिथि को नागरिक को दस्तावेज की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही डिजिटल दस्तावेज का *लिंक भी साझा किया जाएगा, जिसे नागरिक आवश्यकता पड़ने पर घर बैठे डाउनलोड कर सकेंगे।

# पंचायत स्तर पर सक्रिय हुए सीआरसी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भगवानपुर।** शनिवार को प्रखंड के सभी पंचायत में शिक्षा विभाग ने पंचायत स्तर पर कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर को एक्टिव कर दिया है। नई गाइडलाइन के तहत अब सीआरसी सिर्फ प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि शिक्षक सहयोग, अकादमिक संवाद, सहकर्मी अधिगम और मेंटरिंग का मंच बनेगा। इसको लेकर निदेशक प्राथमिक शिक्षा ने सभी डीईओ व डीपीओ एसएसए को संशोधित मार्गदर्शिका भेजी है। मार्गदर्शिका के अनुसार सीआरसी स्तर पर अब हर महीने तीन शनिवार को बैठकें 11 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक होंगी। माह के पहले शनिवार को कक्षा 1, 2 व 3 के नामित शिक्षक, दूसरे शनिवार को कक्षा 4 व 5 के शिक्षक तथा प्राथमिक कक्षाओं के अन्य शिक्षक जो प्रथम सप्ताह में उपस्थित नहीं हुए थे व तीसरे शनिवार को मिडिल स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षक भाग लेंगे, जबकि शेष शनिवार विषय-विशेष बैठक, साझा योजना निर्माण या अन्य अकादमिक गतिविधियों के लिए आरक्षित रहेगी। बैठक का मुख्य फोकस मिशन निपुण बिहार के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शैक्षणिक रणनीतियां, निपुण लक्ष्य, निपुण ट्रैकर की समीक्षा, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, कठिन विषयों का समाधान, कमजोर बच्चों के लिए रणनीति और शिक्षकों के नवाचार-केस स्टडी साझा करने पर होगा। बैठक में स्थानांतरण, नियुक्ति, भवन जैसे प्रशासनिक मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी तथा एजेंडा पिछली बैठक में ही तय होगा। हर बैठक का दस्तावेजीकरण होगा और अच्छे नवाचारों को जिला-राज्य स्तर पर भेजा जाएगा, वहीं उत्कृष्ट शिक्षकों को सीआरसी पर सम्मानित भी किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत अब समन्वयक सप्ताह में 2 दिन स्कूल जाएंगे। हर महीने कम से कम 8 स्कूल और 16 कक्षाओं का अवलोकन जरूरी है। पहले दिन कक्षा 1 से 4 व दूसरे दिन कक्षा 5 से 8 का अवलोकन करेंगे और हर भ्रमण में कम से कम 2 कक्षाओं का अवलोकन होगा। कक्षा अवलोकन के लिए ई-शिक्षाकोष पर उपलब्ध क्लासरूम ऑब्जरवेशन टूल का उपयोग किया जाएगा।

# नाव दुर्घटना से बचाव पर बच्चों को किया जागरूक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को नावकोठी प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत अगस्त माह के चौथे शनिवार के निर्धारित विषय नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सुरक्षित नाव यात्रा तथा डूबने की घटना से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।मध्य विद्यालय सैदपुर विष्णुपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अकहा, ररिऔना, मध्य विद्यालय रजाकपुर, मध्य विद्यालय नावकोठी, मध्य विद्यालय चक्का, मध्य विद्यालय देवपुरा सहित कई विद्यालयों के फोकल शिक्षक हरिहर सहनी, आलोक कुमार, कुमुद रंजन, शुभम कुमार, ललन यादव, अंकित यादव, राम उदय कुमार, मो. शाहिद अंसारी,विजय कुमार एवं श्रवण कुमार ने बच्चों को बताया कि नाव से यात्रा के दौरान हमेशा पंजीकृत नाव का ही उपयोग करना चाहिए। पंजीकृत नाव पर प्रशिक्षित नाविक, भार आरेख तथा सफ़ेद पट्टी का निशान रहता है। क्षमता से अधिक यात्रियों से भरी नाव अथवा जानवरों को ढोने वाली नाव पर यात्रा नहीं करनी चाहिए।शिक्षकों ने बताया कि नाव पर लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, रस्सी, पानी उलीचने का बर्तन तथा प्राथमिक उपचार पेटी जैसे जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध रहना जरूरी है। आंधी, तूफान एवं तेज बारिश के दौरान नाव से यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई। बाढ़, व्रत-त्योहार एवं मेले के दौरान नदी, नहर और तालाब में स्नान अथवा आवागमन करते समय विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संजीत कुमार, शंभू महतो, सुनील कुमार, प्रमोद कुमार, राजेश कुमार, अशोक शर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद थे।

# आयुक्त ने की नीलाम पत्र वादों की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने आज नीलाम पत्र वादो को लेकर भागलपुर एवं बांका जिलो के जिलाधिकारयों और संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भागलपुर प्रमंडल के दोनों जिलों के जिलाधिकारियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन तथा सरकारी राजस्व की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा लंबित मामलों की स्थिति, वसूली की प्रगति तथा न्यायालयों में वादों के निष्पादन की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान नोटिस एवं वारंट की कार्रवाईः जिन वादों में दफा-7 के अंतर्गत नोटिस की तामिला हो चुकी है, उनमें अंतिम चेतावनी निर्गत करने का निर्देश दिया गया। अंतिम चेतावनी के बावजूद राशि की वसूली नहीं होने की स्थिति में संबंधित बकायेदारों के विरुद्ध यथाशीघ्र बॉडी वारंट जारी करने को कहा गया।

**डिस्ट्रेस वारंट के माध्यम से वसूली :** अधिकतम सरकारी राजस्व की वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से डिस्ट्रेस वारंट निर्गत करने का निर्देश दिया गया, ताकि बकाया राशि की वसूली में तेजी लाई जा सके।

**न्यायालयों की संख्या में विस्तार :** भागलपुर जिले में नीलाम पत्र वादों के त्वरित निष्पादन के लिए वर्तमान में कार्यरत न्यायालयों की संख्या बढ़ाते हुए अतिरिक्त न्यायालय सृजित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सर्टिफिकेट न्यायालयों के बीच लंबित वादों का समानुपातिक रूप से बंटवारा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे मामलों के निष्पादन की गति में वृद्धि हो सके।

**रजिस्टर का नियमित मिलान एवं सुनवाई :** सभी सर्टिफिकेट पदाधिकारियों को रजिस्टर-9 एवं रजिस्टर-10 का नियमित रूप से मिलान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को न्यायालय में मामलों की नियमित सुनवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

## अचेत मिला अज्ञात व्यक्ति

**बड़हरा (भोजपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सिन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत फरहदा गांव के पास बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति को जख्मी हालत में सड़क किनारे पड़ा मिलने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची गश्ती दल ने व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए बड़हरा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि त्व्यक्ति को मिर्गी का दौरा आया था। स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार अभी तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। थाना प्रभारी राजू कुमार ने पत्रकार बंधुओं व ग्रामीणों से अपील की है कि आसपास के गांवों में इस संबंध में जानकारी जुटाकर व्यक्ति की पहचान कराने में सहयोग करें।

# अंतिम सोमवारी पर थानेश्वर स्थान में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** श्रावण मास की अंतिम सोमवारी को जिले के विभिन्न शिवालयों, विशेषकर प्रसिद्ध थानेश्वर स्थान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने विधि-व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से थानेश्वर स्थान मंदिर और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास मार्ग, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतिम सोमवारी पर संभावित अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रवेश और निकास के लिए व्यवस्थित मार्ग तैयार रखा जाए। पर्याप्त बैरिकेडिंग के साथ श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सीसीटीवी और निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने को कहा। डीएम ने नगर निकाय एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को मंदिर परिसर और आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, पर्याप्त पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम और एसपी ने स्पष्ट किया कि अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेगा। श्रद्धालुओं को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से पूजा-अर्चना का अवसर मिले, इसके लिए सभी तैयारियां समय से पूरी करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया।

# बाढ़ की आहट के बीच विधायक ने कसी कमर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड में गंगा और सोन नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए बड़हरा विधानसभा क्षेत्र में संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शनिवार को बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रखंड कार्यालय में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ निलेश कुमार, सीओ अंशु प्रसून समेत स्वास्थ्य, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, बाढ़ नियंत्रण, पीएचईडी, बिजली, एसडीआरएफ सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने सीओ को छोटी नावों की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने भोजपुर डीएम मनेष मीणा से फोन पर बात कर दूसरे जिले से भी नाव मंगाने की बात कही। साथ ही कोईलवर के राजस्व पदाधिकारी को भी नाव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक ने पशुपालन विभाग को चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पशु चारा संग्रहित रखने तथा स्वास्थ्य विभाग को संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने और पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। पीएचईडी से पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की जानकारी ली। बाढ़ नियंत्रण विभाग को गंगा के जलस्तर, तटबंधों और संभावित कटाव पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कहीं कटाव की स्थिति नहीं है। वहीं एसडीआरएफ की टीम को पूरी तरह मुस्तैद रहने तथा बिजली विभाग को आपूर्ति सुचारू रखने का निर्देश दिया गया।

विधायक ने कहा कि बड़हरा विधानसभा का बड़ा हिस्सा गंगा और कुछ गांव सोन नदी से घिरे हैं। हर वर्ष बाढ़ की आशंका बनी रहती है। इस बार दोनों नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, इसलिए समय रहते तैयारियां पूरी करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां भी तैयारी में कमी मिली है, उसे तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में शिक्षा पदाधिकारी विजय पांडेय, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी हेमावती, स्वास्थ्य प्रबंधक शिव कुमार, बाढ़ नियंत्रण विभाग के अभियंता, बीस सूत्री अध्यक्ष शुभम पांडेय, संजय कुमार सिंह, संतोष सिंह संटु, रंजीत गुप्ता, सौदागर बिंद, निशांत कुमार, मनोज सिंह, लल्लू सिंह समेत अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डूबने से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न मध्य विद्यालयों में शनिवार को सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत बच्चों को पानी में डूबने से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चुरामनचक, अतरुआ, महेशपुर, चकदुल्लम व मध्य विद्यालय मल्हीपुर में फोकल शिक्षकों द्वारा बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि बरसात के दिनों में उफनती नदी व घाटों के किनारे नहीं जाना चाहिए। नदी, तालाब एवं तेज बहाव वाले पानी में स्नान करने से बचना चाहिए और कभी भी पुल-पुलिया से कूदकर स्नान नहीं करना चाहिए। तालाब जैसी जगहों पर उतरना आवश्यक हो तो पहले गहराई का पता लगा लें। साथ ही बचाव के तरीके भी बताए गए।

# नौ साल पुराने हत्याकांड में तीन को उम्रकैद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** रतनपुर थाना क्षेत्र के पिपरा में वर्ष 2017 में हुई होमगार्ड जवान मंटून राय की हत्या के मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-11 मनोज कुमार की अदालत ने चंदन सिंह, नंदन सिंह और विमल राय को धारा 302/149 भादवि के तहत उम्रकैद और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा दी। इसके अलावा धारा 120बी भादवि में तीन वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड तथा 27 आर्म्स एक्ट में तीन वर्ष सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। घटना 4 अप्रैल 2017 की है। रतनपुर थाना क्षेत्र के पिपरा-इटवा तीनमुहान रोड पर मंटून राय की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिसिया जांच शुरू हुई और मामले में कुल 12 लोगों को नामजद किया गया। जांच के क्रम में चंदन सिंह, नंदन सिंह, विमल राय और सावित्री देवी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ। सुनवाई आगे बढ़ी, लेकिन इसी दौरान सावित्री देवी की मृत्यु हो गई। यह मुकदमा सत्र वाद संख्या 9/18 के तहत चला। अदालत ने 27 नवंबर 2018 को आरोप तय किए। इसके बाद गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर सुनवाई आगे बढ़ती रही। अभियोजन ने कुल आठ गवाह पेश किए। मृतक के भाई एवं सूचक प्रमोद राय सहित कई परिजनों और गवाहों ने अदालत में अपनी बात रखी। अनुसंधानकर्ता अमित कुमार तथा चिकित्सक डॉ. कुमार सिंह की गवाही भी रिकॉर्ड पर आई। मामले की सुनवाई के दौरान मृतक के परिवार को गवाही से दूर रखने के लिए कथित रूप से धमकी और दबाव दिए जाने की बात सामने आई। बावजूद इसके परिवार ने कानूनी लड़ाई जारी रखी। मृतक के भाइयों और पुत्र ने न्यायालय में गवाही दी।

इन्हीं गवाहियों और मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर 12 अगस्त 2026 को अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया। शनिवार को सजा सुनाए जाने के साथ मामले में एक महत्वपूर्ण न्यायिक पड़ाव पूरा हुआ। मामले में अभियोजन की ओर से अधिवक्ता गोपाल कुमार साहू ने पैरवी की। वहीं सूचक की ओर से वरीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से पक्ष रखा और मामले से जुड़े साक्ष्यों एवं गवाहियों को मजबूती के साथ प्रस्तुत किया।

# आलू निकालने गई महिला को कोबरा ने डंसा, 36 वायल एंटी-स्नेक वेनम देकर बचाई जान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घर की देहरी पर रखे आलू निकालने गई एक 55 वर्षीय महिला को आलू के बीच छिपे कोबरा ने दाहिने हाथ में डंस लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे समस्तीपुर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां अस्पताल पहुंचने तक महिला की स्थिति काफी नाजुक हो चुकी थी। पल्स नहीं मिल रहा था और ब्लड प्रेशर भी काफी कम हो गया था। चिकित्सकों की ओर से रेफर करने की तैयारी के बीच अस्पताल के दो कर्मियों ने सीपीआर और ऑक्सीजन सपोर्ट देकर इलाज शुरू किया। बाद में महिला को कुल 36 वायल एंटी-स्नेक वेनम दिया गया। करीब 24 घंटे के उपचार के बाद महिला की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है और उसे आईसीयू में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर थाना क्षेत्र के खजुरी वार्ड संख्या-2 निवासी ठिठर ठाकुर की पत्नी गायत्री देवी अपने पति के साथ रहती हैं। उनके दोनों पुत्र दूसरे प्रदेश में रहते हैं। शुक्रवार सुबह वह सब्जी बनाने के लिए घर की देहरी पर रखे आलू निकालने गई थीं। इसी दौरान आलू के बीच छिपे कोबरा ने उनके दाहिने हाथ में डंस लिया। महिला के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने तक गायत्री देवी अचेत हो चुकी थीं। उनका पल्स नहीं मिल रहा था और ब्लड प्रेशर काफी नीचे चला गया था। ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर करने की तैयारी शुरू की। इसी दौरान गले के पास सांस चलने के संकेत मिलने पर अस्पताल कर्मी अखिलेश कुमार ने सीपीआर देना शुरू किया। कुछ देर बाद महिला के शरीर में हलचल महसूस हुई और पल्स भी मिलने लगा। इसके बाद महिला को तत्काल एंटी-स्नेक वेनम की 10 वायल दी गईं। इसके बावजूद उनकी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। ऑक्सीजन का स्तर भी काफी कम था और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट की आवश्यकता बताई गई। परिजनों के पास तत्काल निजी अस्पताल ले जाने की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में अस्पताल कर्मी अखिलेश कुमार और नीरज ने इमरजेंसी वार्ड में उपलब्ध संसाधनों से ऑक्सीजन सपोर्ट देना शुरू किया।

# कॉलेज में त्रैमासिक पत्रिका शालिग्राम का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** राजकीय डिग्री महाविद्यालय, नावकोठी में शुक्रवार को महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका 'शालिग्राम' के प्रथम अंक का विमोचन किया गया। महाविद्यालय में पत्रिका के प्रकाशन की शुरुआत की गई है। विमोचन कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार, पूर्व प्राध्यापक सह बरसर डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. भावना कुमारी, डॉ. शिवम तिवारी, डॉ प्रियांशु कुमार, डॉ ज्योति कुमारी, डॉक्टर सुमन कुमार, डॉक्टर अमितेश प्रकाश एवं नंदिता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में डॉक्टर मिथिलेश कुमार अपने हाथों से प्राचार्य अंजनी कुमार को 'शालिग्राम पत्रिका' भेंट किया। यह त्रैमासिक पत्रिका डॉक्टर मिथिलेश कुमार के कलमो से लिखी गई विमोचन है।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अंजनी कुमार ने कहा कि 'शालिग्राम' महाविद्यालय की शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को अभिव्यक्ति देने वाला महत्वपूर्ण मंच बनेगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपने विचार, प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को सामने रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पत्रिका का पहला अंक 'नशा : समस्या और समाधान' जैसे गंभीर एवं समसामयिक विषय पर केंद्रित है। प्राचार्य ने कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति आज व्यक्ति और परिवार के साथ-साथ पूरे समाज एवं राष्ट्र के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उनमें विवेक, संस्कार, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वस्थ जीवन मूल्यों का विकास करना भी है। उन्होंने कहा कि 'शालिग्राम' ज्ञान और सृजन का ऐसा मंच है, जो महाविद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों को समाज से जोड़ने के साथ विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करेगा। यह पत्रिका महाविद्यालय की पहचान और सामाजिक सरोकारों को नई अभिव्यक्ति देने के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मौके पर रूपा भारती, अमर कुमार, रितेश कुमार, रूप, चांदनी, कोमल कुमारी, एलडीसी गिरीश कश्यप, राम कौशल महतो, सुनील कुमार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शिक्षा हेतु 10 लाख तक के ऋण का विकल्प : जिला प्रशासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाले शिक्षा ऋण में कमी किए जाने संबंधी खबर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता के दायरे को और विस्तारित किया गया है।उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के अनुसार, अब 2 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि 2 लाख से 4 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पूर्व बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम के माध्यम से ही 4 लाख रुपये तक की राशि दी जाती थी। बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल एवं बैंकों से जोड़ने का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को संस्थागत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के माध्यम से 10 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता के विकल्पों का विस्तार किया गया है।वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 886 करोड़ रुपये के व्यय की स्वीकृति दी गई थी, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 950 करोड़ रुपये के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। यानी पिछले वर्ष की तुलना में 64 करोड़ रुपये अधिक राशि स्वीकृत की गई है। उपलब्ध आंकड़े स्पष्ट दर्शाते हैं कि वित्तीय सहायता का प्रावधान कम नहीं किया गया है, बल्कि विकल्प बढ़ाए गए हैं। जिला प्रशासन, बेगूसराय ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे योजना से संबंधित जानकारी के लिए आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें और भ्रामक खबरों से बचें।

# बेटे की चाहत में पत्नी से मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** उजियारपुर थाना क्षेत्र के अकहा रायपुर गांव की एक महिला ने पति पर बेटे की चाहत में प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता कुमकुम देवी अपनी चारों मासूम बेटियों के साथ महिला थाना पहुंचीं और पति एवं ससुराल वालों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजकुमार चौधरी की बेटी कुमकुम देवी की शादी वर्ष 2017 में विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सुरौली वार्ड संख्या पांच निवासी टुनटुन मिश्रा के साथ हुई थी। शादी के बाद वह पति और ससुराल वालों के साथ रह रही थी। वैवाहिक जीवन के दौरान कुमकुम देवी ने चार बेटियों को जन्म दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति को बेटे की चाहत थी और चार बेटियां होने के बाद उसका व्यवहार लगातार बदलता गया। कुमकुम देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि बेटा नहीं होने की बात को लेकर पति उसे अक्सर प्रताड़ित करता था। छोटी-छोटी बातों पर विवाद किया जाता था और मारपीट भी की जाती थी। पीड़िता के अनुसार चौथी बेटी के जन्म के बाद पति का गुस्सा और बढ़ गया। इसके बाद उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। घर से निकाले जाने के बाद कुमकुम देवी अपनी चारों बेटियों को लेकर मायके पहुंचीं और पिता राजकुमार चौधरी को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पिता के साथ महिला थाना पहुंचकर पति एवं ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी सबसे बड़ी बेटी सपना कुमारी छह वर्ष की है। दूसरी बेटी सन्नू कुमारी तीन वर्ष, तीसरी बेटी श्वेता कुमारी करीब ढाई वर्ष और सबसे छोटी बेटी वैष्णवी कुमारी एक वर्ष की है। चारों बच्चियां अभी छोटी हैं और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी पूरी तरह मां पर है। ऐसे में पति द्वारा घर से निकाले जाने के बाद बच्चों के पालन-पोषण को लेकर भी उसके सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। महिला थाना अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने बताया कि कुमकुम देवी की ओर से पति एवं ससुराल वालों के खिलाफ लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन की जांच की जा रही है।

# राहुल दुबे गैंग से मुठभेड़ में दो अपराधी घायल, हथियारों के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात पुलिस और राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंग के दो सदस्य पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि एक अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गया। घायल दोनों अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, 21/22 अगस्त की रात करीब 2:30 बजे पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को सूचना मिली थी कि राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य गिद्दी थाना क्षेत्र के कोयला खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग क्षेत्र में किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। एसआईटी टीम ने उरीमारी ओपी प्रभारी समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों के सशस्त्र बल के साथ बुकरु गांव के जंगल एवं गिद्दी-भुरकुंडा रोड स्थित पुराने कांटा घर के पास सघन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान रात करीब 3:50 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति मुरकुंडा की ओर से आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखकर तीनों अपराधी मोटरसाइकिल मोड़कर भागने लगे। इसी क्रम में असंतुलित होकर तीनों मोटरसाइकिल समेत गिर गए और उठकर जंगल की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने अपराधियों को रुकने के लिए कहा, लेकिन वे नहीं रुके। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर अपराधियों ने



पुलिस बल को निशाना बनाकर लगातार फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, छापेमारी दल ने सुरक्षित आड़ लेते हुए उन्हें बार-बार हथियार डालकर आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन अपराधी पुलिस पर रुक-रुक कर फायरिंग करते रहे। इसके बाद पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो अपराधी घायल हो गए। एक अपराधी के दाहिने पैर में घुटने के पास तथा दूसरे के बाएं पैर में एड़ी के ऊपर गोली लगी। वहीं तीसरा अपराधी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल अपराधियों ने पूछताछ में अपनी पहचान बादल कुमार और मोहित कुमार उर्फ पीटर के रूप में बताई। पुलिस के अनुसार, दोनों राहुल दुबे गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि राहुल दुबे गैंग के इशारे पर तथा वर्तमान में रामगढ़ जेल में बंद दीपक करमाली उर्फ नेपाली के कहने पर वे एक अन्य साथी के साथ गिद्दी थाना क्षेत्र में लेवी वसूली के उद्देश्य से भय और दहशत फैलाने पहुंचे थे। बताया गया कि कोयला खनन क्षेत्र एवं ट्रांसपोर्टिंग रोड पर चलने वाले हाईवा वाहनों पर फायरिंग करने के लिए उन्हें हथियार और गोलियों के साथ भेजा गया था। गिरफ्तार अपराधी बादल कुमार, पिता मेवा राम उर्फ बिनोद राम, निवासी हनुमानगढ़ी, सीसीएल कॉलोनी, थाना पतरातु, जिला रामगढ़। मोहित कुमार उर्फ पीटर, पिता अशोक कुमार साव, निवासी रसदा, थाना बासल, जिला रामगढ़। बरामद सामान, 2 देशी पिस्टल, 2 जिंदा गोली, 1 मिस फायर गोली, 4 खोखा, 1 मोटरसाइकिल, 2 मोबाइल फोन, राहुल दुबे के नाम के 3 पर्चे। दोनों घायल अपराधियों को पुलिस अभिरक्षा में तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस कार्रवाई का नेतृत्व अमित आनंद, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव ने किया। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक बड़कागांव अंचल शाहिद रजा, गिद्दी थाना प्रभारी मो. ईकबाल हुसैन, मुफ्फसिल थाना प्रभारी मुकेश कुमार, केरेडारी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय, उरीमारी ओपी प्रभारी रंथु उरांव, गिद्दी थाना के सशस्त्र बल तथा तकनीकी शाखा एवं संगठित अपराध शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी शामिल थे। गिद्दी थाना क्षेत्र में हुई इस कार्रवाई को हजारीबाग पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। फरार तीसरे अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 138 युवाओं को मिला ऑफर लेटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेला एवं भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखंड, रांची के निदेर्शानुसार जिला नियोजनालय, पलामू द्वारा आज दिनांक कराए गए। रोजगार मेले में शामिल अभ्यर्थियों की योग्यता, कौशल एवं उपलब्ध पदों के अनुरूप चयन प्रक्रिया के बाद 201 युवाओं को रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। वहीं, 138 युवाओं को विभिन्न ट्रेड एवं विभिन्न नियोक्ताओं द्वारा मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इससे युवाओं में उत्साह का माहौल रहा और उन्हें रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का



22.08.2026 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्मृति भवन (टाउन हॉल), मेदिनीनगर में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के 23 नियोजकों द्वारा विभिन्न ट्रेड एवं पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 1,234 रिक्तियां उपलब्ध कराई गईं। इनमें सर्विस एडवाइजर, सेंटर मैनेजर, मोबिलाइजर, सेल्स मैनेजर, ब्रांच मैनेजर, सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, मशीन ऑपरेटर, शिक्षक, सेल्स कंसल्टेंट, रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्समैन, डिलीवरी बॉय, ट्रेनर, टेक्नीशियन, हेल्पर सहित विभिन्न पद शामिल हैं। इन पदों के लिए पलामू, गढ़वा, लातेहार, हजारीबाग, रांची सहित गुजरात, पुणे, चेन्नई, बेंगलुरु, महाराष्ट्र एवं अन्य स्थानों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध महत्वपूर्ण अवसर मिला। इस अवसर पर उपायुक्त, पलामू श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। हमारा प्रयास केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के युवा जिस भी क्षेत्र में अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ना चाहते हैं, जिला प्रशासन उन्हें हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। युवा अपनी प्रतिभा, कौशल और मेहनत के बल पर न केवल स्वयं के लिए रोजगार के अवसर तैयार करें, बल्कि भविष्य में दूसरों के लिए भी रोजगार सृजन का माध्यम बनें।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारीबाग में खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन का निर्देश

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** उपायुक्त श्री हेमंत सती के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, हजारीबाग डॉ. शशि जायसवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-01 श्री मंजर हुसैन के नेतृत्व में हजारीबाग क्षेत्र



अंतर्गत विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों एवं दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मां शारदा स्वीट्स, डीसी ऑफिस के निकट, हजारीबाग का निरीक्षण किया गया। प्रतिष्ठान से खोवा एवं पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। वहीं रामलाल स्वीट्स, सिंदूर से मिल्क केक का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य जांच खाद्य प्रयोगशाला, नामकुम, रांची भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मां शारदा स्वीट्स में पांच केन एक्सपायर्ड स्प्राइट पाए गए, जिन्हें खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा तत्काल नष्ट कराया गया। प्रतिष्ठान संचालक को निर्देश दिया गया कि किसी भी खाद्य सामग्री की बिक्री से पूर्व उसकी निर्माण तिथि एवं उपयोग की अंतिम तिथि की अनिवार्य रूप से जांच करें। एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री की बिक्री करते पाए जाने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सभी मिठाई एवं खाद्य प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों को अखबार में लपेटकर अथवा परोसकर ग्राहकों को उपलब्ध न कराया जाए। साथ ही मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों में मेटानिल येलो जैसे प्रतिबंधित रंगों का उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने सभी दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं गुणवत्ता से संबंधित निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन करने तथा ग्राहकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, श्री अमरीश पांडे, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-03 श्री नावेद अंजुम, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-04 सुश्री श्वेता त्रिपाठी सहित श्री विकास शर्मा, श्री सूरज कुमार एवं श्री धनैश्वर कुशवाहा शामिल थे।

### विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर 22 अगस्त को पुराना बस स्टैंड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दादी प्रकाशमणि जी की 19वीं पुण्यतिथि पर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगाया गया। शिविर का उद्घाटन ब्लड मैन निर्मल जैन, आयुष विभाग के डॉ. जयकुमार, वार्ड पार्षद प्रभा गुप्ता एवं केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हर्षा दीदी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ सुरेंद्र गुप्ता, देवचंद यादव और



संतोष कुमार ने रक्तदान कर किया। इसके बाद विनोद, किशोर भारती, मोहन, आयुष आर्यन, शशि प्रसाद, भुवनेश्वर मेहता, रमेश मेहता, पवन केसरी, कुंदन यादव, सनी सिंह, पप्पू केसरी और संजय गुप्ता सहित कुल 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। एसोसिएशन अध्यक्ष निर्मल जैन ने सभी रक्तदाताओं एवं आयोजकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और बताया कि इस शिविर से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को काफी राहत मिलेगी। हर्षा दीदी ने कहा कि पूरे भारत में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं, रक्तदान महादान है। शिविर को सफल बनाने में महक, भाग्य नंदिनी, माधुरी प्रसाद, जया श्रीवास्तव, पिंकी केसरी, रिंकू गुप्ता, टेक्नीशियन शमशाद, पूनम कुजूर, उदय कुमार और हामिद का विशेष सहयोग रहा। शिविर के अंत में उपस्थित सभी लोगों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाई गई।

### 21 ट्रकों में मवेशी लदे मिले, पुलिस ने रोका काफिला

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर-नईटांड़ के पास जीटी रोड पर शनिवार अहले सुबह करीब पांच बजे गश्ती के दौरान पुलिस ने मवेशियों से लदे 21 ट्रकों को रोक लिया। एक साथ इतने ट्रकों के रुकने से इलाके में हलचल मच गयी। पुलिस ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सभी ट्रकों में गोवंशीय पशु लदे थे. वाहनों के आगे और पीछे एनिमल कैरियर के बैनर लगे थे. बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बिनोद कुमार ने बताया कि वाहनों को रोककर पशुओं और उनसे संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है. जांच पूरी होने के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। पशुओं के सुरक्षित रखरखाव को लेकर बरकट्ठा पुलिस के सहयोग से फिलहाल उन्हें घंगरी में उतारकर रखा जा रहा है. पुलिस पशुओं की खरीद-बिक्री, परिवहन और अन्य संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है. साथ ही यह भी सत्यापित किया जा रहा है कि पशु दुधारू हैं अथवा उनके परिवहन में किसी तरह की अनियमितता है। पशु मालिकों के साथ महिला अधिवक्ता भी पशु मालिकों के साथ एक महिला अधिवक्ता भी कार से चल रही थीं। बताया गया कि वह प्रशासन को आवश्यक कानूनी जानकारी दे रही थीं। हालांकि, पत्रकारों के सवालों पर उन्होंने किसी तरह का बयान देने से इनकार कर दिया। पशु मालिकों ने पुलिस को बताया कि वे बिहार के काराकाट मवेशी मेला से पशुओं को बंगाल के विभिन्न खटालों में ले जा रहे हैं।

# लोकतंत्र से टकराने की दु:साहस न करे हेमंत सरकार : डॉ. रवीन्द्र राय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग ब्यूरो ।** भारतीय जनता पार्टी, जिला कार्यालय, हजारीबाग में ,डॉक्टर रविंद्र राय ,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद द्वारा प्रेस वार्ता कर कल 21 अगस्त 2026 को छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से पुतला दहन कार्यक्रम पूरे झारखंड प्रदेश के साथ-साथ हजारीबाग मतवारी मैदान में, किया जा रहा था ।जिसमें सरकार की पुलिस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा जिस तरह का निंदनीय कार्य किया गया,। भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। आगे डॉक्टर राय ने कहा कि छात्रों पर हमला सुनियोजित था। यह हमला रांची ,हजारीबग , गिरिडीह में विशेष तौर से की गई । हेमंत सरकार का तानाशाही तरीका कभी सफल नहीं होगा



।झारखंड में तो कभी संभव नहीं है । हेमंत सरकार का छात्र आंदोलन समाप्त करने का तरीका ही छलपूर्ण था। 25 से 30% नियुक्ति बेईमानी को बचाने के लिए 100% नौकरी समाप्त करना षड्यंत्र था। सरकार यह जानता था कि इस तरीके से कोर्ट का हस्तक्षेप होगा और नेताओं के चहेते बच जाएंगे ।इसीलिए सीबीआई जांच जरूरी है ।न्याय मांगने वालों की लाठी मिली हेमंत सरकार का सत्यानाश होना निश्चित है। इतिहास गवाह है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की गुंडागर्दी, खेत खलियान में लूट ,हिंसा और चंदा के रूप में रोड रोबरी करके अपना उल्लू सीधा करना झारखंड मुक्ति मोर्चा की पुरानी आदत है। वही चरित्र और मनोवृति फिर सामने आ रहा है ।कांग्रेस मौके का फायदा उठा रहा है और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कंधे गोली चल रहा है। सत्ता के शीर्ष पर बैठे राज्य सरकार के मुख्यमंत्री और नेताओं के द्वारा प्रायोजित तरीके से इनके लोगों द्वारा छात्रों पर हमला करवाया गया। आए दिन लोकतंत्र के तहत सांसद, विधायक, मंत्री, मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक का पुतला दहन कर विरोध किया जाता रहा है यह भी तरीका उन्हीं का एक हिस्सा था। जिसके तहत मुख्यमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम किया जा रहा था। आक्रमणकारी, पुलिस के संरक्षण में थे और यह कहना चाहते हैं, कि विनाश काले विपरीत बुद्धि, हेमंत सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है फूटने का समय आ गया है। लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई में भारतीय जनता पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है। यह चरितार्थ सिद्ध होता प्रतीत हो रहा है कि जब नाश मनुष्य पर आता है, पहले विवेक मर जाता है । सता का दुरुपयोग करने का आदत तो कांग्रेस को पहले से था। एक तो नीम, और दूसरा करेला दोनों एक साथ हो गए हैं। प्रेस वार्ता कार्यक्रम में जिला महामंत्री सह जिला मीडिया प्रभारी,जय नारायण प्रसाद एवं जिला कार्यालय प्रभारी विवेक सिंह जी उपस्थित थे।

# गिरिडीह में आज प्रस्तावित आक्रोश यात्रा पर रोक, प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** शहर में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर 22 अगस्त को प्रस्तावित आक्रोश यात्रा की अनुमति प्रशासन ने नहीं दी है। अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह धीरेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा की अनुमति देने से तनाव बढ़ने और विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका थी जनता जागरूकता संघ वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आक्रोश यात्रा की अनुमति मांगी गई थी। आवेदन में 21 अगस्त को छात्रों के विरोध प्रदर्शन और एमएमडीआरएबी 2026 को लेकर शांतिपूर्ण धरना दिए जाने तथा बाद में दो पक्षों के बीच हुई झड़प का उल्लेख किया गया था। एसडीओ ने कहा कि आमजनों की सुरक्षा, शांति और विधि-व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यात्रा की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने सभी पक्षों और आम लोगों से संयम बरतने तथा ऐसा कोई कदम नहीं उठाने की अपील की है, जिससे शहर की शांति प्रभावित हो। संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# छात्रों से मारपीट पर गरमाई सियासत, भाजपा ने खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाबूलाल मरांडी बोले- छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश लोकतंत्र की हत्या, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग**

**गिरिडीह ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करने पहुंचे छात्रों और झामुमो कार्यकर्ताओं के बीच हुई मारपीट का मामला अब पूरी तरह सियासी रंग ले चुका है। शनिवार को गिरिडीह परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घटना को लेकर राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला और इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों और युवाओं की आवाज दबाने के लिए बल और दबाव का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग, रांची और गिरिडीह में छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं बेहद गंभीर और शर्मनाक हैं। उन्होंने वायरल वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की



पहचान होने का दावा करते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।उन्होंने गिरिडीह की घटना को सुनियोजित बताते हुए झामुमो कार्यकर्ता इमरान अजीज खान के सोशल मीडिया संदेश की भी जांच कराने की मांग की। मरांडी ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने की किसी भी कोशिश को भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी छात्रों और युवाओं के साथ सड़क से सदन तक मजबूती से खड़ी रहेगी।भाजपा नेता ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दमन की नीति छोड़कर छात्रों की मांगों और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ता आक्रोश आने वाले दिनों में सरकार के लिए राजनीतिक चुनौती बन सकता है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत राय, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, दिलीप वर्मा, चुन्नूकांत, अशोक उपाध्याय, सुनील पासवान, महादेव दुबे, सुभाष सिन्हा, नवीन सिन्हा, सुरेश प्रसाद मंडल, राजेश जायसवाल, मुकेश जालान, सिकंदर हेम्ब्रम, सुनीत सिंह, मिथुन चंद्रवंशी, अरविंद बरनवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि छात्रों के साथ हुई मारपीट के मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होने तक पार्टी इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाती रहेगी।

# छात्र मारपीट विवाद पर गरमाई सियासत आंदोलन के तरीके पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** छात्रों से मारपीट की घटना के बाद गिरिडीह की राजनीति में आरोप प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक विश्लेषण के साथ-साथ आंदोलन के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठने लगे हैं। बयान में कहा गया कि झामुमो की राजनीति में आदिवासी और मुस्लिम समाज महत्वपूर्ण आधार रहे हैं, लेकिन दोनों समुदायों से मजबूत स्वतंत्र नेतृत्व के उभरने की कमी महसूस होती है। आरोप लगाया गया कि इन समुदायों को अक्सर राजनीतिक रूप से वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया जाता है। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में दोनों समुदायों की बड़ी आबादी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि यदि ये समाज अपना मजबूत नेतृत्व विकसित करें तो राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। वहीं जमीन और सत्ता से जुड़े मामलों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए। खासकर गरीबों की जमीन से जुड़े मामलों में राजनीतिक प्रभाव के इस्तेमाल की बात कही गई। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुतला दहन को लेकर टकराव पर चिंता हेमंत सोरेन का पुतला दहन करने को लेकर भाजपा की तैयारी और उसे रोकने की कोशिश को लेकर भी सवाल उठाए गए। बयान में कहा गया कि लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करना सभी का अधिकार है, लेकिन आंदोलन के नाम पर आपसी टकराव उचित नहीं है प्रशासन द्वारा प्रस्तावित आक्रोश यात्रा की अनुमति नहीं दिए जाने के बाद टकराव की आशंका को लेकर चिंता जताई गई है। कहा गया कि यदि भाजपा और झामुमो दोनों पक्ष अपनी-अपनी तैयारी में जुटे हैं, तो स्थिति बिगड़ सकती है। ऐसे में आंदोलनकारियों से आपस में बातचीत कर तालमेल बनाने की अपील की गई छात्र कहीं का भी हो, अपना हैह्व बयान देने वाले ने कहा कि छात्रों के साथ हुई घटना के बाद वे अस्पताल भी गए थे, क्योंकि छात्र किसी भी संगठन या विचारधारा का हो, उसके साथ मारपीट को सही नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि सत्ता की ओर से लिया गया निर्णय गलत हो सकता है, लेकिन उसका जवाब टकराव से देने के बजाय बातचीत और लोकतांत्रिक तरीकों से दिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आंदोलन के कई लोकतांत्रिक रास्ते मौजूद हैं और जल्दबाजी में उठाया गया कदम माहौल को और खराब कर सकता है। प्रशासन की कार्रवाई को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि माहौल खराब होने की आशंका है तो राजनीतिक दलों को संयम से काम लेना चाहिए। अगर मैं जेएमएम जिलाध्यक्ष होता तो भाजपा नेताओं को माला पहनाताह्वबयान में राजनीतिक व्यंग्य करते हुए कहा गया कि यदि वे झामुमो के जिलाध्यक्ष होते तो भाजपा नेताओं का स्वागत करते और उनसे सवाल पूछते कि जब प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन हो रहा था।

# वरीय अधिवक्ता अविनाश यादव के निधन से शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार बार काउंसिल के पूर्व सचिव एवं 70 वर्षीय वरीय अधिवक्ता अविनाश यादव का पटना स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से अधिवक्ता समाज सहित जिले के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है। मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचाने जाने वाले अविनाश यादव के निधन पर सांसद तारिक अनवर ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सांसद तारिक अनवर ने अपने शोक संदेश में कहा कि वरीय अधिवक्ता अविनाश यादव का व्यक्तित्व बेहद मिलनसार था। उनके निधन से व्यक्तिगत रूप से भी उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिजनों एवं शुभेच्छुओं को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। वहीं सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने अविनाश यादव के आवास पर पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए और पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# खेल महोत्सव का पोस्टर लॉन्च, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने स्वीकार किया आमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**8.30 लाख रुपये के नगद पुरस्कार, 1200 से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल, 29 से 31 अगस्त तक कर्जन ग्राउंड में होगा आयोजन**

**हजारीबाग ब्यूरो।** खेल महोत्सव 2026 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। झारखंड के खेल एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने खेल महोत्सव का पोस्टर लॉन्च किया और 29 से 31 अगस्त तक बाबू कुंवर सिंह स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड), हजारीबाग में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय खेल महोत्सव में शामिल होने का आमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर हजारीबाग के महापौर अरविंद कुमार राणा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, गिरिडीह की महापौर प्रमिला मेहरा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सुनील कुमार तथा सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष सह आयोजन समिति के सदस्य चंदन मेहता मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को खेल महोत्सव में शामिल होने का



आमंत्रण दिया और उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही आयोजन की तैयारियों एवं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि झारखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार का प्रयास खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं, उचित मंच और अपनी प्रतिभा निखारने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में आयोजित होने वाला खेल महोत्सव खिलाड़ियों के लिए निश्चित रूप से उत्साहवर्धक साबित होगा। ऐसे आयोजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर देते हैं और झारखंड के खेल भविष्य को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। जिला प्रशासन के सहयोग से ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसमें 1200 से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए करीब 8.30 लाख रुपये की नगद पुरस्कार राशि रखी गई है। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि खेल महोत्सव जिले के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बड़ा अवसर है। जिला प्रशासन और ओलंपिक संघ के सहयोग से आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव के माध्यम से खिलाड़ियों में अनुशासन, खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने के साथ हजारीबाग को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा कि खेल महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य हजारीबाग और झारखंड की खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। जिले में प्रतिभाओं की भरमार है, जरूरत केवल उन्हें सही अवसर और अपनी प्रतिभा साबित करने के लिए उपयुक्त मंच देने की है। उन्होंने कहा कि 29 से 31 अगस्त तक कर्जन ग्राउंड में खिलाड़ियों की प्रतिभा, उत्साह और खेल भावना का शानदार संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति की ओर से खिलाड़ियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

# मेह पुल पर भारी वाहनों के परिचालन हेतु वैकल्पिक मार्ग की सुविधा पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर बारूण-नवीनगर पथ के 11वें किमी में मेंह के पास सोन उच्चस्तरीय नहर पर स्थित क्षतिग्रस्त उच्चस्तरीय पुल की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त पुल से भारी वाहनों के परिचालन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में शनिवार को उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक आहूत की गई। वर्तमान में एनटीपीसी प्लांट के द्वितीय यूनिट के विस्तार एवं निर्माण कार्य के कारण इस क्षेत्र में भारी वाहनों का आवागमन काफी बढ़ा हुआ है। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुल से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक



लगाए जाने के पश्चात अम्बा एवं नवीनगर क्षेत्र में यातायात दबाव बढ़ने तथा जाम की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा जल संसाधन विभाग एवं पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए भारी वाहनों के परिचालन हेतु वैकल्पिक मार्गों की संभावनाओं का शीघ्रता से आकलन एवं अन्वेषण करने का निर्देश दिया गया है, ताकि मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव कम किया जा सके तथा आमजनों को आवागमन में कम से कम असुविधा हो। साथ ही, जिलाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी ट्रैफिक को संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक यातायात प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने तथा संबंधित थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य भारी वाहनों के आवागमन को सुव्यवस्थित करना, संभावित जाम की स्थिति को नियंत्रित करना तथा आम नागरिकों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करना है। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, गोपनीय प्रभारी श्वेतांक लाल, कार्यपालक अभियंता आरसीडी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की सुरक्षा एवं सुगम यातायात को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने आमजनों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि क्षतिग्रस्त पुल की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करें।

# खनिज व यातायात चालान से संबंधित मामलों के निस्तारण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां जोरों पर है। अधिकाधिक मामलों के निस्तारण एवं आमजन को इसका लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल द्वारा अपने प्रकोष्ठ में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ दो महत्वपूर्ण समन्वय बैठकें आयोजित की गईं। प्रथम बैठक में जिला खनिज विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने भाग लिया। बैठक में खनिज विभाग से संबंधित निस्तारण योग्य मामलों को चिन्हित करने, आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराने तथा पात्र मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कर सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। द्वितीय बैठक में यातायात डीएसपी अविनाश कुमार कश्यप ने भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से यातायात चालान से संबंधित मामलों के निस्तारण एवं आमजन में जागरूकता उत्पन्न करने के संबंध में चर्चा की गई। खनिज विभाग से संबंधित मामलों में सचिव ने निर्देशित किया कि निस्तारण योग्य मामलों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आवश्यक अभिलेखों के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किया जाए, ताकि अधिकाधिक मामलों का सुलह एवं समझौते के आधार पर निस्तारण किया जा सके। सचिव ने कहा कि लोक अदालत केवल मामलों के निस्तारण का मंच नहीं, बल्कि आम नागरिकों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी उपायों के प्रति जागरूक करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं यातायात चालान से संबंधित मामलों के सचिव ने पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निस्तारण की सुविधा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया जाना आवश्यक है। इसके लिए यातायात विभाग एवं संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से आम नागरिकों को यह जानकारी उपलब्ध कराई जाए कि विधि के अनुसार निस्तारण योग्य यातायात चालान से संबंधित मामलों का लोक अदालत में सरल एवं त्वरित तरीके से समाधान कराया जा सकता है।

## 63 लोगों को किया गया गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 63 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 23 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, एसटी-एससी एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में 14, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 39 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 29.1 लीटर देसी शराब एवं 240 लिटर स्पिरिट बरामद किया गया है।

## बाल श्रम के खिलाफ एक्शन, तीन बच्चों को कराया गया विमुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बाल श्रम के खिलाफ चलाएं गए अभियान के फलस्वरूप एक स्वीट्स एंड डोसा प्लाजा से तीन बच्चों को विमुक्त किया गया है। शनिवार को डीएम अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अंतर्गत श्रम अधीक्षक अंजु कुमारी द्वारा गठित धावा दल ने औरंगाबाद एवं दाउदनगर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में दाउदनगर अनुमंडल अंतर्गत दाउदनगर प्रखंड के भखरुआ मोड़ अंतर्गत कान्हा स्वीट्स एंड डोसा प्लाजा से तीन बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया। विमुक्त कराए गए सभी बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता के रूप में 3,000 की राशि प्रदान की गई। साथ ही, सभी बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। दोषी नियोजक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत दोषी नियोजक को 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास तथा 20,000 रुपये से 50,000 रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के आलोक में दोषी नियोजक से 20,000 रुपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराई जाएगी।

## दो घरों में चोरी

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दाउदनगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर अज्ञात चोरों ने दाउदनगर थाना क्षेत्र में देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना एनएच-120 के दाउदनगर-गोह-गयाजी रोड स्थित रेपुरा गांव की है। जहां दो घरों को निशाना बनाकर चोरों ने अपने मनसूबों को अंजाम दिया। चोर घर में रखे बक्सा, मोबाइल, जेवरात और नकद राशि समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गये। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह घरवालों और ग्रामीणों के जागने के बाद हुई। रेपुरा निवासी दूधनाथ मिस्त्री के घर में चोर घुस गये और घर में रखा बक्सा लेकर फरार हो गये। चोरों ने बक्से को घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे ले जाकर तोड़ दिया।

## धूमधाम से मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की 529वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्या निकेतन, दाउदनगर के सभागार में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की 529वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता और सीईओ आनंद प्रकाश ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित एवं पूजन कर की। विद्यालय के अकाउंटेंट रामानुज दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास महान संत थे।



सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारा और समाज को सत्य, धर्म एवं सदाचार का मार्ग दिखाया। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास आज पूरे भारतवर्ष के लिए आदर्श हैं। वहीं टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि भगवान श्रीराम सभी के आदर्श हैं और उनके जीवन चरित्र को रामचरितमानस के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में तुलसीदास का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।इनमें कक्षा दसवीं के अंकित पाण्डेय, नौवीं के शुभम कुमार एवं आकृति दुबे, आठवीं के राहुल कुमार, सातवीं के अंशिका कुमारी एवं आयुष रंजन, छठी के साक्षी कुमारी एवं सिद्धि पाठक, पांचवीं के पीयूष रंजन एवं अनमोल कुमार तथा चौथी की वैष्णवी पांडेय सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रशासक संदीप कुमार, शिक्षक राजेश पांडेय, गिरिजा ठाकुर, सुमित कुमार सोनी, अखिलेश कुमार सिंह, अमितेश नंदन, सत्येंद्र कुमार, शिवम कुमार, रामारानी जैन, सुमन कुमारी, रिया कुमारी, मनीषा कुमारी आदि थे।

## विभिन्न आपराधिक मामलों में छह गिरफ्तार

**मदनपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर थाना की पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में अलग-अलग अपराधों में सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मदनपुर निवासी मो. इबरार, मो. इरफान, मो. इमरान के विरुद्ध न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में गिरफ्तार किया गया है। शराब बेचने के आरोप बड़की एरकी निवासी किशुन यादव, भीतर दोकरी निवासी टुकटुक कुमार को शराब पी कर हंगामा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं खिरियावां टोले चौधरी बिगहा से 42 लीटर के साथ श्रवण कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में बूथस्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर अम्बा के एक रिजॉर्ट में आज प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि करने के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरु मौजूद रहें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संगठन में अनुशासन, सदाचार और सत्य के साथ ही महात्मा गांधी के दिए विचारों को आत्मसात करते हुए कांग्रेस को आगे बढ़ना है। कांग्रेस ने देश में लोकतंत्र को स्थापित



किया है और हमारे प्रखंड अध्यक्ष की वैचारिक मजबूती के लिए यह प्रशिक्षण बेहद जरूरी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 20 जिलों के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों का राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, सदाचार और सादगी पर आधारित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रखंड अध्यक्ष हमारे संगठन की रीढ़ हैं। प्रशिक्षण शिविर के प्रभारी संयोजक प्रो. रंजीत मिश्र ने कहा कि यह पांचवां प्रशिक्षण शिविर है और लगभग सभी जिलों के प्रखंड अध्यक्षों का प्रशिक्षण संपन्न हो चुका है लेकिन 20 जिलों के ऐसे प्रखंड अध्यक्षों को इस प्रशिक्षण शिविर में बुलाया गया है जो पहले के प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हो सकें थे, वें भी शामिल हुए हैं और संगठन सृजन अभियान द्वारा चयनित नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्षों को दो दिनों तक सात राजनीतिक सत्रों में कांग्रेस के उद्भव से लेकर संघर्ष तक को समावेशित करेंगे। साथ ही प्रभात फ़ेरी, गांधी भजन के साथ मनोरंजन के लिए भी अलग से सत्र संचालित होंगे। प्रखंड अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर का आज पहला दिन है जिसमें चार सत्रों और संध्या में सांस्कृतिक सत्र का संचालन किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का संचालन संयोजक प्रो. रंजीत मिश्र और सत्रों का संचालन प्रशिक्षक राजकुमार मीणा ने किया। प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, पंकज यादव, डॉ. अमन कुमार, सत्येंद्र नारायण, अरविंद शर्मा, डॉ अनिता कुमारी, पूनम यादव, डॉ शशि शेखर, शैलेन्द्र मिश्र सहित अन्य शामिल हुए। इस दौरान ई. सुरेन्द्र यादव, संजय यादव आदि थे।

## 97 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डीएम अभिलाषा शर्मा द्वारा सहयोग शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि सहयोग शिविर के अंतर्गत जिले में कुल 14,348 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 13,857 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। इस प्रकार आवेदनों के निष्पादन की दर 97 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं सार्थक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के चल रही दो एजेंसियों पर छापेमारी, एक सील, दूसरे से 24 घंटे में मांगा दस्तावेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी एवं मोटरयान निरीक्षक सुजीता कुमारी द्वारा जिले में वाहन विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस क्रम में देव एवं मदनपुर स्थित दो मोटरसाइकिल एजेंसियों की जांच की गई। देव स्थित हिरों मोटरसाइकिल एजेंसी के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रतिष्ठान का संचालन बिना ट्रेड लाइसेंस के किया जा रहा था तथा वहां से मोटरसाइकिलें पाई गईं। आवश्यक वैधानिक प्रावधानों का अनुपालन नहीं किए जाने के कारण उक्त एजेंसी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। वहीं, मदनपुर स्थित यूनिवर्सल हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी की भी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान एजेंसी के स्टॉक में कुल 38 वाहन पाए गए। जांच के दौरान संबंधित संचालक द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए 24 घंटे का समय मांगा गया, जिस पर उन्हें निर्धारित अवधि के भीतर सभी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। दस्तावेजों की जांच के उपरांत नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी ने बताया कि बिना ट्रेड लाइसेंस के किसी वाहन विक्रय प्रतिष्ठान द्वारा वाहनों की बिक्री नहीं की जा सकती है। ऐसी स्थिति में वाहनों के बिना विधिवत पंजीकरण के सड़क पर परिचालन की संभावना बढ़ जाती है जिससे सरकार को राजस्व की हानि होती है। साथ ही, बिना पंजीकरण अथवा वैध दस्तावेजों के वाहनों के सड़क पर परिचालन से दुर्घटना की स्थिति में संबंधित वाहन एवं उसके स्वामी की पहचान करने में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि वाहन विक्रेताओं द्वारा निर्धारित नियमों एवं वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना अनिवार्य है। जिले में बिना लाइसेंस एवं अनुमति के वाहन विक्रय एवं संचालन करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## दो शातिर जालसाज गिरफ्तार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गोह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के मकसूदपुर गांव निवासी स्व. अर्जुन सिंह के पुत्र शिवू सिंह एवं स्व. कृष्णा मालाकार के पुत्र सोनू मालाकार के रूप में हुई है। घटना में प्रयुक्त एक अपाची बाइक को भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, आठ अगस्त को गोह बस स्टैंड के पास स्थित एसबीआई एटीएम में उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव निवासी योगेंद्र राम की पत्नी सुमित्रा देवी पैसे निकालने गई थीं। इसी दौरान दो युवकों ने उनका कार्ड बदल दिया और बाद में उनके खाते से 60 हजार रुपये की निकासी कर ली। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य उपयुक्त साक्ष्यों की मदद से आरोपियों की पहचान की। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दोनों एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## आहर में डूबने से युवक की मौत

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के केशौर गांव के आहर में डूबने से 32 वर्षीय युवक सुनील कुमार की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया है और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी अशोक शर्मा का पुत्र था। परिवार वालों ने बताया कि सुनील कुमार शुक्रवार की रात से गायब था।